3 बस्तर संभाग
गणतंत्र दिवस की तैयारी का किया गया अंतिम रिहर्सल

6 अभिमत
पर्यटन में अभूतपूर्व प्रगति की उम्मीद

10 संस्कारधानी
निविदा के बाद भी दो माह से कार्यादेश लंबित...

11 छत्तीसगढ़
स्कूल बसों में सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 25 जनवरी 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 154 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### मतदाता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगी राष्ट्रपति




**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित 13 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगी जबकि केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री किरण रिजिजू इसमें अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस का थीम ' वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' है जो उन मतदाताओं को समर्पित है जो मत के जरिये चुनावी प्रक्रिया में शामिल होकर अपनी भावना व्यक्त करते हैं। इसका लोगो चुनावी प्रक्रिया में उत्साह तथा समावेशिता की भावना को दर्शाता है। लोगो की पृष्ठभूमि में अशोक चक्र दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का प्रतीक है जबकि स्याही के निशान वाली उंगली देश के प्रत्येक मतदाता के प्रतिनिधित्व के बारे में बताती है। लोगो में लगा निशान मतदाता के जागरूक निर्णय के लिए है। राष्ट्रपति इस समारोह में वर्ष 2022 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी।

### सोशल मीडिया पर केंद्र सरकार से संबंधित खबरों को परखने वाले प्रस्तावित संशोधन वापस लेने की मांग

**नई दिल्ली।** इंडियन न्यूजपेपर सोसायटी (आईएनएस) ने सोशल मीडिया पर केंद्र सरकार से संबंधित खबरों को तथ्यात्मक कसौटी पर रखने के लिए प्रस्तावित सूचना प्रौद्योगिकी नियम-2021 संशोधन प्रारूप पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे वापस लेने की मांग की है। आईएनएस ने केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से प्रस्तावित नियम वापस लेने के साथ ही खबरों को परखने के वास्ते एक तंत्र बनाने के लिए सभी संबंधित पक्षों से परामर्श करने की मांग की है। आईएनएस ने केंद्रीय सूचना मंत्रालय के प्रेस सूचना ब्यूरो या केंद्र सरकार द्वारा अधिकृत संस्था के माध्यम से खबरों की तथ्यात्मक परख करने का प्रावधान करने वाले प्रस्तावित नियम की धारा 3 (1) (बी)(5)पर विशेष रूप से चिंता व्यक्त की। सोसायटी का मानना है कि यह नियम भारत में प्रेस के कामकाज को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा।

# सीएम भूपेश बस्तरवासियों को देंगे 133 करोड़ के 98 विकास कार्यों की सौगात

## जगदलपुर में गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में शामिल होने बस्तर जाएंगे मुख्यमंत्री



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 25 और 26 जनवरी को अपने दो दिवसीय बस्तर प्रवास रहेंगे। जगदलपुर में गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में शामिल होने के लिए बस्तर पहुंच रहे मुख्यमंत्री बघेल अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान 25 जनवरी को गिरोला में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 133 करोड रुपए के 98 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार जगदलपुर के धरमपुरा में आयोजित छात्रावासी विद्यार्थियों के संभागीय सम्मेलन में भी शामिल होंगे। इसके पश्चात् लामनी पार्क में निर्मित पक्षी विहार तथा डोंगाघाट में बायोगैस से संचालित विद्युत निर्माण गृह का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री 26 जनवरी को लालबाग में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होकर ध्वजारोहण करेंगे तथा सिरहासार चौक स्थित शहीद स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके पश्चात् आमागुड़ा चौक में पुलिस स्मारक स्थल तथा चैक के उन्नयन कार्य का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान तुरेनार में ग्रामीण औद्योगिक पार्क का अवलोकन भी करेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने दो दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान 25 जनवरी को गिरोला में आयोजित कार्यक्रम में बस्तरवासियों को लगभग 133 करोड़ रुपए की लागत के 98 विकास कार्यों की सौगात देंगे। वे इस कार्यक्रम में 68 करोड़ 42 लाख 80 हजार रुपए के 27 कार्यों का लोकार्पण और 65 करोड़ 18 लाख 40 हजार रुपए के 71 विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री बघेल द्वारा गिरोला में आयोजित कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित 55 करोड़ 26 लाख 36 हजार रुपए की लागत के 18 विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इनमें लगभग 24 करोड़ रुपए की लागत से बकावंड से कोलावल के बीच लगभग 26 किलोमीटर लंबी सड़क और पुल के चैड़ीकरण का कार्य, 18 करोड़ 17 लाख रुपए की लागत से रायकोट से कुरेंगा के बीच निर्मित 23 किलोमीटर लंबी सड़क, 2 करोड़ 83 लाख रुपए की लागत से मारीगुड़ा से मैलबेड़ा के बीच 6 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण, 2 करोड़ 32 लाख रुपए की लागत से जेल में बैरक निर्माण कार्य, 2 करोड़ 7 लाख रुपए की लागत से दरभा में निर्मित 50 सीटर आईटीआई छात्रावास, 1 करोड़ 44 लाख रुपए की लागत से किलेपाल में निर्मित 50 सीटर आईटीआई छात्रावास, लोक निर्माण विभाग की सेतु निर्माण विभाग द्वारा 4 करोड़ 33 लाख रुपए की लागत से गंजोपारा से गुड़ियापारा के बीच निर्मित सेतु, मछलीपालन विभाग द्वारा 3 करोड़ 41 लाख रुपए की लागत से कोसारटेडा जलाशय में मछलीपालन के लिए केज स्थापना व फ्लोटिंग हाउस एवं गोदाम निर्माण, जगदलपुर नगर निगम द्वारा 1 करोड़ 23 लाख 3 हजार और 2 हजार किलोग्राम क्षमता के कंपोस्ट मशीन, 1 करोड़ 9 लाख रुपए की लागत से सिटी ग्राउण्ड के सामने निर्मित 10 दुकान और 2 हाल व प्रवेश द्वार, 96 लाख रुपए की लागत से आमागुड़ा चैक में निर्मित दुकान, कलेपाल, सिलकझोड़ी, दाबपाल, सालेपाल और मारीकोड़ेर में जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य, लगभग 5 करोड़ रुपए की लागत से जगदलपुर नगर निगम में सड़कों का मरम्मत कार्य, 1 करोड़ 6 लाख रुपए की लागत से भानसागर तालाब में पर्यटन व सिंचाई सुविधाओं के विकास सहित अन्य विकास कार्यों की आधारशिला रखेंगे।

### गणतंत्र दिवस पर अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण राजीव न्याय योजना की राशि में हो सकती है वृद्धि

गणतंत्र दिवस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कई सौगात देने की चर्चा है। इसमें अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण और शराबबंदी के अलावा अगले खरीफ सीजन के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की राशि में बढ़ोतरी का ऐलान कर सकते है। जानकारी अनुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर कई घोषणाएं की तैयारी की भी चर्चाएं है। विधानसभा चुनाव से पहले का यह आखिरी गणतंत्र दिवस है। मुख्यमंत्री बघेल इस मौके को खास बनाने के लिए जनघोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा करने के लिए सीएम अपने भाषण में शामिल कर सकते है। बताया जा रहा है कि अनियमित कर्मचारियों का नियमितीकरण घोषणा पत्र का प्रमुख बिंदु रहा है। सरकार ने इस वादे को पूरा करने के लिए सभी विभाग से अनियमित कर्मचारियों को लेकर जानकारी मांगी थी। सीएम इस वादे को पूरा करने के लिए भाषण में घोषणा करने की खबर है। यही नहीं शराबबंदी पर भी कोई वादा कर सकते है। जानकारी अनुसार अगले खरीफ सीजन से लगभग 3 हजार रूपए क्विंटल में धान खरीदने के लिए राजीव न्याय योजना की राशि में भी बढ़ोतरी कर सकते है।

# जियो ट्रू 5जी सेवा प्रदेश के तीन और शहरों में शुरू

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



रिलायंस जियो ने छत्तीसगढ़ के तीन प्रमुख शहरों बिलासपुर, कोरबा और राजनांदगांव में जियो ट्रू 5जी सेवा लॉन्च की। इस लॉन्च के साथ ही रिलायंस जियो छत्तीसगढ़ के छह प्रमुख शहरों में जियो ट्रू 5जी सेवा लॉन्च करने वाला पहला और एकमात्र ऑपरेटर बन गया है।गत 14 जनवरी को रायपुर, दुर्ग और भिलाई में जियो ट्रू 5जी सेवा लॉन्च की थी। कम्पनी की विज्ञप्ति के अनुसार आज से बिलासपुर, कोरबा और राजनांदगांव के जियो यूजर्स को आमंत्रित किया जा रहा हैं।कम्पनी के अनुसार जियो राज्य में सबसे पसंदीदा ब्रांड हैं और दो तिहाई बाजार में कंपनी की हिस्सेदारी है। जियो ट्रू 5जी के लॉन्च होने से ग्राहकों को विश्वस्तरीय, बेहतरीन टेलीकॉम नेटवर्क मिलेगा।

# दिल्ली सहित उत्तर भारत में भूकंप के तेज झटके

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित उत्तर भारत में मंगलवार को अपराह्न दो बजकर 28 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र (एनसीएस) के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.8 मापी गयी। इसका केन्द्र उत्तर-पश्चिम नेपाल में 29.41 उत्तरी अक्षांश और 81.68 पूर्वी देशांतर पर जमीन की सतह से 10 किलोमीटर गहराई में था। भूकंप के झटके नेपाल, भारत और तिब्बत में महसूस किये गये। भारत में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ तथा बिहार में नेपाल के निकटवर्ती इलाकों में लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किये। अभी कहीं से किसी जान-माल के नुकसान की रिपोर्ट नहीं है।

# गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह भारत पहुंचे

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को नई दिल्ली पहुंच गए हैं।



2015 के बाद से यह उनकी तीसरी भारत यात्रा है। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी इस बार भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि हैं। सूत्रों ने कहा कि उनके साथ पांच मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों सहित एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी होगा। यह पहली बार है कि मिस्र के किसी राष्ट्रपति को गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। मिस्र की सेना की एक सैन्य टुकड़ी भी गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेगी। भारत और मिस्र इस वर्ष राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष मना रहे हैं। 2022-23 में भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान मिस्र को 'अतिथि देश' के रूप में भी आमंत्रित किया गया है। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी ने इससे पहले अक्टूबर 2015 में तीसरे भारत अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने और सितंबर 2016 में राजकीय यात्रा पर भारत का दौरा किया था।

# राजनाथ ने एयरो इंडिया की तैयारियों की समीक्षा की

एजेंसी ◄ वार्ता
www.dailypioneer.com

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अगले महीने 13 से 17 तारीख तक बेंगलुरू में होने वाले एयरो इंडिया शो की तैयारियों की समीक्षा की।



एयरो इंडिया का आयोजन कर रही शीर्ष समिति की बैठक में सिंह को पांच दिन के इस एयर शो से संबंधित तमाम जानकारी दी गयी। एशिया के सबसे बड़े एयर शो एयरो इंडिया का यह 14 वां संस्करण है जिसका आयोजन 35 हजार वर्ग मीटर में किया गया है। उन्होंने सभी पक्षधारकों से प्रतिभागियों के लिए हर तरह से पुख्ता तैयारी करने को कहा। रक्षा मंत्री ने कहा कि एयरो इंडिया 2023 केवल एक आयोजन भर नहीं होगा बल्कि यह देश की रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में बढती ताकत और मजबूत तथा आत्मनिर्भर 'नये भारत' के उदय की झलक होगी। वायु सेना के स्टेशन येलाहंका में इस एयर शो का 35 हजार वर्ग मीटर में आयोजन किया जा रहा है और इसके लिए 731 कंपनियों ने पंजीकरण कराया है। एयरो इंडिया का थीम 'एक अरब अवसरों का रनवे ' है। इसके अलावा रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन होगा तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की गोलमेज बैठक भी होगी।

## सेना की कार्रवाई पर सबूत नहीं मांगा जा सकता

# दिग्विजय सिंह के वक्तव्य से मैं बिलकुल असहमत, सेना पर सवाल नहीं : राहुल

एजेंसी ◄ जम्मू
www.dailypioneer.com

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सर्जिकल स्ट्राइक पर दिग्विजय सिंह के बयान से पूरी असहमति जताते मंगलवार को कहा कि सेना की कार्रवाई पर किसी तरह का सबूत नहीं मांगा जा सकता। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने और वहां चुनाव कराने की मांग दोहराई और यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को मिलकर रहना चाहिए। हिंसा किसी चीज का समाधान नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में ' मोहब्बत की दुकानें' खोल रही है और उनकी भारत जोड़ो यात्रा देश में बना दिये गये 'नफरत के माहौल' से लड़ने में बहुत हद तक सफल रही है। गांधी ने ऊधमपुर जाते हुए जम्मू शहर के बाहरी इलाके झज्जर कोटली में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ÷ यह यात्रा देश में फैलाये जा रहे नफरत के माहौल से लड़ने में काफी हद तक सफल रही है। गांधी मंगलवार की शाम रामबन पहुंचेंगे और बुधवार को यात्रा बनिहाल होते कश्मीर की ओर से रवाना होगी। उन्होंने कहा कि यात्रा लोगों को एकसाथ लाने में सफल रही है और यात्रा के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात के दौरान उन्होंने कई सबक सीखे और उन्हें अनेक तरह के अनुभव हासिल हुए। हम प्रेम का संदेश फैला रहे हैं और कांग्रेस के लिए देश में नफरत की की खातिर कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर को बलि का बकरा बनाया गया है। कांग्रेस 'मोहब्बत की दुकानें ' खोल रही है और सभी तरह के लोगों को एकजुट कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के देश में बोये गये नफरत के बीजों को नष्ट कर रही है और लोगों को एक-दूसरे से जोड़ रही है।



### राहुल दिग्विजय को भी सिखाएं, सेना का सम्मान करना : भाजपा

भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सेना का सम्मान करने के बयान पर सवाल उठाया कि आखिर वह उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह को यह बात क्यों नहीं समझा पा रहे हैं जो लगातार आतंकवादियों को महिमामंडित करते रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री गांधी ने पहली बार कहा है कि वह सेना का सम्मान करते हैं। लेकिन गांधी के बयान ने कई और सवाल खड़े कर दिये हैं। गांधी यह बतायें कि उनके साथ यात्रा में हजारों किलोमीटर चलने वाले दिग्विजय सिंह को वह यह बात क्यों नहीं समझा पाये। उन्होंने कहा, 'ये देश सेना की शहादत का सबूत नहीं मांगता उनके बलिदान को सलाम करता है। दिग्विजय सिंह ने जाकिर नाइक को शांति का दूत बताया था और बाटला हाउस मुठभेड़ में मारे गए आतंकियों के परिवार से मिले और मुठभेड़ पर सवाल खड़ा किया। दिल्ली पुलिस की वीरता को नीचा दिखाया।'



# इस बार गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में मुख्य समारोह स्थल पर होंगे विविध कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com

गणतंत्र दिवस के अवसर पर इस वर्ष विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन मुख्य समारोह स्थल मिनी स्टैडियम में होगा जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं के विकास पर आधारित झांकी का प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनाने कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने नामजद अधिकारियों को निर्देश दिया है। जिसके तहत समारोह स्थल, मिनी स्टेडियम बीजापुर में मंच/ध्वज स्तम्भ व्यवस्था एवं मैदान समतलीकरण, वॉटर प्रुफ टेन्ट शामियाना की व्यवस्था व मंच स्थल में बैठक व्यवस्था एचएन पात्र कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग एवं फागेश सिन्हा डिप्टी कलेक्टर, समारोह स्थल पर ध्वज की व्यवस्था तथा ध्वज को लगाने एवं उतारने की व्यवस्था व सलामी (गार्ड ऑफ आनर) एवं राष्ट्रीय धुन हेतु बैण्ड पार्टी की व्यवस्था अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बीजापुर के निर्देशन में रक्षित निरीक्षक के द्वारा, ध्वजारोहण समिति अनुविभागीय अधिकारी बीजापुर, अनुविभागीय अधिकारी (पु.) बीजापुर एवं रक्षित निरीक्षक बीजापुर, सम्पूर्ण कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था, शहीदों के परिवारों को आमंत्रित करना, सम्मानपूर्व बैठाना एंव मुख्य अतिथि द्वारा उन्हें सम्मानित करना आंजनेय वार्ष्णेय पुलिस अधीक्षक, कार्यक्रम स्थल में बेरिकेटिंग एवं बांस बल्लियों की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल में बेंच/कुर्सी के परिवहन हेतु वाहन व्यवस्था अशोक पटेल वनमण्डलाधिकारी, एचएन पात्र कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, समारोह स्थल में माईक/विद्युत एवं जनरेटर की व्यवस्था जीएस दुर्वास अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विद्युत यांत्रिकी विभाग बीजापुर, समारोह स्थल पर मंच संचालन जाकिर खान खंड शिक्षा अधिकारी एवं जितेन्द्र कोण्ड्रा शिक्षक, गुब्बारे दो कबूतर, गुलदस्ता एवं फुलमाला की व्यवस्था उप संचालक पशु चिकित्सा, मंच में प्रवेश द्वार/पंडाल पर समारोह का फ्लेक्सी



लुपेन्द्र महिनाग जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, आमंत्रण पत्र एवं प्रशस्ति पत्र मुद्रण विजेन्द्र राठौर परियोजना समन्वयक रा.गां.शि.मि. बीजापुर, आमंत्रण पत्र का वितरण अनुविभागीय अधिकारी बीजापुर के मार्गदर्शन में सम्बन्धित तहसीलदार बीजापुर के द्वारा किया जायेगा। सम्पूर्ण शहर में साफ-सफाई एवं पेयजल व्यवस्था बंशीलाल नुरेटी मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बीजापुर, सलामी गार्ड ऑफ आनर में शामिल जवानों को मिष्ठान की व्यवस्था गणेश कुर्रे जिला खाद्य अधिकारी एवं बीआर बघेल जिला शिक्षा अधिकारी, सर्किट हाउस में मुख्य अतिथि का सत्कार व्यवस्था एचएन पात्र कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, समारोह स्थल पर मंच के अतिथि एवं गणमान्य नागरिकों को स्वल्पाहार की व्यवस्था मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बीजापुर एवं श्री कश्यप जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम बीजापुर, पुरूस्कार हेतु शील्ड एवं स्मृति चिन्ह आदि की व्यवस्था सुरेश नागेश कार्यपालन अभियंता पीएमजीएसवाय एवं मोहनराव सोनी, कार्यपालन अभियंता, पीएमजीएसवाय, पुरस्कार वितरण की व्यवस्था पवन कुमार प्रेमी, अपर कलेक्टर, सुमन राज संयुक्त कलेक्टर एवं दिलीप उके डिप्टी कलेक्टर, परेड का निर्णायक मण्डल अशोक पटेल, वनमण्डलाधिकारी, गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीजापुर एवं रवि कुमार साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीजापुर, झाकी निर्णायक कलेक्टर बीजापुर द्वारा नामित अधिकारी, चलित झांकी प्रदर्शन की व्यवस्था रवि कुमार साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीजापुर, पवन कुमार प्रेमी अपर कलेक्टर एवं सुमन राज संयुक्त कलेक्टर, मिनिट टू मिनिट कार्यक्रम तैयार कर प्रस्तुत करने जाकिर खान खंड शिक्षा अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, कार्यक्रम अवधि में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था अनुविभागीय दण्डाधिकारी बीजापुर एवं तहसीलदार बीजापुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बीजापुर के द्वारा किया जावेगा।

## गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के फाइनल रिहर्सल का कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण

**नारायणपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर बालक हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों का अंतिम रिहर्सल कलेक्टर अजीत वसन्त और पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर की गई तैयारियों का भी निरीक्षण किया। उन्होने



कार्यक्रम अनुसार बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रिहर्सल में मुख्य अतिथि का आगमन, ध्वजारोहण, जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, शहीदों के परिजनों से मुलाकात व सम्मान एवं पुरस्कार वितरण आदि का रिहर्सल किया गया। कलेक्टर अजीत वसन्त ने कार्यक्रमों के रिहर्सल का अवलोकन करने के बाद संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम के गरिमामय और प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिए। उल्लेखनीय है कि जिले में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ हस्त शिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष एवं विधायक नारायणपुर चंदन कश्यप होंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव, एडीसनल एसपी पुश्कर शर्मा, एसडीएम जितेन्द्र कुर्रे, संयुक्त कलेक्टर अभिशेक गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर रामसिंग सोरी, जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र झा, रक्षित निरीक्षक दीपक साव सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# काला गांव से कपेना गांव की ओर जा रहे थे बाराती गाड़ी पलटा 50 से अधिक हुए घायल



पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोण्डागांव जिले अंतर्गत माकड़ी ब्लॉक से एक बड़ी खबर सड़क हादसे की आ रही हैं, जहां बारात में जा रहे पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 50 से भी अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिले के माकड़ी के ग्राम बागबेड़ा होटल पारा में करीबन दोपहर 2:30 बजे एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस सड़क दुर्घटना में 50 से अधिक लोग बहुत बुरी तरह से घायल हो गए। बताया जा रहा हैं कि, इस पिकअप में सवार होकर लोग सगाई के लिए काला गांव से कपेना गांव की तरफ जा रहे थे, लेकिन तभी इसी बीच पिकअप वाहन लोगों से भरी होने के कारन अनियंत्रित होकर सड़क भीशड़ हादसा का षिकार हो गया। इस हादसे में पिकअप में सवार सभी लोगों को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं।

# विश्रामपुरी में नवीन शासकीय महाविद्यालय के एक वर्ष पूरे होने पर मनाया वार्षिक उत्सव, मुख्य अतिथि थे विधायक नेताम

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोण्डागांव जिला अंतर्गत के केशकाल विधायक सन्तराम नेताम के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप व सीएम भूपेश बघेल की घोषणा अनुरूप बड़ेराजपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम विश्रामपुरी में संचालित नवीन शासकीय महाविद्यालय को एक वर्ष पूरे हो गए हैं। इस उपलक्ष्य में सोमवार को महाविद्यालय का प्रथम वार्षिक उत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष व केशकाल विधायक संतराम नेताम बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों के स्वागत में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा मनमोहक गीत भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक संतराम नेताम ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को भविष्य हेतु आशीष प्रदान करते हुए निरंतर प्रयास करते रहने और हमेशा लक्ष्य को ध्यान में रखकर मेहनत करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि, जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है। शिक्षा जीवन में बेहतर संभावनाओं को प्राप्त करने के अवसरों के लिए विभिन्न दरवाजे खोलती है। जिससे कैरियर के विकास को बढ़ावा मिलता है। विधायक के उद्बोधन से छात्र छात्राओं में ऊर्जा का प्रवाह हुआ परिणामस्वरूप पूरा कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। साथ ही साथ विधायक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुरी में लगभग 37 लाख रुपए की लागत से बने सर्वसुविधायुक्त 10 बेड के आइसोलेशन वार्ड का लोकार्पण भी किया है।

# अवकाश के दिन भी मिल रही है आधार कार्ड बनवाने की सुविधा

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सहित समस्त जोन कार्यालय में शनिवार अवकाश के दिन भी आधार कार्ड बनाया जा रहा है। आधार कार्ड आज हर महत्वपूर्ण कार्यों के लिए आवश्यक हो गया है। 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार कार्ड बनवाने के लिए मितान योजना की मदद ली जा सकती है इसके लिए केवल टोल फ्री नंबर 14545 पर संपर्क करना होगा और मितान घर पहुंच सुविधा देंगे। 5 वर्ष से ऊपर के लिए आधार कार्ड बनवाने तथा सुधरवाने के लिए निगम मुख्य कार्यालय सहित निगम के समस्त जोन कार्यालय में सोमवार से लेकर शनिवार तक आधार सेवा चालू है। समय सुबह 10ः00 बजे से आधार की सेवा प्रारंभ हो जाती



है। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आधार से संबंधित जरूरी सेवा के लिए नागरिकों को आवश्यक सुविधा प्रदान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। आधार कार्ड शाखा के निरंजन गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2016 से पूर्व जिन्होंने अपना आधार कार्ड बनवाया है उन्हें बायोमेट्रिक तथा दस्तावेज लेकर आधार अपडेट करवाना अनिवार्य होगा। आधार कार्ड अपडेट होने के बाद आधार नंबर वही रहेगा परंतु नया आधार कार्ड हितग्राही को प्राप्त होगा। निगम मुख्यालय में दो मशीनें आधार कार्ड बनाने के लिए उपलब्ध है तथा समस्त जोन कार्यालय में 1-1 मशीनें उपलब्ध है। शनिवार अवकाश के दिन 30 से 35 हितग्राही आधार कार्ड बनवाने के लिए निगम मुख्यालय पहुंचते हैं।

ज्यादातर पेंशन से संबंधित लोग आधार कार्ड अपडेट करवाने पहुंच रहे हैं। आधार कार्ड शाखा के उमाशंकर साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 वर्ष के ऊपर के उम्र के स्कूली बच्चों के लिए जिन्हें आधार कार्ड बनवाना है उनके लिए स्कूल का पहचान पत्र जिसमें सेशन ईयर अंकित हो तथा बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य है।

# मनरेगा के रोजगारपरक कार्यों को नियमित रूप से संचालित कर अधिकाधिक लोगों को रोजगार मिले : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी ने कलेक्टोरेट के सभागार में आयोजित समय-सीमा की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के घोषणाओं के क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर सुनिश्चित करने कहा। वहीं राज्य शासन की मंशानुरूप समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के तहत अंतिम तिथि तक पंजीकृत किसानों से धान उपार्जन किए जाने के निर्देश दिये, उन्होंने इस दिशा में अंतिम दिवस पर धान खरीदी केंद्रों में सम्बन्धित नोडल अधिकारियों को जाकर धान के अंतिम स्टॉक, खाली बारदाने, उठाव स्थिति इत्यादि का सत्यापन किये जाने कहा। साथ ही सत्यापन के दौरान सम्बन्धित लैम्पस प्रबन्धक, धान खरीदी केंद्र प्रभारी और समिति कर्मचारियों के हस्ताक्षर कराए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में मनरेगा के रोजगारपरक कार्यों को नियमित तौर पर संचालित कर अधिकाधिक पंजीकृत जॉब कार्डधारी परिवारों को रोजगार सुलभ कराये जाने के लिए बल देते हुए कहा कि, हर एक ग्राम पंचायत में रोजगारपरक कार्य निरन्तर चलाया जाए और एक कार्य की समाप्ति पर स्वीकृत दूसरा कार्य शुरू किया जाए। उन्होंने वनाधिकार पट्टेधारकों को मनरेगा के भूमि समतलीकरण, डबरी निर्माण, कुक्कुट शेड, सूकर शेड, बकरी शेड इत्यादि से लाभान्वित करने सहित खेती-किसानी, मछलीपालन, साग-सब्जी उत्पादन, कुक्कुटपालन, सूकरपालन, बकरीपालन आदि के लिए विभागीय योजनाओं से सहायता प्रदान करने कहा।

## संवाद व समाधान शिविरों में आम जनता की समस्या-शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करें-कलेक्टर

कलेक्टर ने जिले के ग्रामीण इलाकों में आयोजित संवाद और समाधान शिविरों में आम जनता की समस्या-शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने कहा, इस ओर शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं सहित पेयजल, बिजली सम्बन्धी शिकायतों के त्वरित निराकरण किये जाने के निर्देश दिए। वहीं उक्त शिविरों में वनाधिकार पट्टे प्रदाय, वनाधिकार पट्टेधारकों को ऋण पुस्तिका प्रदाय सहित पात्र परिवारों को राशन कार्ड वितरित किये जाने कहा। साथ ही कलेक्टर ने जिले में संचालित स्कूल, आश्रम-छात्रावासों का नियमित निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाओं की सुलभता और बच्चों के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए और निरीक्षण प्रतिवेदन हर महीने में नियत तिथि तक प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने गौठानों में नियमित रूप से गोबर की खरीदी सहित वर्मी कम्पोस्ट खाद उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करने कहा। वहीं गौठानों में आजीविका सम्बन्धी गतिविधियों के बेहतर संचालन हेतु महिला समूहों को लगातार प्रोत्साहित किए जाने के निर्देश दिए। गौठानों में पशु चारे की व्यवस्था के लिए पैरादान की समीक्षा करते हुए, उन्होंने इस दिशा में किसानों को प्रेरित किये जाने कहा। इसके साथ ही बेलर मशीन से खेतों में पड़े पैरा का संग्रहण किए जाने के निर्देश दिए। इस बैठक में मुख्यमंत्री जनचौपाल, मावा कोण्डानार और सम्पर्क केन्द्र में प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण, जल जीवन मिशन के कार्यों, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण व उचित मूल्य दुकान सह गोदाम निर्माण, मरम्मत, ग्रामीण औद्योगिक पार्क विकास कार्यों इत्यादि की बिन्दुवार समीक्षा की गई।

# नजमुल हक पुनः बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय,मोर्चा प्रभारी डॉ सलीम राज की सहमति से भाजपा अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद द्वारा आज अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।जिसमें किरन्दुल निवासी नजमुल हक को दंतेवाड़ा अल्पसंख्यक मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया।बता दें नजमुल हक इससे पूर्व भी भाजपा के कई महत्त्वपूर्ण पद पर रहें चुके हैं।उन्हें फिर से उक्त पद पर नियुक्त होने पर किरंदुल मंडल अध्यक्ष धर्मपाल मिश्रा एवम महामंत्री संजीव दास एवम अन्य पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई एवम शुभकामनाएं दी।

## 26 जनवरी व महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

**कोण्डागांव।** कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 और उसके अधीन बनाये गए नियमों यथा छत्तीसगढ़ आबकारी देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम के तहत, गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी और महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर 30 जनवरी को मदिरा विक्रय हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया हैं। जिसके तहत उक्त दोनों दिवस पर जिले की समस्त देशी और विदेशी मदिरा दुकानों सहित एफएल-7 सैनिक कैंटीन फुटकर अनुज्ञप्ति पूर्णतः बन्द रहेंगी। इस दिशा में अवैध मदिरा विक्रय, बिक्री, धारण व परिवहन इत्यादि पर समुचित नियंत्रण रखे जाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

# विस उपाध्यक्ष संतराम नेताम का धनोरा में हुआ जोशीला स्वागत

पायनियर संवाददाता ∢ केशकाल
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष बनाए जाने तथा लगातार दूसरी बार उत्कृष्ट विधायक के रुप में चुने जाने के पश्चात केशकाल विधायक संतराम नेताम मंगलवार को अपने विधानसभा के धनोरा क्षेत्र के दौरे पर थे। इस दौरान ग्राम सवाला, धनोरा, बेलगांव, तोड़ासी एवं पडडे समेत विभिन्न ग्रामों में ग्रामवासियों स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं कांग्रेसजनों के द्वारा विधायक संतराम नेताम का भव्य स्वागत किया गया। साथ ही धनोरा में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने लड्डुओं से तौल कर विधायक संतराम नेताम का सम्मान किया। वहीं विधायक ने विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण कर ग्रामीणों को अनेक विकासकार्यों की सौगात भी दी है।

**जनता के प्यार की बदौलत मिला विस उपाध्यक्ष का दायित्व-** इस सम्बंध में विधायक संतराम नेताम ने कहा कि केशकाल विधानसभा की जनता के प्यार और आशीर्वाद की बदौलत मुझे केशकाल विधानसभा से लगातार दूसरी बार विधायक बनने का सौभाग्य मिला। तथा जनता के प्यार को देखते हुए माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल समेत सभी विधायकों की सहमति से मुझे विधानसभा उपाध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है इसके लिए मैं सर्वप्रथम समस्त नेताओं को धन्यवाद देता हूं साथ ही इसका श्रेय अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता को देना चाहता हूं। जिस प्रकार से सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में जनता अपने घर से



निकल कर मुझे आशीर्वाद देने आ रही है निश्चित रूप से इसका व्यापक असर आगामी विधानसभा चुनाव के परिणाम में भी देखने को मिलेगा।

**2023 में पूर्ण बहुमत से पुनः बनाएंगे सरकार-** संतराम नेताम ने कहा छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में पिछले 4 वर्षों में हमारी सरकार ने आम जनता किसान व्यापारी शासकीय कर्मचारियों समिति समूचे प्रदेश के विकास के लिए विभिन्न अहम फैसले लिए हैं। धान की खरीदी, किसानों का कर्ज माफ, लघु वनोपजों की खरीदी, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना समेत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश की जनता को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया है। मुझे पूरा विश्वास है कि प्रदेश कांग्रेस सरकार अपने कार्यो की बदौलत आगामी विधानसभा चुनाव में भी जनता का विश्वास जीतेगी और एक बार फिर छत्तीसगढ़ में पूर्ण बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बनेगी।

# राज्य स्तरीय दो दिवसीय देवी जस झांकी प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

मां महामाया सेवा समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय दो दिवसीय देवी जस झांकी प्रतियोगिता का 21 व 22 जनवरी दिन शनिवार, रविवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम 21 जनवरी से प्रारम्भ किया गया, जिसमें प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर वार्ड पार्षद लता खैरवार, पार्षद मनहरण यादव की उपस्थिति में सर्वप्रथम प्रातः ग्राम देवी देवताओं का मंत्रोच्चार से पूजा अर्चना व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

सर्वप्रथम जय बजरंग शीतला सेवा एवं फ़ाग समिति टिकरापारा रायपुर मंडली की प्रस्तुति हुई जिन्होंने श्रोताओं का मन मोह लिया। द्वितीय और अन्तिम दिवस में अतिथि मुख्यमंत्री सुपुत्री स्मिता बघेल व ओएसडी मनीष बंछोर द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया । जस झांकी स्पर्धा में-



जय गुहा निषाद निर्मल जस झांकी मोहलाई प्रथम प्राप्त हुआ पुरस्कार स्वरूप 11000 रुपये प्रदान किया गया, वहीं ओम नवरत्न जस झांकी परिवार सोमनी राजनांदगांव को दूसरे स्थान के लिए 7001रुपए, जय माँ बम्लेश्वरी ज्ञान सुधा खिलोरा अभनपुर को क्रमशः तृतीय पुरस्कार5001 रुपये प्रदान किया गया । विशेष पुरस्कार में बेस्ट गायन के लिए जय शीतला मां अड़हा सेवा भजन मंडली बेलर अभनपुर को 3001रूपये प्रदान किया गया। इस दो दिवसीय आयोजन से नगर का माहौल भक्तिमय रहा। इस भक्तिमय प्रतियोगिता में अंचल की 21 मंडलियों ने भाग लिया जिनके द्वारा लगातार दो दिनों तक भगवान की महिमा व देवी देवताओं के चरित्र का बखान किया किया गया। आयोजन बाजार चौक स्थित बालक प्राथमिक स्कूल प्रांगण में आयोजित हुआ। सभी प्रतिभागियों को 2100 रूपये तथा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को भी पुरस्कार दिए गए । कार्यक्रम को लेकर सीएम सुपुत्री स्मिता बघेल ने आयोजक समिति को उत्कृष्ट आयोजन कराने के लिए बधाई दी व आये हुए समस्त मंडली का उत्साहवर्धन भी किया । इस अवसर पर आयोजक समिति के चुम्मन यादव, नेतराम यादव, सरोज पटेल, संतराम देवांगन, मनहरण सोनकर, निखिल साहू, छेदी लाल साहू, दयालु वर्मा, गायत्री मानस व ज्योति मानस परिवार की बालिका एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ी साहित्यकार, कवि हेमलाल निर्मोही ने निर्णायक का निष्पक्ष प्रशंसनीय दायित्व का सराहनीय निर्वहन किया। कार्यक्रम में उद्घोषणा एवं सफल मंच संचालन जगन बाबा व बलराम वैष्णव ने किया।

KVB Karur Vysya Bank
Smart way to bank

दि करूर वैश्य बैंक लिमिटेड
रायपुर शाखा
ईपीआई सेंटर, निकट यशवंत हॉस्पिटल, जी. ई. रोड
तात्यापारा, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (1) के तहत जारी

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने **दि करूर वैश्य बैंक लिमिटेड** के प्राधिंत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (द्वितीय) अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम 54 ) के तहत और धारा 13 ( 12 ) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन ) नियमावली, 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित **06-05-2022** जारी की थी, जिसमें **(1) मैसर्स 3 एस टेक्नोलॉजिस (कर्जदार), प्रोपराइट्रिक्स : श्रीमती सुनीता सिंह**, प्लॉट नं0 जे0-6, दूबे कॉलोनी मोवा, नीयर अमेरिकन इण्टरनेश्नल स्कूल, रायपुर-492001, छत्तीसगढ़, एवं ईश्वरीय प्लाजा बेसमेन्ट - 1, तेलीबन्धा तालाब के सामने, जी. ई. रोड, तेलीबन्धा, रायपुर -492001,छत्तीसगढ़ **(2) श्री मिथिलेश कुमार सिंह (गारन्टर)**, श्याम नगर, तेलीबन्धा, रायपुर -492001,छत्तीसगढ़ एवं प्लॉट नं0 जे0-6, दूबे कॉलोनी मोवा, नीयर अमेरिकन इण्टरनेश्नल स्कूल, रायपुर-492001, छत्तीसगढ़, से सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि **रु. 23,32,578.46 (तेईस लाख, बत्तीस हजार, पाँच सौ अठत्तर रुपये छियालिस पैसे मात्र)** का भुगतान आगे ब्याज के साथ उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार/गारंटर उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, अतः एतद्‌द्वारा कर्जदार/गारंटर तथा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा **21 जनवरी, 2023** को प्राप्त कर लिया है।

कर्जदार गारंटर को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्‌द्वारा सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्ति के संबंध में कोई संव्यवहार नहीं करें तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार दि करूर वैश्य बैंक लिमिटेड की बकाया राशि **रु. 23,32,578.46 (तेईस लाख, बत्तीस हजार, पाँच सौ अठत्तर रुपये छियालिस पैसे मात्र)** तथा उस पर ब्याज, लागत और खर्चों के प्रभाराधीन होगा।

**कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

**अचल सम्पत्ति का वर्णन**

सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड सम्पत्ति आवासीय भूमि परिमाप 1500 वर्ग फीट स्थित प्लॉट नं0 जे-6, खाता नं0 385, (अंश 1), बाँट खाता नं0 212 (पी) पी.एच. 109/39, मौजा-मोवा, दूबे कॉलोनी, निकट अमेरिकन स्कूल, डा. भीमराव अम्बेडकर वार्ड नं. 27, तहसील & जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ जो श्रीमती सुनीता सिंह के नाम है और जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार है :-

| | |
|---|---|
| उत्तर : देव प्रसाद वर्मा का घर | पूरब : मजूमदार का घर |
| दक्षिण : रोड | पश्चिम : ओजस्विता की भूमि |

*(उक्त सम्पत्ति श्रीमती सुनीता सिंह द्वारा प्राप्त की गई क्रेडिट सुविधाओं हेतु भी बन्धक/प्रभारित है तथा सरफासी कार्यवाही प्रारम्भ की जा चुकी है।)*

**स्थान : रायपुर**
**दिनांक : 21/01/2023**

प्राधिकृत अधिकारी
दि करूर वैश्य बैंक लिमिटेड

# गणतंत्र दिवस की तैयारी का किया गया अंतिम रिहर्सल



पायनियर संवाददाता ✓ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गणतंत्र दिवस के अवसर पर जगदलपुर के लालबाग में ध्वजारोहण करेंगे। गणतंत्र दिवस की तैयारियों का अंतिम रिहर्सल मंगलवार को किया गया। मुख्य अतिथि की भूमिका में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे रहे। उन्होंने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर चंदन कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मीणा उपस्थित थे। अधिकारियों ने तैयारी के संबंध में कमीबेशी को समय से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस वर्ष परेड की कमान डीएसपी अनिल कुर्रे कर रहे है। जो 14 टुकड़ी को कमांड करते हुए मार्चपास्ट करेंगे।

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया जाएगा और विभागों के शासकीय योजनाओं से सम्बंधित झाँकी का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक प्रस्तुति को अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया।

## कलेक्टर एवं एसपी ने किया कार्यक्रम के अंतिम रिहर्सल का अवलोकन



**बीजापुर।** गणतंत्र दिवस समारोह स्थल में क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मुख्य आतिथ्य में 26 जनवरी को मिनी स्टेडियम बीजापुर में आयोजित होने वाले समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा और पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने कार्यक्रमों का अंतिम रिहर्सल का अवलोकन किया। वहीं पूर्वाभ्यास के सभी कार्यक्रमों के गरिमामय एवं सफल आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। अंतिम रिहर्सल में मुख्य अतिथि का कार्यक्रम स्थल पर आगमन, राष्ट्रीय ध्वज फहराने, मुख्यमंत्री के जनता के नाम संदेश वाचन, राष्ट्रगान, सलामी, पुरस्कार वितरण आदि पूर्वाभ्यास का अवलोकन किया गया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत रवि कुमार साहू, एसडीएम बीजापुर पवन कुमार, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

## सर्व अनुसूचित जाति वर्ग की बैठक आयोजित



**कोण्डागांव।** सर्व अनुसूचित जाति वर्ग के जिलाध्यक्ष धंसराज टंडन के नेतृत्व मे पदाधिकारी और समाज प्रमुखो का बैठक रेस्ट हाउस मे रखा गया। इस बैठक का मुख्य एजेंडा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह को संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर प्रतिमा परिसर जिला सत्र न्यायालय के सामने में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं। इस बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा सर्वसम्मति से ध्वजारोहण हेतु इस वर्ष 2023 गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि सम्मानीय राजेश सोना संभागीय अध्यक्ष बस्तर संभाग घासी घसिया समाज के द्वारा सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया जावेगा।

जिलाध्यक्ष धंसराज टंडन ने जिला के समस्त समाज प्रमुख व सर्व अनुसूचित जाति वर्ग के पदाधिकारी व अधिकारी कर्मचारी और गणमान्य नागरिकों से अपील करते हुए कि, यह भारत का राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर आप सभी सादर आमंत्रित है।

# जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति की बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में गत दिवस कलेक्टोरेट सभागार में सम्पन्न जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति की बैठक के दौरान जिले में अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए व्यापक पहल किये जाने पर बल दिया गया। इस बैठक में कलेक्टर सोनी ने कहा कि, शासन की मंशानुरूप अल्पसंख्यक वर्ग के नागरिकों को योजनाओं से लाभान्वित करने सहित उनके समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा हैं, इस ओर जिला प्रशासन इन वर्गों के लोगों से सतत चर्चा कर सकारात्मक पहल करेगी। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नवीन 15 सूत्रीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन की दिशा में सम्बंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को लाभान्वित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला व बाल कल्याण सम्बन्धी योजनाओं के साथ ही अन्य जनहितकारी योजनाओं की जानकारी उक्त वर्ग के लोगों को प्रदान करने सहित उन्हें लाभान्वित किए जाने कहा। इसके साथ ही पात्रता के आधार पर सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत पेंशन योजनाओं और आवास योजना से लाभान्वित करने कहा। उन्होंने इन वर्गों के शत-प्रतिशत परिवारों को पात्रतानुसार राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड और मनरेगा जॉब कार्ड प्रदान किए जाने के निर्देश दिए। वहीं इच्छुक लोगों को कौशल विकास प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार स्थापित करने आवश्यक सहायता प्रदान किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सोनी ने अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों को शिक्षा सुविधाओं की सुलभता सहित इच्छुक बच्चों को नीट-जेईई कोचिंग प्रदान करने कहा।

इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत प्रेम प्रकाश शर्मा ने ग्रामीण आवास योजना, सामाजिक सहायता कार्यक्रम के पेंशन योजनाओं, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन इत्यादि से सम्बंधित वर्ग के लोगों लाभान्वित करने की जानकारी देते हुए, जिले के ग्रामीण इलाकों में निवासरत अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को इन योजनाओं से लाभ लेकर विकास की ओर अग्रसर होने का आग्रह किया।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ✓ बीजापुर
www.dailypioneer.com



मंगलवार 24 जनवरी को तेंदूहाल बीजापुर में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया जिसका थीम एक नई उड़ान, एक नई पहचान था। खेल और शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बालिकाओं के साथ ही साथ जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाओं को विधायक विक्रम मंडावी ने पुरस्कृत किया ये महिलायें शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ साथ महिलाओं को आत्मनिर्भरता बनाने के क्षेत्र में निःशुल्क कार्य कर रही है। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिले के बालिकाओं ने मनमोहक रंगोली, नाटक और नृत्य की प्रस्तुतियाँ दी है। इस दौरान नन्हे पत्रकारों ने विधायक विक्रम मंडावी से बालिका दिवस पर सवाल जवाब भी किए है। राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि बेटियाँ आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है, भारत के संविधान ने हम सबको बहुत से अधिकार दिये है ज़रूरत है हम सबको मिले संवैधानिक अधिकारों को जानना और उन अधिकारों पर चलना। उन्होंने यह भी कहा कि कभी भी अपने आपको कमजोर न समझे बल्कि और अधिक जोश और जुनून से मेहनत करें परिणाम निश्चित रूप से मिलेंगे।

इस दौरान कार्यक्रम में ज़िला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, ज़िला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर, पीसीसी सदस्य एवं ज़िला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ज्योति कुमार, जिले के वरिष्ठ पत्रकार याकूब खान और शेख रजिया के अलावा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# खेल प्रतियोगिता से बढ़ती है आपसी सद्भाव : विधायक नाग

पायनियर संवाददाता ✓ पखांजूर
www.dailypioneer.com



कहीं भी खेल प्रतियोगिता होती है, उसके तीन आधार स्तंभ होते हैं। प्रथम खिलाडी, द्वितीय आयोजक और तृतीय दर्शक, मैं राजीव युवा मितान क्लब ग्राम पंचायत उलिया के युवा साथियों को इस खेल आयोजन के लिए विशेष रूप से बधाई देता हूं जो ग्रामीण अंचल के खिलाड़ियों को एक मंच पर जोड़कर उनके बीच प्रतियोगिता के माध्यम से उनकी खेल प्रतिभा को प्रोत्साहन दे रहें हैं। उक्त बातें ग्राम दुर्गापुर (पी.व्ही.97) में राजीव युवा मितान क्लब के संयोजन में सम्पन्न खेल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे) क्षेत्रीय विधायक अनूप नाग ने कही। इस अवसर पर उपस्थित भारी संख्या में दर्शकों की सराहना करते हुए विधायक नाग ने कहा कि जब खेल प्रेमी दर्शक न हो तो खेल प्रतिभाओं का प्रदर्शन किसके लिए होगा। मैं आपको बताना चाहता हूं कि राजीव युवा मितान क्लब का गठन भी इसी उद्देश्य के लिए किया गया है कि वे युवाओं के लिए बन रही राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिलायें तथा गांव के किसान, मजदूर एवं कामगारों को उनका हक दिलाने के लिए वे सहयोग करेंगे। इस अवसर पर ग्राम के प्रतिष्ठित एवं पूर्व सरपंच रानो बाई मंडावी और वर्तमान सरपंच गिल्लाराम गुडरी ने भी अपना उद्बोधन दिया तथा कहा कि हमारे ग्राम पंचायत में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में उपस्थिति के लिए हम सभी ग्रामवासी हमारे जनप्रिय विधायक अनूप नाग का विशेष रूप से धन्यवाद देते है। राजीव युवा मितान क्लब के संयोजन में सम्पन्न ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल दर्जनों गांव के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनके बीच रोमांचक प्रतियोगिता में फायनल में पी.व्ही.67 (बलरामपुर) एवं पी.व्ही.97 के टीम के बीच हुए मुकाबले में पी.व्ही.67 (बलरामपुर) विजेता बनी तथा उप विजेता के रूप में पी.व्ही.97 की टीम दूसरे स्थान पर रही। इस दौरान विधायक नाग के द्वारा सभी को नगद तथा विशेष शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया वहीं क्रिकेट प्रतियोगिता में अलग-अलग श्रेणी में मैन ऑफ द मैच प्रफुल्ल, मैन ऑफ द सीरीज सुरजीत सहित बेस्ट सर्विस, बेस्ट कैचर, बेस्ट फील्डर को भी नगद राशि एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

**इनकी रही मौजूदगी-** मंडी अध्यक्ष विकास मंडल, अमल बड़ाई, संतोष कीर्तनिया, अनिमेष चक्रवर्ती, नीरू ढाली, सूरज विस्वास अमल बैनर्जी, पूर्व सरपंच रानो बाई मंडावी, सरपंच गिल्लाराम गुडरू, केनाराम हालदार, खेल कप्तान देवाशीष भक्त समेत भारी संख्या में खेलप्रेमी एवं खिलाड़ी मौजूद थे।

# नेताजी जी की जयंती पर एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत कोड़ेनार नेताजी चौक में सुभाषचंद्र बोस जी की 126 वीं जयंती के अवसर पर सोमवार शाम को एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें बस्तर बीट्स म्यूजिकल ग्रुप जगदलपुर के वंदना पाल एवं उनके साथी द्वारा मेरे देश की धरती,ए मेरे वतन के लोगों, कर चले हम फ़िदा, देश रंगीला रंगीला एवम अन्य देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर किरन्दुल नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय, सरपंच मीना मण्डावी, उपसरपंच साबी दास, पत्रकारों, पंचगण, मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया एवम रात देर रात कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान एसकेएमएस सचिव राजेश संधू, इंटक सचिव ए के सिंह, तपन दास, श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष आजाद सक्सेना, राजेन्द्र सक्सेना, विप्लव मल्लिक मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुनील जैन दयालु नायक दिनेश साहू राकेश लाल एवम अन्य लोग उपस्थित थे।

# लघु वेतन कर्मचारी संघ का विभिन्न मांगों और पदोन्नत ज्ञापन सौंपने के संबंध में रेस्ट हाउस में बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ के द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं के संबंध में रेस्ट हाउस कोण्डागांव में बैठक आयोजित किया गया था। इस बैठक में प्रमुख रुप से लोक निर्माण विभाग में कार्यरत स्थाई गैंग श्रमिकों को 20 वर्ष का सेवा बंधन को समाप्त करते हुए 10 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात समयमान दिए जाने, स्थाई गैंग श्रमिकों को बरसात व ठंड के समय रेनकोट, गरम कोट दिए जाने, समस्त शासकीय अवकाश प्रदाय कराए जाने, स्थाई गैंग श्रमिकों के सामायिक मृत्यु के पश्चात परिवार के आश्रित सदस्यों को वाहन चालक, समयपाल, चौकीदार आदि पदों पर योग्यतानुसार अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किए जाने, लंबे समय से कार्यरत स्थाई गैंग श्रमिकों को योग्यता अनुसार समयपाल, वाहन चालक, चौकीदार, हेल्पर, राजमिस्त्री, बढ़ाई आदि पदों पर पदोन्नत किया जाने और मांगों को पूर्ण कराए जाने हेतु संघ के द्वारा विभागीय मंत्री ताम्रध्वज साहू व विभागीय उच्च अधिकारी से मंत्रालय में मिलकर ज्ञापन सौंपा जाने के संबंध में बैठक अयोजित की गई। कोण्डागांव जिला अंतर्गत तहसील कार्यालय केशकाल में अंशकालीन स्वच्छकर्ता के रूप में कार्यरत महिला कर्मचारी सूर्या बाई को माह जून 2022 से अभी तक सात माह का वेतन भुगतान नहीं किया गया हैं जिससे इसकी हालत दयनीय हो चुकी हैं इस संबंध में विभागीय अधिकारियों से महिला के द्वारा संपर्क करने पर बजट का अभाव बताया जा रहा हैं। इस महिला कर्मचारी को कभी भी नियत समय पर वेतन का भुगतान विभाग के द्वारा नहीं किया जाता हैं। इस संबंध में कलेक्टर जिला कोण्डागांव को महिला कर्मचारी और संघ के पदाधिकारियों के द्वारा ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ही इनके वेतन भुगतान करने का निवेदन किया गया, साथ ही ये महिला कर्मचारी वर्ष 1990 से कार्य कर रही हैं, इसलिए वरिष्ठता को ध्यान में रखते हुए अंशकालीन स्वच्छ करता से पूर्ण कालीन स्वच्छ करता के पद पर पदोन्नति प्रदान करने का निवेदन किया गया हैं। इस बैठक के दौरान संघ के पदाधिकारी गिरिजा शंकर साहू, महामंत्री छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ, चमन लाल वर्मा प्रांतीय सचिव व जिलाध्यक्ष, जयसिंह मरापी कोषाध्यक्ष, मुकेश कुमार देवांगन उप कोषाध्यक्ष, देवेंद्र सेठिया कार्यालय सचिव, सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहें।

# संभाग स्तरीय राजभाषा सम्मेलन व सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा के संरक्षण संवर्धन और संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने को लेकर 21 जनवरी को संभागीय स्तरीय साहित्यकार सम्मेलन और विचार गोष्ठी व स्थानीय भाषा बोलियों की कवि सम्मेलन का आयोजन बस्तर आर्ट एंड लिटरेचर बादल आसना में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगदलपुर विधायक रेखचन्द जैन, पद्मश्री धर्मपाल सैनी, राजभाषा आयोग के सचिव डॉ अनिल भतपहरी जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप आदि की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय भाषा बोलियों और छत्तीसगढ़ी भाषा में अंतर्संबंध पर आधारित विचार गोष्ठी में साहित्यकारों ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर साहित्यकारों का सम्मान राजभाषा आयोग की ओर से सचिव डॉ अनिल भतपहरी सहित गणमान्य मंचस्थ अतिथि द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दूसरे भाग में उपस्थित कवियों द्वारा छत्तीसगढ़ी हल्बी गोंडी व स्थानीय भाषाओं में काव्य पाठ कर खूब तालियां बटोरी गई। उक्त कार्यक्रम में शशांक शेंडे, पूर्णिमा सरोज, भरत गंगादितय्य, रुद्र नारायण पाणीग्राही नरेंद्र पाढ़ी, सुरेश विश्वकर्मा, मथु तिवारी, एसपी विश्वकर्मा,बृजेश तिवारी सहित सुकमा, बीजापुर ,दन्तेवाड़ा, कोण्डागांव सहित सम्भाग भर के साहित्यकार उपस्थित रहें।

# कूकानार ग्राम सभा से ग्रामीणों का हुआ मोहभंग, नहीं होते हैं अब शामिल

पायनियर संवाददाता ✓ सुकमा
www.dailypioneer.com



सुकमा जिले के विकासखण्ड छिंदगढ़ के ग्राम पंचायत कूकानार के ग्रामीणों का अब ग्राम पंचायत में होने वाले ग्राम सभा से विश्वास उठ गया है ग्रामीणों ने अब ग्राम सभा में आना लगभग बन्द कर दिया है विगत दिनों जन चौपाल रखी गई थी। जिसमें अधिकारी कर्मचारी अधिक व ग्रामीण 20 से 25 की संख्या में शामिल हुए और आज सुकमा के कलेक्टर कार्यालय के पंचायत शाखा के आदेशानुसार कूकानार में ग्राम सभा रखा गया था।

परन्तु इस ग्राम सभा में न सरपंच पहुंची और न ही ग्रामीण ग्राम के कुछ पंच,उपसरपंच के साथ सचिव उपस्थित रहे जब हमने ग्राम सभा स्थल में उपस्थित पंच बोलोराम, मेहतर राम व ग्रामीण मुन्नाराम आदि लोगों से ग्राम सभा में ग्रामीणों के न आने के सम्बंध में बात की उन्होंने कहा कि पहली बात तो ग्राम सभा कभी होती नहीं है और पिछले समय जब भी ग्राम सभा हुई ग्रामीणों ने आवेदन दिया जिस पर कभी कोई कार्यवाही नहीं होती इस लिए ग्रामीणों का ग्राम सभा से विश्वास उठ गया है और उन लोगों ने आना छोड़ दिया है विदित हो कि गणतंत्र दिवस के पूर्व यह ग्रामसभा कूकानार बाजार स्थल में रखा गया था व समस्त ग्राम में मुनादी भी करवाई गई थी परन्तु लगातार अपनी मांगों व आवेदनों की उपेक्षा देख कर अब ग्रामीण ग्राम सभा से मुंह मोड़ने लगे हैं।

# नाबालिग के साथ छेड़छाड़, आरोपी को पांच वर्ष की सश्रम कारावास

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को कोर्ट ने पांच वर्ष की सश्रम सजा सुनाई है।

लोक अभियोजक हेंमत गोस्वामी ने बताया कि, अभियुक्त के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता व लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 8 के अंतर्गत आरोप है कि, आरोपी चिरंजीत मण्डल पिता विष्णु मण्डल, उम्र 19वर्ष निवासी- बंगलापारा (सिंगोडीतराई), नारायणपुर ने घटना स्थल गुडरीपारा, नारायणपुर साई मंदिर के पास, थाना व जिला नारायणपुर क्षेत्रान्तर्गत में नाबालिग पीड़िता को उसका रास्ता रोककर सदोष अवरोध कारित कर पीड़िता की लज्जा भंग करने के आषय से उसको छेडछाड कर आपराधिक बल का प्रयोग कर पीडिता को लैंगिक उत्पीडन करने के आशय से उससे शारीरिक संपर्क बनाते हुए लैंगिक स्वीकृति के लिए मांग किया, पीड़िता को किसी सार्वजनिक स्थान में निर्वस्त्र करने के लिए बाध्य करने के आषय से उस हमला कर आपराधिक बल का प्रयोग कर लैंगिक हमला करने के आषय से बारबार उसका पीछा कर पीड़िता को बेईज्जत करने की नियत से पकड़ कर उस पर लैंगिक हमला कारित किया। इस प्रकरण के संबंध में विशेष लोक अभियोजक हेंमत गोस्वामी ने पीड़िता के नाबालिग होने के संबंध में बताया कि, पीड़िता ने न्यायालय में अपनी जन्मतिथि 6 जुलाई 2004 होना कथन किया हैं और अभियोजक द्वारा प्रकरण में दस्तावेज के रूप में



पीड़िता के प्राथमिक शाला का दाखिल खारिज रजिस्टर को प्रस्तुत किया गया। जिसे प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक द्वारा प्रमाणित कर पीड़िता की जन्मतिथ 6 जुलवाई 2004 होना बताया गया व द्वितीय दस्तावेज के रूप में पीड़िता के कक्षा पांचवी व आंठवी की अंकसूची को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जिसमें भी पीड़िता की जन्मतिथि 6 जुलाई 2004 अंकित हैं और घटना 14 सितंबर 2019 को पीड़िता की उम्र 15 वर्ष 2 माह 8 दिन होकर अव्यस्क होकर बालक की श्रेणी में आती थी। इस घटना के संबंध में विशेष लोक अभियोजक हेंमत गोस्वामी ने विस्तृत तौर पर बताया कि 14 सितंबर 2019 को पीड़िता स्कूल से अपने घर सायकल से वापस जा रही थी और सांई मदिंर से थोडी दूर पहुंची थी, उसी समय आरोपी सड़क पर अपनी गाड़ी मोटर सायकल को रोककर खड़ा था, वह जैसे ही वहां पर पहुंची आरोपी उसकी सायकल को पीडे से पकड कर खींचकर गिरा दिया। जिससे वह कीचड़ में गिर गयी फिर आरोपी उसका चुनरी पकड कर खींचने लगा उसकी चुनरी में पिन लगा हुआ था, इसलिए पह चुनरी नहीं निकला। आरोपी उसे कहने लगा कि, चल मेरे साथ यदि तु मेरे साथ नहीं जायेगी तो वह उसके साथ बलात्कार कर देगा। पीडिता जब भी स्कूल से घर वापस आती थी, उस समय आरोपी हमेषा उसका पीछा करते रहता था। घटना दिनांक को जब पीडिता समय पर घर नहीं पहुंची तब उसके पिता उसे खोजते हुये स्कूल की तरफ आ रहे थे, उसके पिता को आते हुए आरोपी देख लिया और उसे छोडकर आरोपी अपनी मोटर सायकल लेकर वहां से भाग गया।


KVB Karur Vysya Bank
Smart way to bank

दि करूर वैश्य बैंक लिमिटेड
रायपुर शाखा
ईपीआई सेंटर, निकट यशवंत हॉस्पिटल, जी. ई. रोड
तात्यापारा, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (1) के तहत जारी

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने **दि करूर वैश्य बैंक लिमिटेड** के प्राधिंत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (द्वितीय) अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम 54 ) के तहत और धारा 13 ( 12 ) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन ) नियमावली, 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित **05-05-2022** जारी की थी, जिसमें **(1) मैसर्स माईपे शॉप (कर्जदार),** एम. आई. जी. डूप्लेक्स 101, फेस-4, कबीर नगर, रायपुर-492099 **(2) श्रीमती सोनी पाण्डे (भागीदार सह गारन्टर)**, एम. आई. जी. डूप्लेक्स 101, फेस-4, कबीर नगर, रायपुर-492099 **(3) श्रीमती पूजा मिश्रा (भागीदार सह गारन्टर)**, एम. आई. जी. डूप्लेक्स 101, फेस-4, कबीर नगर, रायपुर-492099, **(4) श्री पवन कुमार तिवारी (गारन्टर)**, मकान नं0 जनता 1252, स्लाईस-3, वीर सावरकर नगर, हीरापुर, रायपुर 492099, से सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि **रु. 9,38,022.52 (नौ लाख, अड़तीस हजार, बाईस रुपयें बावन पैसे मात्र)** का भुगतान आगे ब्याज के साथ उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार/गारंटर उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, अतः एतद्द्वारा कर्जदार/गारंटर तथा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा **21 जनवरी, 2023** को प्राप्त कर लिया है।

कर्जदार गारंटर को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्ति के संबंध में कोई संव्यवहार नहीं करें तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार दि करूर वैश्य बैंक लिमिटेड की बकाया राशि **रु. 9,38,022.52 (नौ लाख, अड़तीस हजार, बाईस रुपये बावन पैसे मात्र)** तथा उस पर ब्याज, लागत और खर्चों के प्रभाराधीन होगा।

**कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

अचल सम्पत्ति का वर्णन

सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड सम्पत्ति आवासीय भूमि परिमाप 48.675 वर्ग मीटर (532.74 वर्ग फीट) स्थित मौजा-हीरापुर, पी.सी. नं0 10/35 (वीर सावरकर नगर, वार्ड नं0 1, अन्तर्गत हीरापुर हाउसिंग बोर्ड योजना, अनुच्छेद सं0 9), छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, म0 नं0 एल. आई. जी. - 1773 स्लाईस -III, खसरा नं0 482/1, 482/4, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ जो श्री पवन कुमार तिवारी के नाम है और जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार है :-

उत्तर : एल. आई. जी. - 1772 | दक्षिण : एल. आई. जी. - 1774
पूरब : अन्य की भूमि | पश्चिम : रोड

**स्थान : रायपुर**
**दिनांक : 21/01/2023**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**दि करूर वैश्य बैंक लिमिटेड**

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मनोहर वैष्णव स्कूल में लगेगी प्रतिमा : मुख्यमंत्री

## विभिन्न सामाजिक भवनों के निर्माण की दी स्वीकृति, प्रेस क्लब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए देने की घोषणा

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तिल्दा-नेवरा विकासखण्ड के ग्राम सरोरा और बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम पुरैना खपरी में आम जनता से भेंट-मुलाकात के पश्चात शाम को कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर बलौदाबाजार में विभिन्न समाज एवं संगठनों के प्रतिनिधिमंडल से भेंट-मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान सभी समाज के प्रतिनिधियों से उनकी मांगों और स्थानीय समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर जन आकांक्षा के अनुरूप बलौदाबाजार स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मनोहर वैष्णव स्कूल में उनकी प्रतिमा स्थापित किए जाने तथा गणेशशंकर बाजपेयी हाई स्कूल के भवन का निर्माण कराए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने बलौदाबाजार में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रेस क्लब भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए की स्वीकृति दी।

मुख्यमंत्री ने यादव समाज को तहसील स्तर में सामुदायिक भवन के लिए 5 लाख रूपए, सरोरा में तहसील साहू संघ के सामाजिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, बलौदाबाजार एवं भाटापारा में जायसवाल समाज के भवन निर्माण के लिए 20-20 लाख रूपए, जिला गोंड़ समाज के समरसता भवन के प्रथम तल के निर्माण एवं उन्नयन के लिए 20 लाख रूपए, सिंधी समाज के भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए, मरार समाज के छात्रावास के लिए 20 लाख रूपए, सुन्नी मुस्लिम समाज के भवन के लिए 15 लाख रूपए देने की घोषणा की। चेम्बर ऑफ कॉमर्स तिल्दा और बलौदाबाजार को जमीन तथा रजतकार समाज के सामाजिक छात्रावास भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने ट्रक यूनियन बलौदाबाजार के आग्रह पर ट्रक यार्ड ट्रांसपोर्ट नगर बनाने के लिए जमीन चिन्हांकित करने के निर्देश कलेक्टर को दिए। इसी प्रकार ईसाई समाज के कब्रिस्तान में बाउण्ड्रीवाल तथा भवन निर्माण के लिए जमीन आबंटन कराने के निर्देश दिए गए। मेहर समाज बालौदाबाजार को भवन निर्माण के लिए भूमि देने के लिए निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से भेंट-'मुलाकात के दौरान कंवर समाज के सामाजिक भवन के लिए जमीन होने पर 20 लाख रूपए राशि देने का आश्वासन दिया। इसी प्रकार नायक बंजारा समाज के पास खुद की जमीन होने पर 20 लाख रूपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सिख समाज को भवन निर्माण के लिए जमीन लेने के बाद राशि देने का आश्वासन दिया। केशरवानी समाज, साहू समाज, महेश्वरी समाज, यादव समाज, मराठा समाज, अवधेलिया समाज, धीवर समाज को भवन निर्माण के लिए भूमि आंबटन करवाने की बात कही। राजपूत क्षत्रिय समाज ने मुख्यमंत्री से बलौदाबाजार जिला मुख्यालय में महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापित करने की मांग की। मुख्यमंत्री से सेन समाज ने मुलाकात कर केश शिल्पी बोर्ड के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतिनिधिमंडल द्वारा नाई ट्रेनिंग सेन्टर खोलने के लिए जमीन की मांग पर मुख्यमंत्री ने रीपा में नाई कार्य के लिए ट्रेनिंग सेन्टर खोलने के निर्देश दिए और समाजिक भवन के लिए जमीन देने की बात कही। कुर्मी समाज के मंगल भवन में आहाता निमार्ण कराने के निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बलौदाबाजार में गढ़कलेवा का किया लोकार्पण

## ग्रामीण परिवेश का अनुभव कराने गढ़कलेवा में किया गया है कुरिया का निर्माण



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में 3 हजार स्क्वायर फीट में निर्मित गढ़कलेवा का लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गढ़कलेवा का अवलोकन किया और स्व सहायता समूह की महिलाओं से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने स्व सहायता समूह की महिलाओं से गढ़कलेवा में व्यवस्थाओं की जानकारी ली। अर्चना महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि छत्तीसगढ़ी व्यंजन चीला,फरा, ठेठरी, खुरमी, अईरसा, चैसेला, तसमई, करी लड्डू, सोहारी अन्य विविध प्रकार के व्यंजन गढ़कलेवा में उपलब्ध रहेंगें। महिलाओं ने बताया कि गढ़कलेवा में दूध से दही एवं घी तथा डिब्बा बंद सूखा आयटम, तिल लड्डू, नमकीन, करी लड्डू, सलोनी, मूरकू, खाजा, बालूशाही, खुरमी, बिजौरी भी खरीददार खरीद सकते है। गढ़कलेवा में आने वाले ग्राहकों के लिए बैठक की दो प्रकार की व्यवस्था की गई है। पहला आउटडोर एवं दूसरा इनडोर में जहां पर ग्राहक पसंदीदा व्यंजनों का स्वाद ले सकते है। उल्लेखनीय है कि गढ़कलेवा में ग्रामीण परिवेश का अनुभव कराने के लिए अलग से कुरिया का निर्माण किया गया है। जहां पर जमीन में बैठकर छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लुफ्त उठाने के लिए गोबर से लिपाई की गई है। गढकलेवा में आकर्षक सेल्फी पाइंट सहित वाईफाई की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही ग्राहकों को फ्री वाई फाई की भी सुविधा मुहैया करायी जाएगी।

# परीक्षा पर चर्चा 2023 के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी कला प्रतियोगिता का आयोजन



पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

केंद्रीय विद्यालय महासमुंद में 23 जनवरी को परीक्षा पर चर्चा 2023 के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों से 100 प्रतिभागियों द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया प्राचार्य अनूप अवस्थी, निर्णायक मंडल जयराम पटेल, रिचा वर्मा एवं नेहा भारद्वाज के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा अंत में निर्णायक मंडल एवं प्राचार्य महोदय के द्वारा सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट के साथ एग्जाम वारियर्स की पुस्तक एवं सर्वोत्तम 5 प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट के साथ भारतीय स्वतंत्रता सेनानी की पुस्तक पुरस्कार एवं भेट स्वरूप प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन जी के निर्मलकर, वन्दिनी जौहरी एवं समस्त शिक्षकों के सहयोग से सफलता पूर्वक संपन्न किया गया।

# शासकीय अधिकारी कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ दिव्यांग शासकीय अधिकारी कर्मचारी संघ का एक आवश्यक बैठक 22 जनवरी को दिन रविवार को बहु विकलांग भवन जिला महासमुंद में जिला कार्यकारिणी का आवश्यक बैठक रखा गया था जिसमे प्रांतीय अध्यक्ष पुकराम कुर्रे द्वारा विचार व्यक्त करते हुए कहा की संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया गया एवम समस्त समस्या दूर करने का आव्हान भी किया गया जिला अध्यक्ष चरण साहू जीने समस्त विकास खंड के कर्मचारियों का डोर टू डोर संपर्क करने कहा गया साथ ही जिला इकाई के रिक्त पद में जिला सलाहकार कपिल ध्रुव,नियुक्त किया गया कपिल ध्रुव ने भी अपना विचार प्रकट करते हुवे कहा कि संगठन को मजबूत करने के साथ साथ दिव्यांग के अधिकार ,शासन के विभिन्न लाभ से अवगत कराया जाए।

# सर्वहारा वर्ग व कृषकों का विकास, सरकार का अहम उद्देश्य : मुख्यमंत्री

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com




भेंट मुलाकात में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने क्षेत्रिय लोगो को अनेकों सौगात दी है, जिनमें शिक्षण विकास से लेकर यातायात सुगमता सड़क मार्ग तक का है। रायपुर जिला तिल्दा विकासखंड क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सरोरा में बीते दिन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भेंट मुलाकात का कार्यक्रम आयोजित था। नियत समय से एक घंटा विलंब से पहूचे मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने भेंट मुलाकात में नरूवा, घुरूवा, बाड़ी जैसे महत्वाकांक्षी योजनाओ को लेकर ग्रामीणों के मध्य समीक्षा किया, वहीं मुख्यमंत्री भुपेश बघेल क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद करते हुए सरकार द्वारा रिकार्ड धान खरीदी को लेकर छत्तीसगढ़ के कृषकों को बधाई भी दिया। इस अवसर पर क्षेत्रिय ग्रामीण जनों ने शासन के रोजगार मूलक योजनाओं को काफी सराहा। शासन के किसान ऋण माफी को लेकर कृषक वर्ग काफी उत्साहित दिखे। हजारों की संख्या में उपस्थित क्षेत्रिय ग्रामीणों की समस्याओं से मुख्यमंत्री भुपेश बघेल रूबरू हुए और वहीं जनसमस्याओं के निराकरण का आदेश संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही दिया।

# दिव्यांग कर्मचारी को आवागमन की सुविधा पूर्ण जगह में पोस्टिंग, प्रदोन्नति, ट्रांसफर किया जाय



पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

महासमुंद में चर्चा के बाद शासकीय बहु विकलांग भवन जिला महासमुंद के अधिक्षक एवम सिविल सर्जन डॉक्टर अलका परदल के द्वारा दिव्यांग कर्मचारी के कलैंडर का विमोचन किया गया बैठक में प्रांत अध्यक्ष पुक राम कुर्रे, जिलाअध्यक्ष चरण सिंह साहू, सचिव प्रफुल बरिहा,कीर्तन पटेल, सफीक अहमद, जितेंद्र साहू, अमरपटेल, केशव निषाद, पुरन पटेल, मोहर दास बंजारे, टिकेश्वर सिदार, बजरंग यादव, मोहर सिंह मरकाम आदि शामिल थे।

# सरपंच नेमसिंह कटरिया का 04.25 लाख ऋण माफ

पायनियर संवाददाता < तिल्दा
www.dailypioneer.com

विकासखंड,ग्राम पंचायत खम्हरिया के सरपंच नेमसिंह कटरिया ने भेट मुलाकात के दौरान बताया कि उनकी 04.25 लाख की ऋण माफी हुई है, वहीं धान की समर्थन मूल्य के बिक्री से लाभार्थी ने खेत में बोर कराया, ट्रैक्टर खरीदा वहीं ब्रेजर कार का क्रय भी किया है, उन्होंने भुपेश सरकार की जनहितैषी योजनाओं की काफी सराहना किया।

**तिल्दा -नेवरा क्षेत्र को मिला करोड़ों की सौगात** : क्षेत्र में विकास की सौगातों की झड़ी लगाते हुए मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने ग्राम पंचायत खम्हरिया के सरपंच नेमसिंह कटरिया के मांगों पर मिडिल स्कूल खोले जाने की घोषणा किया वहीं ग्राम पंचायत ताराशिव में हायर सेकंडरी स्कूल खोले जाने की मांग पर सहमति जताई, इसी तरह ग्राम पंचायत सरोरा से परसदा एवं ग्राम पंचायत सरोरा से बिनेका तक पक्का सड़क मार्ग, ग्राम पंचायत सरोरा स्वास्थ्य केंद्र में संचालित एक बिस्तर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में 03 अतिरिक्त बिस्तरों की स्वीकृति, एन एच मार्ग सांकरा से तिल्दा तक 12 किलोमीटर सड़क का जीर्णोद्धार व चौड़ीकरण, सासाहोली हाईस्कूल का उन्नयन कर हायर सेकेण्डरी, तिल्दा -नेवरा हास्पीटल के मातृ एवं शिशु कल्याण वार्ड के लिए 50बिस्तर के नवीन भवन का निर्माण, तिल्दा -नेवरा कोस्टा कांलेज में एम एस सी साइंस ग्रुप एवं कला संकाय में भुगोल कला प्रारंभ, तिल्दा -नेवरा नगरपालिका परिक्षेत्र वार्ड क्रमांक 19 के बड़े तालाब का सौंदर्यकरण एवं पचरी निर्माण, जोता से भुरसुदा व रणबौर मेला स्थल तक सड़क मार्ग निर्माण, सतभंवा -कोटा मार्ग का निर्माण, निनवा साहु समाज भवन के लिए तीन लाख की स्वीकृति, तरपोगी हाईस्कूल रंगमंच हेतु दस लाख की स्वीकृति, मिली, भेंट मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हाट बाजार क्लिनिक योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर क्षेत्रवासियो से मुखातिब हुए।

# शहर के यातायात व्यवस्था में हो सुधार : आप



**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चंद्राकर के नेतृत्व में यातायात विभाग के डी एस पी राजेश देवांगन के नाम से उनके अनुपस्थिति में आरक्षक पुष्पेंद्र प्रजापति को ज्ञापन सौप कर मांग किया कि शहर की यातायात व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करें,शहर में आए दिन ट्रैफिक लाइट बंद रहती हैं, चौकों में ट्रेफिक पुलिस नहीं होती जिसके कारण लोग बेधड़क निडर होकर यातायात व्यवस्था की धज्जियां उड़ाते हुए चौक चौराहो को पार कर रहे है, सबसे बड़ी मुसीबत शहर मे बाइक रेस करने वाले युवा है जो तेजी से शहर में रेस लगाते रहते हैं ये नाबालिक ल?के गाड़ियों के साइलेंसर में विशेष परिवर्तन कर, भारी पटाखे के सामान आवाज कर सड़क पर आने जाने वाले लोगों को परेशान करते हैं जिस पर यातायात पुलिस का कोई अंकुश नहीं है, इसी तरह शहर के कचहरी चौक और भाजपा कार्यालय के पास डिवाइडर की सख्त जरूरत है जहां पर रोज आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है,आम आदमी पार्टी है यह मांग करती है की यातायात विभाग तत्काल इन बाइकर्स गेंगो पर कार्रवाई करें।

# चिरायु योजना से बच्चों को मिल रहा है लाभ

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जिले में स्वास्थ्य विभाग की टीम स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करती है। इसमें कई ऐसे स्वास्थ्य संबंधित मामले मिल रहे है.जिससे बच्चों और उनके परिवार को काफी परेशानी होती आ रही है। ऐसे ही एक प्रकरण में कसडोल में 12 से 14 वर्ष के तीन बच्चों को जन्मजात मोतियाबिंद की शिकायत जांच के दौरान पाई गई। जन्मजात मोतियाबिंद तब होता है जब जन्म के समय आंख का लेंस साफ होने के बजाय उसमें क्लाउड आ जाता है. जिससे पीड़ित बच्चे को देखना मुश्किल हो जाता है। इसी प्रकार विकासखण्ड भाटापारा की चिरायु टीम द्वारा एक 10 वर्षीय बच्ची में कटे-फटे होंठ की शिकायत पाई गई। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया की उक्त दोनों ही प्रकरण में माता-पिता की कमजोर आर्थिक



स्थिति के कारण उनके उपचार में परेशानी थी। ऐसे में चिरायु योजना का लाभ उन्हें प्रदान किया गया। इसके माध्यम से रायपुर के मेकाहारा में बच्चों का उपचार किया गया जो कि सफल रहा और वह सब पूरी तरह स्वस्थ हैं। मोतियाबिंद से पीड़ित एक बच्ची के पिता मोहन लाल चौहान ने कहा की उनकी 12 वर्षीय बच्ची को जन्म से ही धुंधला दिखता था जो समय के साथ बढ़ता गया ऐसे में इस उपचार से अब बच्ची सामान्य हो गई है। उक्त निरीक्षण के समय चिरायु कसडोल टीम से डॉ उत्तम मरावी,डॉ नेहा देवांगन,डॉ सरिता,डॉ सुभाष साहू,डॉ तिरिथ पैकरा,शिव शंकर साहू जबकि भाटापारा टीम से डॉ सेवक राम साहू,डॉ सारा राम,बिंदु चौहान,वंदना वर्मा एवं अंजू साहू शामिल थे।

## संयुक्त किसान मोर्चा का देशव्यापी आह्वान

# 26 जनवरी को होगी महासमुंद नगर में किसान तिरंगा ट्रैक्टर रैली

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



संयुक्त किसान मोर्चा दिल्ली के देशव्यापी आह्वान पर सभी फसलों और सभी किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी के लिए दूसरे चरण की किसान आंदोलन की तैयारी है ताकि सभी किसानों को उनके सभी फसलों या उत्पादों जैसे धान, गेंहू, सब्जी, फल, दूध आदि का बारहवों महीने चाहे सरकार खरीदे या व्यापारी खरीदे सभी जगह न्यूनतम समर्थन मूल्य प्राप्त हो सके। हर किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य, हर फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य संदेश के साथ 26 जनवरी 2023 दिन गुरुवार को सुबह 08 बजे कृषि उपज मंडी पिटियाझर महासमुंद से किसान तिरंगा ट्रैक्टर रैली निकलेगी जो सुबह 9 बजे तक महासमुंद नगर का भ्रमण करेगी।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला पंचायत सदस्य महासमुंद एवं छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ के संयोजक मंडल सदस्य जागेश्वर जुगनू चन्द्राकर ने बताया कि सभी फसलों और सभी किसानों को बारहों माह न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारण्टी मिल सके यह सभी किसानों का मूलभूत अधिकार है। कोई भी कंपनी जब अपना मॉल अथवा सामान तैयार करता है तो वह बाजार में बेचने के लिए उसका एक अधिकतम खुदरा मूल्य निर्धारित करती है जिसे एमआरपी कहते हैं जिसमें उपभोक्ताओं को लगने वाला टैक्स भी शामिल रहता है जिस मूल्य पर वस्तु बेचकर कंपनी अपना मुनाफा कमाता है और साथ ही साथ बेचने वाले को भी उनका लाभ मिल जाता है लेकिन किसानों को अपने उत्पादन किये फसल का मूल्य निर्धारण का अधिकार नहीं है और तो और जिन फसलों का सरकार स्वयं न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी निर्धारित करती है वह दाम भी किसानों को प्राप्त नहीं होता है। इसलिए सभी फसलों और सभी किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी मिल सके, न्यूनतम समर्थन मूल्य का गणना स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप उत्पादन लागत से डेढ़ गुणा अधिक हो तभी किसानों को लाभ होगा।

> किसानों को कर्जमाफी का झुनझुना नहीं चाहिए किसानों को पूर्ण कर्ज मुक्ति चाहिए और यह तभी संभव होगा जब किसानों को बारहवों महीने उनकी सभी फसलों या उत्पादों जैसे धान, गेंहू, सब्जी, दूध, फल आदि का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलेगी।
>
> **-जागेश्वर जुगनू चन्द्राकर,** जिला पंचायत सदस्य महासमुंद एवं छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ के संयोजक मंडल सदस्य

# समरसता भवन आदिवासी गोंड समाज के लिए बीस लाख दिए

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





बेंट मुलाकात के दौरान सीएम भूपेश बघल ने समरसता भवन आदिवासी गोंड समाज के लिए बीस लाख रुपए की गोषणा की। मुख्यालय के अंदर चौक चौहारे का हमारे शहीद के नाम करने के लिए, गुंडा धूर, रानी दुर्गावती, दादा हीरा सिंह मरकाम, संत राम कंवर गेंद सिंह राजा के नाम से, आदिवासी बालक छात्रावास भाठागांव के लिए सभी सी रोड़ निंमाण के लिए,संयुक्त कलेक्टर कार्यालय का नाम,शहीद वीर नारायण सिंह जी के नाम से करने के लिए,समरसता भवन के बोर में नल जल के लिए 1,00000/एक लाख रुपए, सोनझरी समाज के लिए जाति प्रमाण पत्र के संबंध में दिया गया,जिसमें भेट मुलाकात के समय मुख्यमंत्री से बातचीत करते हुए बात रखा गया। इसके उपरांत हमारे मुख्यमंत्री ने समरसता भवन के लिए 20, बीस लाख, क्षतिपूर्ति राशि 2 दो लाख रुपए दिए। किसी भी महान शहीद के नाम से चौक को रखने के लिए स्वीकृति प्रदान करने के साथ ही साथ, नल जल के लिए समरसता भवन में 1 एक लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान किया गया है। जिसके लिए हम आदिवासी समाज ने बधाई और धन्यवाद, आभार ज्ञापित किया हैं। शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति संस्थान सोना खान, व छ गं अनु जन जाति शा सेवक विकास संघ जिला इकाई बलौदाबाजारआभार जताया है।

# 40 वर्षों पुरानी जिले की मांग अब कांग्रेस के गले की बन रही फांस आखिरकार मुख्यमंत्री अपना किया हुआ वादा क्यों नहीं कर रहे पूरा

## प्रदेश भर में भेंट मुलाकात करने निकले मुख्यमंत्री भाटापारा क्यों नहीं आ रहे हैं?

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार के 4 साल पूरे हो गए और चुनाव को अब कुछ ही महीने शेष रह गए हैं जैसे-जैसे चुनाव निकट आता जा रहा है वैसे वैसे जिले का मुद्दा और गर्माता जा रहा है। 40 वर्षों पुरानी जिले की मांग धीरे-धीरे अब कांग्रेस के गले की फांस बनता जा रहा है इसकी वजह भी वे स्वयं है। विदित हो कि 4 साल पहले विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर लोकोत्सव मैदान में हजारों की भीड़ के बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस की सरकार आने पर भाटापारा को स्वतंत्र जिला बनाने का वादा किया था परंतु अब तक वे अपने वादे पर खरा नहीं उतरे हैं। यहां की आम जनता का केवल एक ही सवाल है, आखिरकार मुख्यमंत्री अपना किया हुआ वादा पूरा क्यों नहीं कर रहे हैं?




**जो कहते हैं वो करते हैं** -प्रदेश के मुखिया के साथ-साथ कांग्रेसी भी यह कहते हैं कि कांग्रेस जो कहती है वह करती भी है परंतु जिले के मामले पर उनकी यह बात हजम नहीं हो रही है। इधर भाजपा इस मुद्दे को भुनाने की कोशिश में लगी हुई है, क्योंकि यदि जिला नहीं बना तो इसका सीधा खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ेगा। हालांकि भाजपा ने कभी नहीं कहा कि वो भाटापारा को जिला बनायेंगे लेकिन अब जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आता जा रहा है भाजपाई भी वादा कर रहे हैं कि हमारी सरकार आने पर हम भाटापारा को जिला जरूर बनाएंगे।

**विकास की राह में पिछड़ा भाटापारा-** भाटापारा लगातार विकास की राह में पिछड़ते जा रहा है। एक ओर जो सुविधाएं केंद्र सरकार से पूरी कराई जा सकती हैं उस पर भाजपा ध्यान नहीं दे रही है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस का विधायक नहीं होने के कारण सत्ता पक्ष द्वारा विकास कार्यों को नजरअंदाज किया जा रहा हैं। कुल मिलाकर यहां की जनता के लिए आगे कुआं पीछे खाई है। विकास के लिए जनप्रतिनिधि जिम्मेदार होते हैं, परन्तु यहां के जनप्रतिनिधि कुंभकरण की नींद में सोए हुए हैं। कुंभकरण भी 6 माह में जाग जाता था परंतु यहां के जनप्रतिनिधि जागने का नाम ही नहीं ले रहे हैं।

**गणतंत्र दिवस पर नजरें टिकी -** भाटापारा की आम जनता की नजरें अब गणतंत्र दिवस पर टिकी हुई है इस आशा के साथ की शहीद नंद कुमार पटेल का सपना पूरा करते हुए प्रदेश के मुखिया गणतंत्र दिवस के दिन भाटापारा को जिला जरूर बनाएंगे। क्या मुख्यमंत्री क्षेत्र की जनता के विश्वास पर खरा उतर पाएंगे यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा, लेकिन यहां की आम जनता चाहती है कि वे अपने वादे के अनुरूप भाटापारा को स्वतंत्र जिला घोषित करे।

**मुख्यमंत्री क्यों नहीं आ रहे भाटापारा-** क्षेत्र की जनता इस सवाल का जवाब ढूंढने में लगी है कि आखिरकार प्रदेश भर में भेंट मुलाकात करने के लिए निकले मुख्यमंत्री भाटापारा क्यों नहीं आ रहे हैं? खासकर हारी हुई सीटों पर मुख्यमंत्री खासा फोकस कर रहें हैं। कांग्रेसी अक्सर यह कयास लगाते हैं कि मुख्यमत्री भेंट मुलाकात के लिए जिस दिन भी भाटापारा आयेंगे जिले की घोषणा करके जाएंगे। अब यह तो भविष्य के गर्भ में हैं कि वे कब आयेंगे और भाटापारा को जिला कब बनायेंगे।

# पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन के प्रयास में शहर में बिछ रह डामरीकृत सड़कों का जाल

### आवजाही में लोगो को होगी सुविधा धूल से भी मिलेगी मुक्ति

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन के प्रयास एवं नेतृत्व में नगर के विभिन्न वार्डो में डामरीकृत की सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। डामरीकृत सड़के बनने से लोगो को धूल से राहत मिलेगी वही आवाजाही भी सुलभ और आरामदायक होगी। बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष मेमन ने बस स्टैंड में सड़क डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ठेकेदार को सड़क निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही बस स्टैंड में डामरीकरण के कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। ज्ञात हो की हफ्ते भर से नगर में सड़क डामरीकरण का कार्य जारी है। नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन के प्रयास से सड़क डामरीकरण के लिए राज्य शासन से स्वीकृति मिली है। जानकारी के मुताबिक् अब तक नगर के शिव मंदिर से शीतला मंदिर मार्ग, बजरंग चौक से यादवपारा, सब्जी मार्केट, सुभाष चौक क्षेत्र में सड़क डामरीकरण का कार्य पूरा हो चुका है, वर्तमान में बस स्टैंड में सड़क डामरीकरण का कार्य जारी है। इसके बाद नगर के अन्य वार्डो में भी सड़क डामरीकरण कार्य किया जाना है। इधर, विभिन्न वार्डो में डामरीकृत होने से सड़के नई दिखाई देने साथ ही चौड़ी भी नजर आ रही है। इससे नगरवासी भी काफी खुश है, उनका कहना है कि डामरीकरण होने से सड़क साफ नजर आ रही है, आवाजाही में भी आसानी होगी। पैदल चलने वालो को भी सहूलियत होगी। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष मेमन ने बताया कि लाखों रुपए खर्च कर नगर के सभी वार्डो में डामरीकृत सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, ये सड़के उच्च गुणवत्ता वाली बनाई जा रही है, ताकि आगामी चार पांच वर्ष तक मजबूती से टिकी रही।

# कलेक्टर ने ली जिला स्तरीय समीक्षा एवं परामर्शदात्री दात्री समिति की बैठक

### बैंकर्स लोन स्वीकृत ही नहीं वितरण भी सुनिश्चित करें: कलेक्टर

- हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित लोन समय सीमा में स्वीकृत करें

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर प्रभात मलिक ने बैंकों के कामकाज की समीक्षा से संबंधित जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक ली। उन्होंने कहा कि सभी बैंक सीडी रेश्यो यानि ऋण जमा अनुपात को 60 प्रतिशत तक लाए। साथ ही कहा कि विकासखंड स्तर पर सभी डाटा को एमआईएस में एंट्री करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत स्वीकृत क्लेम को संबंधित परिजनों को तत्काल पहुंचाए। विलंब होने पर संबंधित शाखा प्रबंधक की जवाबदारी तय करने के निर्देश दिए। बैठक में शासकीय योजनाओं संबंधित लोन की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि सभी बैंक शाखा अनिवार्य रूप से ब्लॉक लेवल समिति की बैठक में उपस्थित रहे। साथ ही कहा कि शासकीय योजनाओं के अंतर्गत बैंकों में भेजे गए प्रकरणों को प्राथमिकता से स्वीकृत करें। उन्होंने राष्ट्रीय आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, जिला अंत्योदय स्वरोजगार योजना, जिला व्यापार उद्योग केंद्र, मत्स्य पालन से संबंधित स्वीकृति और वितरण की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि विभाग लोन स्वीकृति के साथ ही लोन वितरण की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि लोन वितरण के लिए विभाग बैंक के साथ मिलकर समन्वय बनाए। मलिक ने यह भी कहा कि जिले के दूरस्थ ग्राम पंचायतों में बैंक की शाखाएं खोलने हेतु प्रस्ताव दें। इनमें शोभा, रसेला, सीनापाली, झाखरपाली जैसे ग्राम शामिल हैं। अंत्यावसायी विभाग को रिपोर्टिंग में सावधानी बरतने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि स्वनिधी योजना अंतर्गत ऐसे हितग्राहियों को पुनः लोन दे जो पहले लोन को चुका दिए हैं। कलेक्टर ने राजिम मेला में मोबाइल एटीएम लगाने हेतु बैंकों को निर्देश दिए हैं। बैठक में नाबार्ड द्वारा जिले के संभाव्यतायुक्त ऋण योजना के संबंध में बुकलेट का भी विमोचन किया गया। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोक्तिमा यादव, रिजर्व बैंक के. पी गोपीनाथ।

# सरपंच प्रेम चौबे के नेतृत्व में अवैध अतिक्रमण की शिकायत



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

ग्राम धौराभाटा के नहर किनारे की सडक के सामने लगभग आधा एकड की घास जमीन पर भू मफिया द्वारा अवैध अतिक्रमण किया जा रहा था जिसे मंगलवार को ग्राम धौराभाटा सरपंच प्रेम चौबे के नेतृत्व मे ग्रामवासियों की एकजुटता और उक्त अतिक्रमण का पूर्ण विरोध दर्ज होने पर तहसीलदार दीवान व पटवारी के स्थल निरीक्षण के बाद उक्त जमीन को ग्राम हित मे पंचायत द्वारा काटा तार घेरा कर इस जमीन को सुरक्षित किया। वही तहसीलदार दीवान ने जानकारी लेने पर बताया की उक्त जमीन घास जमीन है जो की शासकीय भूमि के अंतर्गत सुरक्षित किया गया है। वहीं मुख्य रुप से पंच, सरपंच, उपसरपंच व जनपद सदस्य सहित भारी संख्या मे ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# निगम आयुक्त व्यास के निर्देश पर कई स्थानों पर जोन आयुक्त ने किया अधिकारियों के साथ निरीक्षण

### अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंगों-भवनों की जांच प्रारंभ

- निर्माणाधीन भवनों के परमिशन संबंधी दस्तावेज की हो रही जांच, भवन अनुज्ञा के विपरीत निर्माण कार्य तो नही हो रहे है, इसकी भी हो रही चेकिंग

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत कैलाश नगर भगवा चौक के पास निर्माणाधीन भवनों एवं बिल्डिंगों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में निर्माणकर्ताओं को दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है और सोमवार तक की मोहलत दी गई है। आज भिलाई के कैलाश नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का सघन रूप से निरीक्षण कर निर्माणाधीन भवनों का जायजा लिया गया।

भगवा चौक के समीप 5 स्थानों पर निर्माण कार्य हो रहे थे। जिनमें से 3 लोग अपने दस्तावेज नहीं दिखा पाए तथा दो लोग भवन अनुज्ञा लेकर निर्माण कर रहे थे। इन तीन लोगों को दस्तावेज प्रस्तुत करने सोमवार तक की मोहलत दी गई है। जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत कैलाश नगर में राजाराम गुप्ता, बिरजू चौधरी, रंजीत कुमार दास, सुब्रतो मोदक तथा प्रदीप कुमार सिंह आदि के द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण निगम ने किया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा के निर्देश पर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने निगम के सभी जोन आयुक्त को निर्माणाधीन भवनों तथा निर्माण कार्यों की जांच करने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में निर्माण कार्यों की जांच की जा रही है। निर्माण कार्यों के लिए भवन अनुज्ञा ली गई है या नहीं और अगर अनुज्ञा ली गई है तो क्या अनुज्ञा के अनुसार निर्माण कार्य हो रहा है इसकी जांच भी की जा रही है। निर्माण कार्य यदि अनुज्ञा के विपरीत है या अनुज्ञा प्राप्त नहीं है तो इस पर प्रारंभिक तौर पर ही कार्रवाई करना तथा रोक लगाना आसान हो जाता है। भिलाई निगम क्षेत्र के सभी स्थानों पर निर्माणाधीन भवनों एवं निर्माण कार्यों की जांच की जाएगी।

# कलेक्टर-एसपी ने किया गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के फाइनल रिहर्सल का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



गणतंत्र दिवस पर पुलिस परेड ग्राउंड में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों का अंतिम रिहर्सल कलेक्टर प्रभात मलिक और पुलिस अधीक्षक अमित कांबले ने किया। रिहर्सल के दौरान निर्धारित कार्यक्रमों का मॉक ड्रिल किया गया। रिहर्सल में मुख्य अतिथि का आगमन, ध्वजारोहण, मार्चपास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन का रिहर्सल किया गया। कलेक्टर प्रभात मलिक ने कार्यक्रमों के रिहर्सल का अवलोकन करने के बाद संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम के गरिमामय और प्रभावी प्रस्तुति के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर बैठक व्यवस्था के लिए भी आवश्यक सुझाव दिये। इसके अलावा मंच का साज-सज्जा और अन्य व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। अधिकारियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी अवलोकन किया और आवश्यक सुझाव दिये। अंतिम रिहर्सल के अवसर पर जिला पंचायत सीईओ रोक्तिमा यादव, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, एसडीएम भूपेन्द्र साहू सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि मंत्री शिवकुमार डहरिया होंगे। जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउंड में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया होंगे। उनके द्वारा सुबह 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया जायेगा। तत्पश्चात रंगीन गुब्बारे उड़ाना, हर्ष फायर एवं मार्चपास्ट तथा शहीद परिवारों का सम्मान एवं प्रातः 9.50 बजे से स्कूली बच्चां द्वारा देशभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। प्रातः 10.30 बजे विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं पर आधारित झांकियॉ निकाली जाएगी एवं प्रातः 10.50 बजे पुरस्कार वितरण एवं समारोह का समापन होगा।

# जनभागीदारी समिति की बैठक में विभिन्न कार्ययोजना पर चर्चा कर लिए गए निर्णय

- पीजी कॉलेज की रैंकिंग बढ़ाने की जाएगी आवश्यक पहल, 31 लाख की राशि से कॉलेज को मुहैया कराए जाएंगे आवश्यक संसाधन

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुन्द की रैंकिंग बढ़ाने की आवश्यक पहल की जाएगी। कॉलेज के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर की अध्यक्षता में हुई बैठक में 31 लाख रूपए की राशि से आवश्यक संसाधन मुहैय्या कराने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा विभिन्न कार्ययोजनाओं पर चर्चा कर स्वीकृति प्रदान की गई। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुन्द में जनभागीदारी समिति की बैठक अध्यक्ष विनोद सेवनलाल चंद्राकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रमुख रूप से कॉलेज की रैंकिंग बढ़ाने उचित पहल करने पर विस्तार से चर्चा हुई। जिसके तहत महाविद्यालय के नेक मूल्यांकन के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने 31 लाख रूपए व्यय करने सहमति प्रदान की गई। इसी तरह कॉलेज कैंपस में जल्द ही विद्यार्थियों को केंटिन की सुविधा मिल सकेगी। इसके लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही इसके लिए भूमिपूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा यहां स्मार्ट क्लस रूम बनाने पर भी चर्चा हुई। कॉलेज के विवेकानंद सभागार की मरम्मत व सोलर पैनल तथा कन्या छात्रावास से मुख्य भवन के प्रवेश द्वार तक पेवर ब्लॉक कराने की मांग पर डीएमएफ मद से कार्य कराने की सहमति बनी।

### कन्या हॉस्टल में माता कर्मा कॉलेज की छात्राओं को मिलेगा प्रवेश

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुन्द के कन्या हॉस्टल में शासकीय माता कर्मा कॉलेज की जरूरतमंद छात्राओं को प्रवेश मिलेगा। जनभागीदारी समिति की बैठक में समिति के अध्यक्ष चंद्राकर की पहल पर माता कर्मा कॉलेज की छात्राओं को प्रवेश दिए जाने का निर्णय लिया गया। गौरतलब है कि माता कर्मा कॉलेज में पिछले दिनों पहुंचे संसदीय सचिव चंद्राकर को छात्राओं ने हॉस्टल में प्रवेश के लिए ध्यानाकर्षित कराया था। जिस पर अभिनव पहल करते हुए संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने माता कर्मा कॉलेज की छात्राओं को प्रवेश दिए जाने का निर्णय लिया।

### महाप्रभु वल्लभाचार्य की स्थापित की जाएगी प्रतिमा

पीजी कॉलेज महासमुंद में महाप्रभु वल्लभाचार्य की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। जनभागीदारी समिति की बैठक में महाप्रभु वल्लभाचार्य की प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया। गौरतलब है कि महाप्रभु वल्लभाचार्य के नाम से शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद संचालित है। जिस पर उनके नाम से प्रतिमा स्थापना की पहल की जा रही है।

# शहर अध्यक्ष नीरा देवी साहू को प्रदेश कार्यकारिणी में स्थायी आमंत्रित सदस्य के रूप में पुनः नियुक्त किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाजपा महिला मोर्चा की सक्रिय शहर अध्यक्ष नीरा देवी साहू को प्रदेश कार्यकारिणी में स्थायी आमंत्रित सदस्य के रूप में पुनः नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि नीरा देवी साहू महिला मोर्चा के संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए काफी सक्रिय रहती है और उनकी सक्रियता के कारण ही प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने पुनः उन्हें अपनी टीम में स्थान दिया है उल्लेखनीय है कि नीरा देवी राजनीतिक क्षेत्र के अतिरिक्त सामाजिक क्षेत्र में भी काफी सक्रिय रहती है उनकी नियुक्ति पर विधायक शिवरतन शर्मा सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।

### महान संत जगतगुरु रामभद्राचार्य का शिवरीनारायण क्षेत्र में आत्मीय भव्य स्वागत

# नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष ने कोसला में माता कौशल्या का भव्य मंदिर निर्माण के लिए ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



श्री राम जन्मभूमि-अयोध्या पर रामलला के पक्ष में वेद-पुराणों के उद्धरण सहित अद्वितीय साक्ष्य व गवाही देने वाले भारत के महान दिव्य संत तुलसी पीठाधीश्वर जगदुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज जी के आगमन पर सब्र की शबरी जन्म-धरा शिवरीनारायण क्षेत्र में उनका भव्य आत्मीय स्वागत किया गया। दक्षिण कौशल के नाम से अभिहित छत्तीसगढ़ के त्रेता युगीन दक्षिण कौशल के महाराजा भानुमंत की पुत्री व छत्तीसगढ़िया भांजा मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी की माता कौशल्या जन्मभूमि-कोसला तीर्थ क्षेत्र के सुवाषित शिवरीनारायण पावन-भूमि के समीप ग्राम तेंदुआ में जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज ने ग्राम तेंदुआ में श्री राघव कुटीर राम मिलेंगे-आश्रम एवं श्री राम मंदिर के शिलान्यास पश्चात विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान व प्रवचन से उपस्थित नर-नारी, बूढ़े-बच्चे, युवा व हर वर्ग के हजारों श्रद्धालुओं को भक्ति भावना से ओतप्रोत रसपान कराकर आशीर्वाद प्रदान किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर शिवरीनारायण नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य विकास सलाहकार मंडल छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व सदस्य डॉ. शांति कुमार कैवर्त्य ने भी जगदुरु स्वामी जी से आशीर्वाद प्राप्त कर माता कौशल्या जन्मभूमि कोसला (जिला जांजगीर-चांपा, छत्तीसगढ़) में माता कौशल्या का भव्य मंदिर का निर्माण व धार्मिक विकास को लेकर महती चर्चा कर उनके समक्ष एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में संलग्न 28 पृष्ठों के प्रपत्र में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत,छत्तीसगढ़ के संत शिवरीनारायण एवं दूधाधारी मठ रायपुर के महंत व राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. राम सुंदर दास आदि को समय-समय पर प्रस्तुत ज्ञापन पत्र सहित माता कौशल्या जन्मभूमि-कोसला को रेखांकित करने वाली अनेक पुस्तकों के अंशों की महत्वपूर्ण प्रतिलिपि दस्तावेज है। जगतगुरु स्वामी जी को प्रस्तुत ज्ञापन में इस पावन धरा के धार्मिक विकास हेतु भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से आग्रह करने सहित छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी से माता कौशल्या के जन्मभूमि-कोसला धाम में माता कौशल्या का भव्य मंदिर निर्माण सहित यहां के धार्मिक विकास हेतु समय-समय पर आग्रह के जाने का उल्लेख है।

साथ ही इसमें छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार द्वारा श्री राम वन गमन पर्यटन परिपथ परियोजना के तहत अनेक धार्मिक स्थलों को विकसित किए जाने और माता कौशल्या की जन्मभूमि-कोसला धाम की धार्मिक विकास की ओर ध्यान नहीं दिए जाने का उल्लेख किया है। डॉक्टर कैवर्त्य ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री का आशीर्वाद प्रदान करने वाले भारत के इस महान संत जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य से माता कौशल्या जन्मभूमि-कोसला तीर्थ क्षेत्र के धार्मिक विकास सहित कोसला में माता कौशल्या का भव्य मंदिर के निर्माण हेतु भारत सरकार व छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार सहित देश-प्रदेश के धार्मिक संस्थानों को अपना अमूल्य व अतुलनीय सुझाव - मार्गदर्शन प्रदान कर छत्तीसगढ़ वासियों को कृतार्थ करने आत्मीय निवेदन किया है। इस अवसर पर कोसलावासी भी काफी संख्या में उपस्थित थे।

KVB Karur Vysya Bank
Smart way to bank

दि करूर वैश्य बैंक लिमिटेड
रायपुर शाखा
ईपीआई सेंटर, निकट यशवंत हॉस्पिटल, जी. ई. रोड
तात्यापारा, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (1) के तहत जारी**

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने **दि करूर वैश्य बैंक लिमिटेड** के प्राधिंत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (द्वितीय) अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम 54 ) के तहत और धारा 13 ( 12 ) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन ) नियमावली, 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित **06-05-2022** जारी की थी, जिसमें **(1) श्रीमती सुनीता सिंह, (कर्जदार)**, पत्नी श्री मिथिलेश कुमार सिंह, दूबे कॉलोनी मोवा, निकट अमेरिकन इण्टरनेशनल स्कूल, डा. भीमराव अम्बेडकर, वार्ड नं. 27, रायपुर-492001, छत्तीसगढ़, एवं 3एस टेक्नोलॉजिस, ईश्वरीय प्लाजा बेसमेन्ट - 1, तेलीबन्धा तालाब के सामने, जी. ई. रोड, तेलीबन्धा, रायपुर -492001, छत्तीसगढ़ **(2) श्री मिथिलेश कुमार सिंह (गारन्टर)**, दूबे कॉलोनी मोवा, निकट अमेरिकन इण्टरनेशनल स्कूल, डा. भीमराव अम्बेडकर, वार्ड नं. 27, रायपुर-492001, छत्तीसगढ़, एवं 3एस टेक्नोलॉजिस, ईश्वरीय प्लाजा बेसमेन्ट - 1, तेलीबन्धा तालाब के सामने, जी. ई. रोड, तेलीबन्धा, रायपुर -492001, छत्तीसगढ, से सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि **रु. 12,64,088.71 (बारह लाख, चौसठ हजार, अठ्ठासी रुपये इक्खत्तर पैसे मात्र)** का भुगतान आगे ब्याज के साथ उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार/गारंटर उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, अतः एतद्द्वारा कर्जदार/गारंटर तथा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा **21 जनवरी, 2023** को प्राप्त कर लिया है।

कर्जदार गारंटर को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्ति के संबंध में कोई संव्यवहार नहीं करें तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार दि करूर वैश्य बैंक लिमिटेड की बकाया राशि **रु. 12,64,088.71 (बारह लाख, चौसठ हजार, अठ्ठासी रुपये इक्खत्तर पैसे मात्र)** तथा उस पर ब्याज, लागत और खर्चों के प्रभाराधीन होगा।

**कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

**अचल सम्पत्ति का वर्णन**

सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड सम्पत्ति आवासीय भूमि परिमाप 1500 वर्ग फीट स्थित प्लॉट नं0 जे-6, खाता नं0 385, (अंश 1), बँाट खाता नं0 212 (पी) पी.एच. 109/39, मौजा-मोवा, दूबे कॉलोनी, निकट अमेरिकन स्कूल, डा. भीमराव अम्बेडकर, वार्ड नं. 27, तहसील & जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ जो श्रीमती सुनीता सिंह के नाम है और जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार है :-

| | |
|---|---|
| उत्तर : देव प्रसाद वर्मा का घर | पूरब : मजूमदार का घर |
| दक्षिण : रोड | पश्चिम : ओजस्विता की भूमि |

*(उक्त सम्पत्ति मेसर्स 3एस टेक्नोलॉजिस, द्वारा प्राप्त की गई क्रेडिट सुविधाओं हेतु भी बन्धक/प्रभारित है तथा सरफासी कार्यवाही प्रारम्भ की जा चुकी है।)*

स्थान : रायपुर
दिनांक : 21/01/2023

प्राधिकृत अधिकारी
दि करूर वैश्य बैंक लिमिटेड

# बीबीसी प्रकरण सुप्रीम कोर्ट का सम्मान

**बीबीसी** द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विवादास्पद भूमिका पर बना दो भाग वाला वृत्त चित्र आजकल मीडिया की सुर्खियों में है। ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग कार्पोरेशन-बीबीसी ने दो भाग में 'इंडियाः द मोदी क्वेशचन' वृत्तचित्र बनाया है जिसमें गुजरात दंगों को लेकर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। केन्द्रीय विधि मंत्री किरन रिजिजू ने बीबीसी से कहा है कि वह भारतीय सुप्रीम कोर्ट का सम्मान करे। शनिवार को रिजिजू ने ट्वीट किया, 'भारत में कुछ लोग अभी औपनिवेशिक नशे से बाहर नहीं निकले हैं। वे बीबीसी को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के ऊपर समझते हैं ओर देश की गरिमा व छवि को अपने नैतिक आकाओं को खुश रखने के लिए खराब करते हैं।' इसके पहले विदेश मंत्रालय ने वृत्त चित्र की निन्दा करते हुए कहा कि उसमें प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अवांछित टिप्पणियां की गई हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इसे 'प्रचार का हिस्सा' कहा है। इसके बाद 300 से अधिक प्रख्यात नागरिकों ने बीबीसी वृत्त चित्र की निन्दा की। इनमें अनेक सेवानिवृत्त न्यायाधीश, नौकरशाह, सशस्त्र बलों के अधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हैं। केन्द्रीय विधि मंत्री का यह कहना बिल्कुल ठीक है कि गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री तथा 2014 से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सभी अदालतों ने 2002 के दंगों में संलिप्तता के आरोप से बरी कर दिया है। इस पर सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपनी मुहर लगा दी है। इसलिए उन पर पुनः ऐसे आरोप लगाना देश के सर्वोच्च न्यायालय के विवेक व निष्पक्षता पर सवाल उठाना है। नरेन्द्र मोदी को 2012 में ही इस संबंध में सारे आरोपों से मुक्त किया जा चुका था। उस समय भारतीय जनता पार्टी का केन्द्र में शासन भी नहीं था। उस समय नई दिल्ली में कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-संप्रग सरकार थी और यह सरकार मोदी तथा भाजपा को नीचा दिखाने का एक भी मौका नहीं छोड़ती थी। ऐसे समय नरेन्द्र मोदी को देश की सर्वोच्च न्यायालय समेत अनेक अदालतों से मिला न्याय इस बात की पुष्टि करता है कि 'सत्य' उनके पक्ष में था। इसके बावजूद बीबीसी वृत्त चित्र ने उन पर पुनः निशाना लगाने का कुत्सित प्रयास किया है।

बीबीसी के इस प्रयास से असहमति स्वयं ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने संसद में प्रकट की। उन्होंने भी भारतीय अदालतों व सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों का संदर्भ देते हुए कहा कि वे अपने समकक्ष के बारे की गई टिप्पणियों से सहमत नहीं हैं। ब्रिटेन में रहने वाले अनिवासी भारतीयों व भारतीय मूल के हजारों लोगों ने बीबीसी के इस वृत्त चित्र की निन्दा की है। सवाल उठता है कि आखिरकार इतने साल बाद बीबीसी ने पुराना राग फिर क्यों छेड़ा है? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में गुजरात विधानसभा चुनाव में रिकार्डतोड़ विजय के बाद कहा था कि 'यह उनको सहन नहीं होगा। हम पर और आप पर हमले तेज हो जाएंगे।' संभवतः बीबीसी का यह प्रयास देश-दुनिया में 'मोदी-विरोधियों' का नया हथियार है। अतीत में जाकर देखें तो देश-दुनिया के तथाकथित 'उदारवादियों' व 'मानवाधिकार कार्यकर्ताओं' द्वारा मचाए शोर के कारण अनेक देशों ने नरेन्द्र मोदी को वीसा देने पर प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन भारत में नरेन्द्र मोदी व भाजपा की लगातार बढ़ती लोकप्रियता तथा खासकर 2014 में अभूतपूर्व तरीके से लोकसभा चुनाव जीतने के बाद इन तत्वों को पीछे हटना पड़ा था। यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि भाजपा के प्रधानमंत्री उम्मीदवार बनने के बाद अंग्रेजी के एक प्रख्यात प्रकाशक की एक महिला द्वारा लिखी किताब को बाजार में लाने के बजाय 'लुगदी' में बदलना पड़ा था क्योंकि उसमें मोदी के खिलाफ तथ्यहीन टिप्पणियां की गई थीं। उस समय भी भारत के 'मोदी-विरोधियों' ने प्रकाशक की निन्दा करते हुए कहा था कि उसे ज्यादा साहस दिखाना चाहिए था। बीबीसी ने शायद उनको मौका दे दिया है।

# पर्यटन में अभूतपूर्व प्रगति की उम्मीद

## पर्यटन मंत्रालय आक्रामक रूप से विभिन्न पर्यटन उत्पादों व पर्यटन स्थलों को प्रोत्साहित कर रहा है। इससे अभूतपूर्व प्रगति की उम्मीद है।



**राजेश कुमार सिंह**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)




**गंगा** विलास क्रूज़ शिप प्रदेश के पर्यटन में नई संभावनायें तलाशने का केवल एक प्रतीक है। वास्तव में पर्यटन उद्योग की असीम संभावनायें हैं और 2028 तक उससे 50.9 बिलियन डालर आय की उम्मीद है। भारत ने अरब पर्यटन बाजार 'दुबई-2022' में अनेक पर्यटन उत्पाद व संभावनायें प्रकट की हैं क्योंकि मध्य पूर्व हमेशा से भारतीय पर्यटन का प्रमुख लक्षित बाजार रहा है। पर्यटन मंत्रालय ने इस विशाल आयोजन में 'नमस्ते इंडिया' अभियान से अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों को भारत की यात्रा के लिए प्रोत्साहित किया है। भारत की अनेक राज्य सरकारों ने इस आयोजन में सहभागिता कर अपने प्रमुख पर्यटन स्थलों को दुनिया के सामने रखा है। भारत ने स्वयं को एक समग्र लक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया है जिसमें अनेक प्रकार के प्रमुख अनुभव शामिल हैं। इनमें आध्यात्मिकता, विरासत, एडवेंचर, संस्कृति, योग, वेलनेस व अनेक चीजों को स्थान मिला है। पर्यटन मंत्रालय आक्रामक ढंग से विभिन्न पर्यटन उत्पादों व लक्ष्यों को प्रोत्साहित कर रहा है। इसका प्रमुख फोकस 'माइस' संभावनाओं पर है जिसमें फिल्म पर्यटन, वेलनेस पर्यटन, चिकित्सा पर्यटन, लक्ज़री पर्यटन, वन्यजीव पर्यटन तथा एडवेंचर पर्यटन शामिल हैं। वर्ष 2028 तक भारतीय पर्यटन एवं अतिथि सत्कार उद्योग द्वारा 50.9 बिलियन डालर प्राप्त करने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 27 तक भारत का पर्यटन बाजार 125 बिलियन डालर तक पहुंच जाएगा, जबकि यह वित्त वर्ष 20 में लगभग 75 बिलियन डालर था।

मध्य पूर्व भारतीय पर्यटन उद्योग के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि लगभग तीन मिलियन भारतीय दुनिया के इस समृद्ध तेल-क्षेत्र के विभिन्न देशों में रहते हैं। मध्य पूर्व से बड़ी संख्या में भारतीय 'माइस', यानी चिकित्सा, वेलनेस, लक्ज़री पर्यटन, आदि के लिए आते हैं। इसलिए पर्यटन मंत्रालय भारतीय पर्यटन को समग्र रूप से मध्य पूर्व के बाजार में प्रोत्साहित कर रहा है। अरबियन ट्रेवल मार्ट में सहभागिता सरकार की ऐसी ही एक पहल का संकेत है। आयोजन के दौरान विशेष रूप से उल्लेख किया गया कि भारत अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए खुल गया है। अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को प्रोत्साहित करने वाले 'नमस्ते इंडिया' अभियान के साथ महामारी-पश्चात युग में विश्वास बहाली रणनीतियों पर भी ध्यान दिया जा रहा है। फिल्म पर्यटन तथा फिल्म-निर्माण के लिए महत्वपूर्ण लक्ष्य के रूप में भारत का महत्व है। यहां मौजूद सभी भौतिक भौगोलिक तत्वों व भू-दृश्यावली के महत्व पर विस्तार से चर्चा हो रही है। फिल्म निर्माण के संभावित ठिकानों के रूप में पूर्वोत्तर राज्यों को भी प्रदर्शित किया जा रहा है। विदेशों के बाजारों में भारत के प्रचार व प्रोत्साहन में प्रवासी भारतीयों की भूमिका पर भी व्यापक चर्चा हुई है और इसे प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'चलो इंडिया' की अपील करते हुए प्रवासी भारतीयों का आह्वान किया है कि वे कम से कम पांच अनिवासी भारतीय मित्रों को हर साल भारत यात्रा के लिए प्रोत्साहित करें।

प्रवासी भारतीयों को प्रधानमंत्री द्वारा 'राष्ट्रदूत' बताना भी महत्वपूर्ण है। विदेशी बाजारों में भारत को प्रोत्साहित करने में प्रवासी भारतीयों की भूमिका पर भी चर्चा हुई है। विशेषज्ञों ने भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने में सोशल मीडिया की भूमिका भी उजागर की है। उनके अनुसार यह पर्यटन उद्योग के लिए 'गेम चेंजर' साबित हो सकता है। बड़ी संख्या में 'मिलीनियल पर्यटक' यात्रा व पर्यटन के लिए प्रमोशनल विषयवस्तु इसमें देखते हैं। सोशल मीडिया बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करने वाले 'इन्फ्लूएंसर्स' की भूमिका भी अदा करता है।

सरकार ने भारत के समृद्ध व विविधतापूर्ण पर्यटन संभावनाओं को एक मंच के रूप प्रस्तुत किया है जहां पर्यटन से जुड़े विभिन्न पक्ष विभिन्न पर्यटन स्थलों व उत्पादों का प्रदर्शन कर सकते हैं जिनमें नए स्थल व उत्पाद भी शामिल हैं। इसने भारत को 'अवश्य देखें, अवश्य आएं' लक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया है। भारतीय पैवेलियन ने भारत को '365 दिनों का लक्ष्य' के रूप में प्रस्तुत किया है जिसमें इसकी संस्कृति, एडवेंचर, क्रूज़, गोल्फ, माइस, लक्ज़री, वन्यजीव, वेलनेस व चिकित्सा पर्यटन, आदि शामिल हैं। आयोजन में भारत की विभिन्न पर्यटन संभावनाओं पर विचार हुआ। राज्य सरकारों ने भी इस आयोजन में बहुत उत्साह से भाग लिया। उदाहरणार्थ, उत्तराखंड सरकार ने उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों का महत्व बताया जिनको एडवेंचर पर्यटन तथा उत्तराखंड राज्य में विवाह पर्यटन आदि के रूप में पेश किया जा सकता है। राज्यों ने विभिन्न सरकारों द्वारा की गई पहलों का उल्लेख भी किया जिनके चलते राज्य में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। उत्तराखंड सरकार ने हरिद्वार अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे जैसी विभिन्न ढांचागत परियोजनाओं के विकास के बारे में भी बताया जो पर्यटकों के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत से आयोजन में भाग लेने वालों में राज्य सरकारें, टूर आपरेटर्स, ट्रेवल एजेंट तथा होटल व रिजार्ट मालिक भी शामिल हैं। भारत के पैवेलियन में विभिन्न पर्यटन उत्पादों व सेवाओं का भी उल्लेख किया गया। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, केरल, नगालैंड जैसे राज्यों ने आयोजन में बहुत उत्साह से भाग लिया। पर्यटन मंत्रालय ने एडवेंचर पर्यटन को एक 'विशिष्ट' पर्यटन उत्पाद के रूप में स्वीकार किया है जिससे भारत को '365 दिनों' के लक्ष्य के रूप में पेश किया जा रहा है और यह विशिष्ट दिलचस्पी रखने वाले पर्यटकों को आकर्षित करता है। मंत्रालय ने एडवेंचर टूर आपरेटर्स के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं जिनमें सभी योग्य एडवेंचर टूर आपरेटरों को शामिल किया गया है। एडवेंचर पर्यटन पर एक कार्यबल भी गठित किया गया है जो देश में एडवेंचर पर्यटन को प्रोत्साहित करने व उसके विकास में एक मंच की तरह काम करेगा। पर्यटन मंत्रालय ने 'इंडियन एडवेंचर टूरिज्म गाइडलाइन्स' का दूसरा संस्करण जारी किया है जिसका संबंध एडवेंचर पर्यटन में सुरक्षा व गुणवत्ता मानकों से है। 31 क्षेत्रों में एडवेंचर पर्यटन के लिए आधारभूत न्यूनतम मानक निर्धारित किए गए हैं जिनमें भूमि, हवा व जल में एडवेंचर गतिविधियां शामिल हैं। पर्यटन स्थलों या केन्द्रों की पहचान संबंधित राज्य सरकारों या संघशासित क्षेत्रों के प्रशासन की प्रमुख जिम्मेदारी है। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने 2014-15 में 'स्वदेश दर्शन योजना' शुरू की थी ताकि विशिष्ट थीम पर आधारित देश के पर्यटक सर्किटों का समयबद्ध विकास सुनिश्चित हो सके। इस योजना में विकास के लिए 15 थीम सर्किटों का चयन हुआ था। इस परियोजना के अंतर्गत विकास के लिए योजनाओं की पहचान संबंधित राज्य सरकारों व संघशासित क्षेत्रों से विचार विमर्श के बाद की जाती है। इसके लिए फंड की उपलब्धता के आधार पर उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, योजना निर्देशों के पालन तथा पहले एकत्र फंडों के समुचित उपयोग की आवश्यकता होती है।

जनवरी, 2015 में शुरू होने के बाद से भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने 30 राज्यों व संघशासित क्षेत्रों में 'स्वदेश दर्शन योजना' के अंतर्गत 5,667.39 करोड़ रुपये की 76 परियोजनाओं को अनुमति दी है। भारत के उभरते मध्यम वर्ग व उसके पास खर्च के लिए अतिरिक्त धन ने घरेलू व विदेशी पर्यटन को बढ़ावा दिया है। इंडियन एयरलाइन का बाजार लगभग 20 बिलियन डालर था और वित्त वर्ष 27 में हवाईअड्डों की ढांचागत संरचना तथा पासपोर्ट तक पहुंच बढ़ने से इसके दूने होने की उम्मीद है। भारतीय अतिथि सत्कार बाजार वित्त वर्ष 20 में 32 बिलियन डालर था जिसके वित्त वर्ष 27 तक 52 बिलियन डालर होने की उम्मीद है। 2019 में भारत में 10.93 मिलियन विदेशी पर्यटक आए जिसमें हर साल 3.5 प्रतिशत वृद्धि हो रही थी। मार्च, 2021 में ई-टूरिस्ट वीज़ा की सुविधा का विस्तार 171 देशों के नागरिकों तक कर दिया गया है। अप्रैल, 2021 में सबसे अधिक विदेशी पर्यटक अमेरिका गए जो कुल का 26.85 प्रतिशत थे इसके बाद बांग्लादेश, अफगानिस्तान, ब्रिटेन, नेपाल, कनाडा, ईराक, पुर्तगाल, जर्मनी, रूस, माल्दीव, फ्रांस, सूडान व कोरिया व आस्ट्रेलिया का स्थान था। भारत में भी पर्यटन में अभूतपूर्व विकास की आशा है।

# ओछा राजनीतिक प्रयोग है रामचरितमानस पर विषवमन

**राज बहादुर सिंह**
(लेखक हिन्दी पायनियर लखनऊ के ब्यूरो चीफ़ हैं)




**खुद** को सामाजिक न्याय के चैंपियन की तरह पेश करने वाले मुस्लिम व यादव वोटों के दम पर सत्ताजनित राजनीति करने के अभ्यस्त उत्तर प्रदेश व बिहार के दो प्रमुख राजनीतिक दलों क्रमशः समाजवादी पार्टी व राष्ट्रीय जनता दल में सहसा एक नई अनपेक्षित समानता दृष्टिगोचर हुई है। यह समानता जितनी दिलचस्प है उससे भी ज्यादा यह समझना कि यह मात्र संयोग है या प्रयोग।

बिहार के शिक्षा मंत्री व राजद के नेता चन्द्रशेखर प्रसाद यादव व सपा के विधान परिषद सदस्य और पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने अत्यंत अल्प अंतराल में गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरितमानस पर अमर्यादित टिप्पणियां करते हुए जिस तरह हिन्दू सनातन धर्म की महिमा को नीचा दिखाने की कोशिश है वह राजनीतिक रूप से फायदेमंद है या नुकसान देह यह बहस का विषय हो सकता है लेकिन मौर्य व यादव के अवांछित वक्तव्यों ने सामाजिक सौहार्द व समरसता को अवश्य ठेस पहुंचाई है।

चंद्रशेखर यादव और स्वामी प्रसाद मौर्य ने बिना किसी परिस्थितिजन्य कारण या उत्तेजना के सहसा रामचरितमानस पर निशाना साधा है। राजनीति दृष्टि से ओत प्रोत दोनों के वक्तव्यों में रामचरितमानस पर दलित या अन्य सामाजिक रूप से पिछड़े या वंचित तबके को अपमानित करने का आरोप लगाया गया है। यादव ने जहां रामचरितमानस को समाज के लिए विभाजनकारी बताया वहीं मौर्य ने एक कदम आगे बढ़कर रामचरितमानस पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर दी है।

दूसरी ओर स्वामी प्रसाद मौर्य हैं जो लगभग पांच साल भाजपा सरकार में मंत्री रहने के बाद विधान सभा चुनाव के ऐन पहले सपा खेमे में पहुंच गए। उनकी प्रतिष्ठा को गहरा आघात पहुंचा जब वह विधान सभा का चुनाव हार गए लेकिन गैर यादव पिछड़े समाज को संदेश देने के ध्येय से सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उन्हें विधान परिषद सदस्य बनवा दिया। राजनीतिक रूप से सपा के लिए असेट बनने गए मौर्य असेट तो नहीं बन सके हां रामचरितमानस पर बेतुकी टिप्पणी कर वह अखिलेश के लिए आने वाले समय में लाइबिल्टी अवश्य बन जाएं तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। बिहार में राजद व उत्तर प्रदेश में सपा नेता द्वारा रामचरितमानस पर की गई निंदनीय टिप्पणियों में कुछ व्यवहारिक अंतर हैं जिन्हें समझना आवश्यक है। बिहार में राजद व जद (यू) की गठबंधन सरकार है और इस लिहाज से वहां के शिक्षा मंत्री ने जो कहा उसने बिहार के सीएम नीतीश कुमार व राजद के कार्यकारी प्रमुख व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के पाले में गेंद डाली है और दोनों ने ही मामले को हल्का करने की कोशिश की है। नीतीश कुमार अब एक कमजोर सीएम हैं और उनसे राजद के मंत्री पर किसी एक्शन की उम्मीद ही बेमानी है और जहां तक राजद की बात है तो उसने तो अप्रत्यक्ष रूप से चंद्रशेखर का समर्थन ही किया है।




राजनीतिक रूप से सपा के लिए असेट बनने गए मौर्य असेट तो नहीं बन सके, हां रामचरित मानस पर बेतुकी टिप्पणी कर वह अखिलेश के लिए आने वाले समय में लाइबिल्टी अवश्य बन जाएं तो कोई आश्चर्य नहीं होगा।

राजद के कार्यकारी प्रमुख तेजस्वी यादव की चंद्रशेखर के बयान के प्रति समर्थन वाली ठंडी प्रतिक्रिया व स्वामी प्रसाद मौर्य के बड़बोलेपन पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के मौन से यह सवाल प्रमुखता से उभरता है कि क्या यूपी व बिहार में क्रमशः सपा व राजद दोनों ने राजनीतिक प्रयोग किया है, और स्वामी व चंद्रशेखर का रामचरितमानस जैसे हर घर लोकप्रिय धार्मिक ग्रंथ पर अमर्यादित टिप्पणी इसी प्रयोग की धुरी हैं।

सिर्फ यह मानना कि, चंद्रशेखर या मौर्य ने सिर्फ चर्चा में आने के लिए रामचरित मानस पर बेसुरा राग छेड़ा है, दीवार पर लिखी इबारत की अनदेखी करना है। यूपी व बिहार से मिलाकर लोकसभा की 120 सीटें हैं और पीएम नरेंद्र मोदी के विरोधी यहां भाजपा की जबरदस्त बढ़त को नीचे लाकर भाजपा की सूची को बहुमत के आंकड़े से दूर रखना चाहते हैं।

जाहिर है कि लोकसभा चुनाव के लिहाज से यूपी व बिहार का खास महत्व है और इसको देखते हुए यहां नए सिरे से जातीय गोलबंदी की कोशिश होने लगी हैं। इसके लिए सपा व राजद जैसी सामाजिक न्याय की स्वयंभू चैंपियन पार्टियां रामचरितमानस को हथियार बना रही हैं। और यही इस मामले का सबसे दुखद व अप्रिय पहलू है।

यूं तो जातीय गोलबंदी को चुनावी लाभ के लिए हवा देना भी न्यायसंगत नहीं है लेकिन यह भी सच्चाई है कि प्रायः सभी दल इसमें किसी न किसी प्रकार से लिप्त हैं। कोई भी अछूता नहीं है। बेहतर हो कि सत्ता प्राप्ति की अभिलाषा में धर्म विशेष की आस्था पर चोट न पहुंचाई जाए। और इस प्रकरण में धर्म विशेष की धार्मिक आस्था पर चोट के साथ साथ सामाजिक जातीय ताना बाना भी क्षतिग्रस्त हो सकता है। सरकारें बनती बिगड़ती रहती हैं लेकिन सामाजिक सौहार्द राष्ट्र व समाज की ताकत होता है और सुनियोजित सुविचारित योजना के तहत इसे नष्ट करने की इजाजत किसी को नहीं जा सकती।

अमूमन इस तरह की बयानबाजी पर कहीं गुस्सा फूटता है तो कहीं प्रतिक्रिया स्वरूप जवाबी बयानबाजी होती है। कुछ लोग अति उत्साह अथवा नाराजगी के चलते ऐसे बयानों को लेकर सम्बंधित व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज करा देते हैं। इस मामले में भी ऐसा ही सब कुछ होगा या होना शुरू भी हो गया हो। बहरहाल, यह साफ नजर आ रहा है कि यह महज संयोग नहीं कि पहले अनायास बिहार का शिक्षा मंत्री और अब किनारे पड़े स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरितमानस पर अमर्यादित टिप्पणी की है। राजनीतिक नफा नुकसान अपनी जगह लेकिन घर घर पूजे जाने वाले रामचरितमानस जैसे ग्रंथ पर ऐसे मामूली लोगों के विषवमन का कोई असर नहीं पड़ने वाला। 'रामचरितमानस अनंत और इसकी महिमा भी अनंत।'

## फरमाया



**परीक्षा** पेपर बार-बार आउट हो रहे हैं और कहा जा रहा है कि कोई नेता या अधिकारी इसमें शामिल नहीं है। यह जादूगीरी है।

**- सचिन पायलट**
कांग्रेस नेता



**मैं** बैठकें कर रहा हूं। पहले कोरोना आया फिर बड़ा कोरोना हमारी पार्टी में घुस गया। सरकार ने शानदार प्रदर्शन किया।

**- अशोक गहलोत**
राजस्थान के मुख्यमंत्री



**मेरे** बारे में झूठी बातें फैला कर कोई मुझे डरा नहीं सकता। मैं आजीवन संघर्ष करती रहूंगी।

**- स्वाती मालीवाल**
दिल्ली महिला आयोग अध्यक्ष

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## प्रकाश प्रदूषण

**वैज्ञानिकों** ने ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण के बाद अब बढ़ते हुए प्रकाश प्रदूषण को लेकर भी विश्व को चेताया है। एक 10 वर्षीय अध्ययन में पाया गया कि धरती पर दिन-ब-दिन तीव्र प्रकाश में बढ़ोतरी के कारण आकाश का नैसर्गिक प्रकाश मध्यम पड़ रहा है । इस कृत्रिम प्रकाश के कारण आकाश में कम प्रकाश वाले व छोटे तारे अब धरती से कम से कम दिखाई दे रहे हैं। और यदि प्रकाश प्रदूषण इसी गति के साथ बढ़ता रहा तो अगले 10 वर्षों में यह 2 गुना हो जाएगा जिसके बाद बिना सितारों वाले आकाश नजर आएंगे। हमारी भावी पीढ़ी को यह पढ़कर आश्चर्य होगा कि कभी आकाश में तारे नंगी आंखों से भी नजर आते थे। अतः ईश्वर की नैसर्गिकता के लिए जनता को गैर जरूरी तीव्र प्रकाश के खिलाफ आंदोलन करना चाहिए और विभिन्न उत्सवों और समारोहों पर व्यर्थ की चकाचौंध पर पाबंदी लगाई जाना चाहिए। अत्यधिक कृत्रिम प्रकाश के कारण अनेक रात्रिचर जीव-जंतुओं का जीवन व प्रजनन भी संकट में पड़ गया है। अनेक प्रकार की चिड़ियां व कीट-पतंग इस कृत्रिम प्रकाश के प्रति स्वयं को ढाल नहीं पा रहे हैं। इसलिए सड़कों पर जरूरी लाइटों को छोड़ कर अन्य सभी प्रकार की सजावटी लाइटें रात में बंद कर देनी चाहिए।

**-सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## भारत-चीन व्यापार

**चीन** के साथ व्यापार घाटा 100 अरब डॉलर के पार निकल गया है। 2022 में भारत-चीन का द्विपक्षीय कारोबार 135.9 अरब डॉलर का रहा। कोरोनाकाल के कारण करीब दो साल से खड़ी हुई अर्थव्यवस्था में पिछले साल अचानक मांग बढ़ी, ऐसी परिस्थिति में किसी देश का आयात बढ़ना बहुत नकारात्मक भी नहीं है। लेकिन चीन के साथ द्विपक्षीय कारोबार की पूरी तस्वीर चिंता बढ़ाने वाली है। एक ओर जहां चीन से आयात सालभर पहले के मुकाबले में बढ़ा है वहीं निर्यात में अच्छी-खासी गिरावट देखने को मिली। चीन जिस तरह से भारत के हितों को चोट पहुंचाने के लिए हर मोर्चे पर हर संभव प्रयास करता दिखता है, ऐसे में रणनीतिक रूप से भी यह सवाल अहम है कि आखिर हम चाह कर भी उसी से कारोबार कम क्यों नहीं कर पा रहे हैं? सवाल इसलिए भी गंभीर हैए क्योंकि व्यापार घाटा उस दौर में 100 अरब डॉलर के पार पहुंचा है जब आत्मनिर्भर भारत से लेकर मेक इन इंडिया तक विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगातार घरेलू स्तर पर उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। भारत-चीन व्यापार को संतुलित करना जरूरी है क्योंकि चीन भारत का बड़ा दुश्मन है।

**-सदन जी,** पटना

## भ्रामक विदेशी मीडिया

**बेहतर** हो कि विदेशी मीडिया भारत में ना झांके। विदेशी मीडिया दुराग्रहवश भारत के खिलाफ जहर उगल रहा है जिसके तहत बीबीसी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आधारित बनाई डाक्यूमेंट्री फिल्म की विषयवस्तु में दुराग्रह और पक्षपाती होने का पुट दिया है। इसमें पीएम, न्यायपालिका और पुलिस की कार्यशैली के साथ भारतीय लोकतंत्र की कमजोरी उजागर करने का प्रयास किया है। यद्यपि बीबीसी और विदेशी मीडिया पहले भी ऐसे कामों में लिप्त रहकर रेडियो और टेलीविजन पर दुष्प्रचार करते रहेकिंतु वर्तमान की विषयवस्तु में झूठे और मनगढंत तथ्यों का भंडार होना आपत्तिजनक है। अच्छा हो कि विदेशी मीडिया भारत की तुलना अपने देशों से करे तब समझ में आएगा कि उनके देशों की स्थिति भारत की अपेक्षा कैसी है? भारत सरकार, न्यायपालिका, पुलिस और जनता आदि को विदेशी मीडिया बहका नहीं सकता, क्योंकि कोरोनाकाल में भी किए दुष्प्रचार का कोई असर भारतीय नागरिकों पर नहीं हो सका। भारतीय लोकतंत्र की जड़ें काफी गहरी हैं।

**-बी एल शर्मा,** उज्जैन

# कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी आम नागरिकों की फरियाद 70 आवेदन मिले, धौलेश को मिला बैटरी चलित ट्रायसायकल

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर के दृष्टि-सभाकक्ष में जनचौपाल के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने जनचौपाल के माध्यम से शहरी सहित जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आए नागरिकों, ग्रामीणजनों, युवाओं एवं महिलाओं की समस्याओं को सुना और आवेदनों पर नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर के सौम्य व्यवहार और छत्तीसगढ़ी में संवाद करने के कारण जिले के ग्रामीणजन और आम नागरिक जनदर्शन में जिलाधीश से सीधे मिलकर अपनी समस्याओं को बेझिझक रख रहे हैं। कलेक्टर भी फरियाद लेकर पहुंचने वाले ग्रामीणों महिलाओं एवं युवाओं सहित सभी आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर यथासंभव त्वरित निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। आज के जनचौपाल में आम नागरिकों ने मांग, शिकायत एवं समस्या से संबंधित 70 आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए। जनचौपाल में अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, डिप्टी कलेक्टर भूपेन्द्र जोशी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व साजा विश्वास राव मस्के सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। जनचौपाल के दौरान विकासखण्ड साजा के ग्राम भरदाकला निवासी धौलेश कुमार ने जनचौपाल में बैटरी चलित ट्रायसायकल दिलाने हेतु आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर शुक्ला द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए समाज कल्याण विभाग के माध्यम से उनको ट्रायसायकल प्रदान किया गया। ट्रायसायकल मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए धौलेश ने प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। तहसील नवागढ़ के ग्राम तारेगांव निवासी एक दिव्यांग महिला नंदकुमारी ने आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने के संबंध में आवेदन दिया। ग्राम मुलमुला पोस्ट पेण्ड्रीतराई निवासी एक दिव्यांग पुरुष चेतन कुमार साहू ने अपने घर में शौचालय निर्माण करने हेतु आवेदन दिया। ग्राम मुरकी पोस्ट दाढ़ी निवासी सुखनंदन कुर्रे ने पट्टायुक्त आबादी भूमि पर हुए अवैध कब्जा को हटाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया।

ग्राम खिलोरा पोस्ट मोहभट्ठा निवासी खिलानंद साहू ने अपने निजी जमीन के सामने घास जमीन के अतिक्रमण को हटवाने के संबंध में आवेदन दिया। ग्राम आंदू पोस्ट बालसमुंद निवासी दनीराम ने खरीफ फसल (कोदो) 2019-20 की क्षमिपूर्ति की राशि दिलाये जाने हेतु आवेदन दिया। ग्राम करमसेन निवासी राजेन्द्र कुमार ठाकुर ने धान का बोनस दिलाने के संबंध में, शंकर नगर वार्ड 11 नवागढ़ निवासी नरगिस देवार ने नया राशन कार्ड व आधार कार्ड बनवाने के संबंध में, ग्राम खाती निवासी घनश्याम ने त्रष्टा पुस्तिका प्रदान किये जाने के संबंध में आवेदन दिए। इसके अलावा जनचौपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, विद्युत पोल एवं विद्युत तार दिलवाने, गली क्रांक्रीटीकरण करवाने, मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत निर्माणधीन मार्ग में परिवर्तन करने, अतिक्रमण हटाने, आर्थिक सहायता मुआवजा, नामांतरण, बंटवारा, ग्राम नांदल के गौठान के समीप शौचालय निर्माण कार्य में चिन्हांकित भूमि के अतिक्रमण हटाये जाने आदि से संबंधित आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किये। जिलाधीश ने अधिकारियों से कहा कि तकनीकी रूप से जिन मामलों में आवेदनों का निराकरण नियमानुसार संभव नहीं है उस पर आवेदक को पृथक से लिखित रूप में सूचना भी दिया जाये। शासन के मंशानुरूप आमजनों के समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्टोरेट कार्यालय में जिला स्तरीय कलेक्टर जनचौपाल का आयोजन प्रत्येक मंगलवार को समय-सीमा के बैठक के पश्चात किया जाता है।

# भारतीय खदान मजदूर संघ ने मुख्य महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री मुश्ताक अहमद और खदान मजदूर संघ भिलाई के सचिव लखनलाल चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि भारतीय मजदूर संघ ने मुख्य महाप्रबंधक (खदान एवं रावघाट) आई.ओ.सी. राजहरा भिलाई इस्पात संयंत्र को ज्ञापन सौंपकर Provision of Assistant at Boirdih Pump House, DMM के नाम से निकाले गए ठेका में 'पिक एण्ड चूज' पद्धति अपनाते हुए चिन्हित श्रमिकों को निविदा कार्य में समाहित करने हेतु क्लॉज 3.14 को डालने का विरोध एवं उक्त क्लॉज को तत्काल प्रभाव से निष्क्रिय करने को कहा है। दोनो नेताओ ने बताया कि उल्लेखित कार्य को राजहरा खदान समूह प्रबंधन ने पम्प हाऊस बोईरडीह में कार्य हेतु मैनपावर का एक ठेका निकाला हुआ है। उक्त ठेके में प्रबंधन ने कार्य हेतु 07 श्रमिकों को रखने की शर्त रखी है। किन्तु उक्त निविदा के क्लॉज 3.14 के माध्यम से ठेकेदार को उक्त कार्य हेतु श्रमिकों को रखने की छूट नहीं दी गई है। जिस पर संघ के नेताओं ने अपना विरोध दर्ज किया है और कहा है कि उक्त निविदा के नियम और शर्त पढ़ने के बाद कई सवाल खड़े होते हैं, जिनका जवाब राजहरा खदान समूह प्रबंधन से मिलना अनिवार्य है। जैसे कि निविदा के शर्तों में इस बात का उल्लेख करना कि उक्त ठेका कार्य में चिन्हित व्यक्ति ही कार्य करेंगे। ठेका पद्धति के नियमों का ही विरोधाभास है, साथ ही संघ इस बात का विरोध नहीं करता है कि प्रभावितों को कार्य पर रखा जावे किन्तु प्रभावितों में राजहरा के युवा बेरोजगार भी आते हैं। इनके पास न तो अपनी जमीन है और न ही अपना मकान है तो सिर्फराजहरा खदान के खनन से होने वाले प्रदूषण का दुष्प्रभाव है। उसके बाद भी राजहरा के लोगों को बीएसपी प्रबंधन प्रभावितों की श्रेणी में रखने से इंकार करती है जो समझ से परे है। संघ का मानना है कि लालपानी से प्रभावितों को भी रेल्वे प्रभावितों की तरह बी.एस.पी. में नियमित कार्य पर रखा जाए। जिससे उनके साथ बीएसपी प्रबंधन द्वारा जो दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है उस विराम लग सके। संघ के नेताओं ने कहा कि अगर चिन्हित श्रमिकों को ही कार्य पर रखा जाना है तो बी.एस. पी. को ठेका निकालने की आवश्यकता ही क्यों है? वह चिन्हित श्रमिकों को ही कार्य पर सीधे रख सकती है। क्योंकि जब उल्लेखित कार्य में ठेकेदार को किसी भी श्रमिकों की भर्ती का अधिकार ही नहीं है तो फिर इस ठेका का कोई औचित्य ही नहीं है। और ठेके की शर्तों में यह दर्शाना की इस ठेके में चिन्हित व्यक्ति ही कार्य करेंगे, केन्द्र सरकार के बनाये नियमों का खुला उल्लंघन है। और बीएसपी प्रबंधन के कुछ अधिकारी तो केन्द्र सरकार बनाये नियमों का उल्लंघन करने में माहिर हैं। आगे दोनों नेताओं ने बताया कि संघ का मानना है कि ठेके की शर्तों में यह लिखना कि यही श्रमिक इस ठेके में कार्य करेंगे, इसका अर्थ संघ यह निकालता है कि बी.एस.पी. प्रबंधन इन चिन्हित श्रमिकों को नियमित कर्मचारी मानता है। और इन्हें नियमित कर्मचारी के रूप में भर्ती कर रहा है। एक बात यहां महत्वपूर्ण है कि, The Contract Labour (Regulation and Abolition Act.1970) के सेक्शन 10 के तहत किसी भी पेरेनियल स्वभाग के कार्य में ठेका श्रमिकों से कार्य करना वर्जित है। बोईरडीह पम्प हाउस कार्य एक पेरेनियल स्वभाव का कार्य है और जब तक खदान चलता रहेगा, तब तक उक्त कार्य भी चलेगा।

## हिंदू आस्था के साथ ही खिलवाड़ क्यों: शिवसेना

पायनियर संवाददाता < डौंडी
www.dailypioneer.com



लगातार हिन्दू सनातनी धर्म आचार्यों के विरुद्ध अनर्गल आरोपों का सिलसिला पिछले कई सालों से हो रहा है, अभी हाल ही नागपुर में आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के ऊपर तथाकथित अंधभक्ति निर्मूलन समिति द्वारा अंधविश्वास को लेकर आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के ऊपर आरोप लगाया गया कि वह अंधविश्वास फैला रहा है, हिंदु धर्म के इतिहास काल से ही पुजा पाठ और आराध्य को याद कर कई कार्य किया जाता है जो हमारे सनातनी होने की गौरव गाथा का बखान करती है, आखिर ये कौन लोग हैं जो हमेशा से ही हिंदू धर्म के लोगों के आस्था के साथ ऐसा घटिया अनर्गल टिप्पणी करके मजाक बनाते है यह विचारणीय है, महज यह साजिश है, ऐसा क्यों हो रहा है, जबकी सोशल मीडिया के माध्यम से आचार्य धीरेंद्र शास्त्री द्वारा खुली चुनौती दिया गया कि उक्त तथाकथित समिति छत्तीसगढ़ रायपुर में कथावाचक में उपस्थित होकर वास्तविकता जान सकते हैं ऐसा कहने के बावजूद अंधभक्ति निर्मूलन समिति के सदस्य उनके समक्ष नहीं पहुंचे, शिवसेना जिला महासचिव व्यास यदु का यह कहना है की वह लोग कौन से धर्म के हैं जो कि हिंदू धर्म के धर्माचार्यो, प्रचारक को ही फोकस कर रहे है या तो स्वंय चुनौती स्वीकार करें, या कौन से धर्म के मानने वाले हैं यह बता कर अपनी झूठी प्रसिद्धि को खत्म करें, उन्हें कोई हक नहीं हिंदू धर्म के लोगों को गुमराह करने की, शिवसेना की तरफ से यह चुनौती है की नागपुर के उक्त समिति प्रत्यक्ष रूप से हिंदू समाज से माफी मांगे और अपने आरोपों की सिद्धि हेतु प्रत्यक्ष रूप से धर्माचार्य के समक्ष प्रस्तुत होकर बहस करें, यह हिंदू आस्था के साथ धर्म ग्रंथों का अपमान है जो हिंदू समाज कभी सहन नहीं करेगा और यह आगे हिंदू धर्म लोगों को अपने धर्म के प्रति एकत्र होकर बालासाहेब ठाकरे के नक्से कदम पर धर्म के लड़ाई लड़ने के लिए बाध्य करेगी।

## मंत्री प्रतिनिधि ने ग्रामीणों की समस्या का किया समाधान

पायनियर संवाददाता < डौंडी
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन के महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया के मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी गत रात्रि डौंडी ब्लॉक के अंतिम छोर वनांचल ग्राम जबकोडहा, अरजगुंडरा, केशोपुर, एवम परसबिरही में ग्रामीणो से मिलकर जनसंपर्क किया एवम ग्रामीणों के मूलभूत समस्याओं का निराकरण भी किया गया तथा छत्तीसगढ़ शासन के योजनाओ को विस्तार पूर्वक गांव वालो को बताया गया। मंत्री प्रतिनिधि के ब्लाक के अंतिम छोर में जाकर रात्रि समय ग्रामीणों के मध्य जनसंपर्क दौरा कार्यक्रम करना ग्रामीणो की मूलभूत समस्याओं का त्वरित निराकरण करने से ग्रामीण जन काफी प्रभावित रहे। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डौंडी के अध्यक्ष कोमेश कोर्राम, महामंत्री कैलाश राजपूत, मिडिया प्रभारी रविकांत देशमुख, यूवा कांग्रेस नेता जागेश्वर ठाकुर एवम छेत्रीय प्रतिनिधि गण सेक्टर अध्यक्ष, बुथ एवम जोन अध्यक्षगण कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता गण आदि उपस्थित थे।

## अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष आज बालोद में



**बालोद।** छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन का 25 जनवरी 2023 समय 2 बजे बालोद जिला में आगमन होने जा रहा है। वे सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर विशेष राय मशविरा करेंगे। उनका आगमन 2 बजे राजीव भवन बालोद में होगा। अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष अतीक कुरेसी ने बालोद जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा बालोद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारी, समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण, यूवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवा दल, निगम मंडल के सदस्य गण, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगरीय निकाय के पार्षद, एल्डरमैन, से निवेदन है किया है की उक्त कार्यक्रम में शत प्रतिशत अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे।

## राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार से सीताराम होगा पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारतीय बाल कल्याण परिषद नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार 2022 हेतु जिले के ग्राम चुहका निवासी सीताराम यादव पिता कमल यादव उम्र लगभग 14 वर्ष का चयन किया गया है। सीताराम को 26 जनवरी 2023 गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार से नवाजा जायेगा। 17 से 26 जनवरी 2023 तक आयोजित कार्यक्रम में उपस्थिति हेतु सीताराम अपने पिता के साथ 16 जनवरी को दिल्ली रवाना हो गया है। ज्ञात हो कि ग्राम चुहका के दो बालिकाएं 19 अगस्त की सुबह डोटू नदी मे नहाते समय पानी के तेज बहाव में बह गयी। बालक सीताराम यादव द्वारा एक बालिका को बहने से बचा लिया गया तथा 500 मीटर दूर झाडी में अटकी दूसरी बालिका को भी उनके द्वारा बाहर निकाला गया परंतु दूसरी बालिका को बचाया नहीं जा सका। बालक सीताराम यादव के द्वारा अपनी जान जोखिम में डालकर साहसिक कार्य किया गया। जिसके लिए उसको यह पुरस्कार दिया जा रहा है। वर्ष 2022 में साहसिक कार्य के लिए राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार योजना हेतु बालक सीताराम यादव के नाम अनुशंसा कलेक्टर बेमेतरा जितेन्द्र कुमार शुक्ला द्वारा की गई है। राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार 26 जनवरी 2023 मे नवाजे जाने पर जिला प्रशासन बेमेतरा, शिक्षकगण तथा बालक के परिजनों एवं क्षेत्रवासियों के द्वारा बालक को बधाई प्रेषित की गई है।

## ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी ध्वजारोहण करेंगे

**दल्लीराजहरा।** श्रमवीर चौक के समीप स्थित ब्राह्मण समाज भवन के प्रांगण में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रातः 09.00 बजे ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रवक्ता कमल शर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों से समय पर गरिमामय उपस्थिति प्रदान करने की अपील की गई है।

## युवा कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया



**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ऊपर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के द्वारा अशोभनीय टिप्पणी करने के विरोध में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा एवं युवा कांग्रेस बालोद जिलाध्यक्ष प्रशांत बोकड़े के निर्देश पर युवा कांगेस डौंडीलोहरा विधानसभा अध्यक्ष भरत देवांगन के नेतृत्व में युवा कांग्रेस दल्लीराजहरा के सभी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का पुतला दहन मुख्य चौराहे में किया। ज्ञात हो के कुछ दिन पूर्व में भाजपा के डॉ. रमन सिंह ने ट्विटर के माध्यम से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को दाउद जैसे शब्द से अशोभनीय टिप्पणी किया गया था। जिसके लिए युवा कांग्रेस दल्लीराजहरा द्वारा यह विरोध प्रदर्शन किया गया।

## मेहनत इतनी ख़ामोशी से करें कि सफलता शोर मचाएगी: कुलसचिव

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



समाधान महाविद्यालय बेमेतरा में सभी विद्यार्थियों के लिये एकदिवसीय कार्यशाला आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में भूपेन्द्र कुलदीप, रजिस्ट्रार हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी, दुर्ग रहे। कार्यक्रम का आरंभ अतिथि स्वागत एवम सरस्वती पूजन करके किया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने भूपेन्द्र कुलदीप का संक्षिप्त परिचय दिये और कार्यक्रम को उपर तत्पश्चात छात्र-छात्राओं को संबोधित करने के लिये रजिस्ट्रार साहब को मंच मे आमंत्रित किये। भूपेन्द्र कुलदीप ने सभी छात्र-छात्राओ एवं शिक्षकों को संबोधित करते दुये कहा कि जीवन में 'संघर्ष' करके ही आप सफलता को प्राप्त कर सकते हो। जो लक्ष्य आप प्राप्त करना चाहते हो उसके लिये पहले से योजनाएँ बनाकर रखे और अपने योजनाओं को गुप्त रखे। कोई भी लक्ष्य को पाने के लिए आपमें जूनून होना अत्यंत आवश्यक है। आपकी किस्मत तभी बदलती है जब आप मेहनत करते हैं। हमारी जिंदगी में माता-पिता के बाद जो दूसरा स्थान होता है वह सिर्फ शिक्षक का होता है क्योंकि शिक्षक आपकी हमेशा अच्छा करने के लिये प्रोत्साहित करने का कार्य करता है। फिर उन्होंने कैरियर गाइडेंस मे कहा कि स्नातक के बाद बहुत सारे रोजगार के अवसर आपको मिल जाते हैं। आप अपने विषय के आधार पर तैयारी करते रहे। 'मेहनत इतना खामोशी से करे, कि सफलता आपकी शोर मचायेगी'। अपनी योग्यता को पहचानना है और अपने भविष्य निर्माण में लग जाना है। अपनी मूल प्रवृत्ति, स्वभाव की पहचान कर लक्ष्य प्राप्ति के लग जाये सफलता निश्चित है। सफलता का मतलब सिर्फपद, प्रतिष्ठा, मान-सम्मान नहीं होता बल्कि सफलता का मतलब आप अपने पद की गरिमा एवम अस्तित्व को बनाये रखना होता है। आप सभी अपने आसपास के लोगो से ही प्रभावित होते है उससे ही आपका चारित्रिक विकास होता है। अपने मित्र-समूह का विषय ध्यान रखें। उन्होंने पढ़ाई करने के अलग अलग तरीको के बारे मे बताये।

## बेसिक स्कूल मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह का किया गया अंतिम रिहर्सल

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय बेमेतरा के ऐतिहासिक बेसिक स्कूल मैदान में राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को गरिमापूर्ण मनाने के लिए सुबह 09:00 बजे गणतंत्र दिवस की तैयारी का अंतिम रिहर्सल किया गया। इस दौरान कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने परेड की सलामी ली और अंतिम रिहर्सल का मुआयना किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने समारोह स्थल में मंच व्यवस्था, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं पत्रकारों के लिए बैठक व्यवस्था, साउण्ड, पानी, बिजली, साफ-सफाई, वाहन पार्किंग, प्रवेश द्वार, परेड, पेयजल, यातायात, पंडाल आदि की व्यवस्था का जायजा लिया। आज के अंतिम रिहर्सल में पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण एलिसेला, जिला पंचायत सीईओ लीना मण्डावी, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, एसडीएम सुरुचि सिंह, जिला नगर सेनानी अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर प्रवीण तिवारी, भूपेन्द्र जोशी, जिला स्तरीय अधिकारी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। रिहर्सल के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा सुन्दर और आकर्षक प्रस्तुति दी गई जिसका सभी अधिकारियों ने सराहना की और स्कूली बच्चों का उत्साह वर्धन किया। पुलिस अधीक्षक ने भी समारोह स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा संदेश का वाचन किया जाएगा साथ ही पुलिसकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया जायेगा।

## ठेलका हाई स्कूल में एनसीसी कैडिट ने स्वच्छता अभियानचलाया

पायनियर संवाददाता < थानखमरिया
www.dailypioneer.com




समीपस्थ ग्राम ठेलका में 37 छ.ग. बटालियन एनसीसी दुर्ग के मार्गदर्शन में 24 जनवरी को शा.उ.मा. विद्यालय ठेलका के एनसीसी केयर टेकर एवं कैडेटों के द्वारा 74 वां गणतंत्र दिवस समारोह स्वच्छता अभियान चलाया गया। एनसीसी केयर टेकर धर्मपाल वर्मा ने बताया की यह अभियान 21 से 25 जनवरी तक चलेगी।

इस अभियान के अंतर्गत कैडेटों द्वारा स्कूल परिसर, खेल मैदान, सोसायटी परिसर, बेलतरा चौक, सेवा सहकारी बैंक परिसर, चारमन्दिर चौक तथा स्कूल के सामने तालाब की साफ-सफाई की गई।

एनसीसी कैडेटों द्वारा प्लास्टिक, कागज, अपशिष्ट पदार्थ, पॉलीथिन एकत्र कर उसका उचित प्रबंधन किया तथा स्कूल के छात्र छात्राओं को साफ-सफाई का महत्व बताया। संस्था के प्राचार्य एस के सेन ने कैडेटों द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छ्ता अभियान की सराहना की। अभियान में एनसीसी केयर टेकर धर्मपाल वर्मा तथा संस्था के शिक्षक एस के मिश्रा, एम एल मार्कण्डेय, एस के वैष्णव, अविनाश ठाकुर, विकास वर्मा, कमलकांत, पुष्पलता खोब्रागडे, एकता राजपूत एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

### आमजनों से मोटरसाइकिल तक के जमकर अवैध पैसे वसूली जारी

# टोल प्लाजा बोड़ला के कर्मचारियों की गुंडागर्दी जारी, मुड़ियापारा सरपंच और साथियों पर पांच लोगों ने किया जानलेवा हमला, 5 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < कवर्धा-बोड़ला
www.dailypioneer.com



कवर्धा जिले का बोड़ला टोल प्लाजा इन दिनों लगातार गुंडागर्दी और मारपीट करने को लेकर सुर्खियों में है लगातार यह टोल प्लाजा गुंडागर्दी के नाम से मशहूर हो रहा है जमकर मनमाने तरीके से भोले भाले ग्रामीणों से पैसों की वसूली हो रही है यहाँ पर लोकल आजु बाजू गावँ वालो, आमजनों से मोटरसाइकिल तक के जमकर अवैध पैसे वसूली जारी है ,नही देने पर सभी टोल प्लाजा के कर्मचारी सामुहिक रूप से मिलकर जानलेवा हमले करते हुए नजर आ रहे है, अब ताजा मामला बोड़ला थाना के अंतर्गत, टोल प्लाजा के ठीक बाजू गांव मुड़ियापारा के सरपंच जब भुनेश्वर भास्कर जब अपने साथियों के साथ बोड़ला से वापस बाइक में घर जा रहे थे तो उनसे जबरन बाईक के अवैध पैसे मांगे ,जब सरपंच भुनेश्वर भास्कर ने बाइक के पैसे नहीं देने की बात कही तो, टोल प्लाजा के कर्मचारी गाली गलौज कर सभी कर्मचारी सामूहिक रूप से सरपंच के ऊपर मारपीट करने लगे यहाँ तक लोहे के रॉड और पत्थर से जमकर हमला किया इस हमले में सरपंच के साथ साथ तीन लोगों को गंभीर चोंटे आयी है इन लोगों ने मुश्किल से अपनी जान बचाई उनका इलाज चल रहा है, वही पुलिस थाना बोड़ला को सूचना मिलने पर मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल आरोपियों की पहचान कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है इन घटना स्थल से प्राप्त सबूतों के आधार पर आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 147, 148, 149, 294,307, 323, 506 (बी) उपरोक्त धारा के तहत बोड़ला थाना में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है, आरोपियों का नाम, बन्देश चन्द्रवंशी, आनंद डॉहिया, सतीश डॉहिया, आकाश डाहीया, शिव प्रसाद द्विवेदी, को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक कबीरधाम एवं अतरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गनिर्देशन तथा पुलिस थाना बोड़ला के दिशा निर्देश में सराहनीय कार्य किया गया।

### जोगी कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील केशरवानी ने गुंडागर्दी के खिलाफ उठाई आवाज, दी चेतावनी

वही इस गंभीर मामलें को देखते हुए तत्काल जोगी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कहा कि, बड़ी अजीब बात है कि अब आमजनों गरीब लोगों से मोटरसाइकिल तक के पैसे कबीरधाम जिले के बोड़ला टोल प्लाजा में मांगे जा रहे है, नहीं देने पर लोहे के रॉड से सामूहिक रूप से गुंडागर्दी कर जानलेवा हमला किया जा रहा है, सुनील केशरवानी ने कहा कबीरधाम जिले में जमकर अवैध वसूली की जा रही है, उन्होंने कहा कि सभी आरोपियों को उचित कार्यवाही हो, और सभी ग्रामवासियों जो गंभीर घायल है उन्हें बेहतर इलाज मुहैया हो,आने वाले दिनों में जोगी कांग्रेस जिले के बेरियल, टोल प्लाजा में हो रहे अवैध वसूली के खिलाफ आन्दोलन करेगी।

Karur Vysya Bank
Smart way to bank

दि करूर वैश्य बैंक लिमिटेड
रायपुर शाखा
ईपीआई सेंटर, निकट यशवंत हॉस्पिटल, जी. ई. रोड
तात्यापारा, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (1) के तहत जारी

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने **दि करूर वैश्य बैंक लिमिटेड** के प्राधिंत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (द्वितीय) अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम 54 ) के तहत और धारा 13 ( 12 ) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन ) नियमावली, 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित **14-07-2022** जारी की थी, जिसमें **(1) श्री विनय प्रकाश मिश्रा (कर्जदार)** पुत्र श्री जगदीश नारायण मिश्रा, C/O म. नं. 89, फेस-4, कबीर नगर, ताटीबन्ध, रायपुर-492001, छत्तीसगढ़ **(2) श्री सर्वेश कुमार पाण्डे (गारन्टर)**, एम. आई. जी. डूप्लेक्स 101, फेस-4, कबीर नगर, रायपुर-492099, छत्तीसगढ़ से सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि **रु. 17,76,826.10 (सत्रह लाख, छिहत्तर हजार, आठ सौ छब्बीस रुपये दस पैसे मात्र)** का भुगतान आगे ब्याज के साथ उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार/गारंटर उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, अतः एतद्द्वारा कर्जदार/गारंटर तथा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा **21 जनवरी, 2023** को प्राप्त कर लिया है।

कर्जदार गारंटर को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्ति के संबंध में कोई संव्यवहार नहीं करें तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार दि करूर वैश्य बैंक लिमिटेड की बकाया राशि **रु. 17,76,826.10 (सत्रह लाख, छिहत्तर हजार, आठ सौ छब्बीस रुपये दस पैसे मात्र)** तथा उस पर ब्याज, लागत और खर्चों के प्रभाराधीन होगा।

**कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

**अचल सम्पत्ति का वर्णन**

सुपर बिल्ट- अप एरिया 737 वर्ग फीट को मापने वाले ब्लॉक "ए" में पांचवीं मंजिल में नंबर 509 वाले पूरी तरह से निर्मित अपार्टमेंट 350.07 वर्ग फिट के हिस्से के अविभाजित आनुपातिक शेयर के साथ "अविनाश आशियाना अपार्टमेंट" के रूप में जानी जाने वाली इमारत में खसरा 230/5, 230/7, 230/8, 231/2, 613/1, 231/1-3-4, 230/1-2-3, 230/4 और 230/9 में शामिल भूमि के सभी टुकड़े और पार्सल में मौजा-कोटा, वार्ड नंबर -2 रामकृष्ण परमहंस वार्ड, पीसी नंबर -37, रायपुर तहसील & जिला-रायपुर (सी.जी.) में स्थित अविनाश आशियाना अपार्टमेंट कन्डोमिनियम द्वारा कवर किया गया लगभग 1,72,224 वर्ग फुट फ्लैट श्री विनय प्रकाश मिश्रा के नाम पर है और इसकी सीमाएँ हैं:

उत्तर : फ्लैट नं0 508 — दक्षिण : खाली जगह
दक्षिण : फ्लैट नं0 ई-511 — पश्चिम: गलियारा

स्थान : रायपुर
दिनांक : 21/01/2023

प्राधिकृत अधिकारी
दि करूर वैश्य बैंक लिमिटेड

# बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रमः शक्ति विकासखंड के शासकीय हायर सेकेंडरी खैरा में वार्षिकोत्सव आयोजित

**सरपंच लीलाधर एवं किशोर न्याय बोर्ड सदस्य सुरेश जायसवाल रहे मौजूद**

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com



शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय खैरा में विगत दिवस वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच लीलाधर जायसवाल, तोषेन्द्र जायसवाल अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, विशिष्ट अतिथि सुरेश कुमार जायसवाल सदस्य किशोर न्याय बोर्ड उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय आकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि ने किशोर न्याय बोर्ड की गतिविधियों एवं कार्यों पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। विद्यालय के प्राचार्य सुरेश जायसवाल ने विद्यालय गतिविधियों एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। विगत वर्ष विद्यालय से बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कक्षा बारहवीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा कुमारी खुशबू महंत, रत्ना साहू, शालिनी राठौर एवं कक्षा दसवीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र राघवेन्द्र जायसवाल, शुभम जायसवाल को मोमेंटो मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया,सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत समूह नृत्य में कक्षा ग्यारहवीं की अंजली एवं साथियों ने प्रथम स्थान , अंशु चंद्रा एवं साथियों कक्षा नवमी ने द्वितीय स्थान तथा मुस्कान चौहान एवं साथी कक्षा बारहवीं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

एकल नृत्य में कक्षा 12 वीं की आकांक्षा जायसवाल प्रथम लाल बहादुर द्वितीय एवं प्रमिला गोंड कक्षा तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता नारायण प्रसाद देवांगन एवं बी एस राठौर सर द्वारा किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रभारी सीमा चौधरी, रचना कटकवार, जे.एम.राठौर, सी बी देवांगन, के आर गोंड, रमेश कंवर,एल एन ध्रुव,के के वस्त्रकार, एन के देवांगन, फलादियुस मिंज, सरोज कंवर, रेखा सिदार, लता जायसवाल आशीष सांडे, अरुण यादव, तुषार गांधी मदन सिदार, ग्रामवासी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर पी आर देवांगन का निधन

**सक्ति।** शक्ति शहर के प्रतिष्ठित वरिष्ठ चिकित्सक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति के सेवानिवृत्त खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पी आर देवांगन का रात्रि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया,वे विगत कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे, तथा उनका उपचार चल रहा था, डॉक्टर पी आर देवांगन का अंतिम संस्कार 24 जनवरी को रायपुर के महादेव घाट में हुआ, डॉ पी आर देवांगन संदीप देवांगन, एवं संजय देवांगन के पूज्य पिता थे, तथा काफी मृदुभाषी, मिलनसार एवं जनप्रिय चिकित्सक थे, उनके निधन पर लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है, तथा डॉ देवांगन कई दशकों तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर के रूप में अपनी सेवाएं देते हुए रिटायर हो गए थे, तथा शक्ति शहर के जवाहरलाल नेहरू कॉलेज के पीछे उनका स्वयं का निजी क्लीनिक था।



# अभिषेक नरेड़ी को दी छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच परिवार ने श्रद्धांजलि

- संरक्षक कन्हैया अग्रवाल एवं हरिवल्लभ अग्रवाल ने बंधाया नरेडी परिवार को ढांढस, प्रदेश के विभिन्न स्वयंसेवी, सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संगठनों ने दी अभिषेक को श्रद्धांजली

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के सदस्य कन्हैया अग्रवाल रायपुर एवं हरीवल्लभ अग्रवाल रायपुर ने डोगरगढ़ के वरिष्ठ समाजसेवी एवं युवा अग्रवाल मंच परिवार के वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारी गणेश नरेड़ी एवं मीरा नरेडी के लाडले सुपुत्र, युवा समाजसेवी अभिषेक (सूरज) नरेड़ी के विगत दिनों हुए निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मंच परिवार की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है, साथ ही छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच की ओर से नरेड़ी परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए अभिषेक (सूरज) के निधन को युवा अग्रवाल मंच परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया है,मंच परिवार ने कहा है कि अभिषेक (सूरज) नरेड़ी सदैव समाज के कामों में, सेवा के कामों में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी करते थे तथा उनके निधन से हम सभी को गहरा दुख पहुंचा है, एव हम सभी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि आप सभी नरेड़ी परिवार डोगरगढ़ को इस गहरे दुख का सामना करने शक्ति प्रदान करें एवं अभिषेक की मृतआत्मा को शांति प्रदान करते हुए ईश्वर स्वर्ग लोक में अपने श्री चरणों में उन्हें स्थान दें, छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच परिवार की ओर से महिला विंग ने भी अभिषेक के निधन पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है, साथ ही अभिषेक के निधन के समाचार से छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच को काफी दुख पहुंचा तथा उन्होंने तत्काल उनके पिता समाजसेवी गणेश नरेड़ी से फोन पर चर्चा कर उन्हें ढांढस भी बंधाया है, ज्ञात हो कि अभिषेक के निधन के पश्चात उनके परिवारजनों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए डोंगरगढ़ शहर सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों से लोग पहुंच रहे हैं,तथा फोन के माध्यम से भी उनके पिता गणेश से चर्चा कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं, तथा डोंगरगढ़ के एक समाजसेवी परिवार में नरेड़ी परिवार पहचाना जाता है, वीरेंद्र अग्रवाल ने भी अभिषेक के निधन को एक बड़ी क्षति बताते हुए अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है।



# 135 कृषि विकास अधिकारियों की हुई पदोन्नति, संघ ने हर्ष जताया

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विकास अधिकारी संघ के प्रांत अध्यक्ष शेख कलीमुल्लाह ने बताया कि प्रदेश के 135 कृषि विकास अधिकारियों की वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पद पर पदोन्नति सूची जारी की गई है। पदोन्नति सूची जारी होने पर छत्तीसगढ़ कृषि विकास अधिकारी संघ ने हर्ष जताया है। वरिष्ठ पद पर पदोन्नति की कर्मचारियों का प्रतीक्षा रहता है। पदोन्नति कर्मचारियों के अच्छे कार्यों का परिणाम है। समय पर पदोन्नति होने से आगे और पदोन्नत होने की संभावना बनी रहती है। कृषि विकास अधिकारियों की पदोन्नति समय पर हो इसके लिए छत्तीसगढ़ कृषि विकास अधिकारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने 19सितंबर को तथा 14 नवंबर को संचालक कृषि को ज्ञापन देकर कृषि विकास अधिकारियों को पदोन्नत किए जाने की मांग की थी। संगठन के लगातार प्रयास से आज बहुप्रतीक्षित 135 कृषि विकास अधिकारियों को वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पद पर पदोन्नत करते हुए पदस्थापना सूची भी जारी की गई।

पदोन्नति सूची जारी होने पर छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विकास अधिकारी संघ के प्रांत अध्यक्ष शेख कलीमुल्लाह कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष आर एल गुप्ता उपाध्यक्ष रमेश चंद्र भावेल सचिव रमतू नेताम कोषाध्यक्ष मनोहर नेताम महिला प्रकोष्ठ मीना नेताम शारदा कश्यप तथा संगठन के समस्त पदाधिकारियों ने माननीय रविंद्र चैबे जी कृषि मंत्री छत्तीसगढ़ शासन रायपुर, डॉ कमलप्रीत सिंह सचिव छत्तीसगढ़ शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग रायपुर, डॉक्टर अयाज फकीर भाई तंबोली संचालक कृषि संचनालय रायपुर एवं पदोन्नति में प्रत्यक्ष एवं सहयोग करने वाले सभी अधिकारियों कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया है।

# शिबू मिश्रा को अध्यक्ष अनिल बाजपेयी को दी गई उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

**रायगढ़ कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज का हुआ गठन**

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायगढ़ के सुव्यवस्थित तरीके से संचालन व बेहतरी के लिए काफी समय से संगठन के गठन के लिए लगातार बैठक आयोजित की जा रही थी। जिसके बाद 22 जनवरी रविवार को शाम 4 बजे रामलीला मैदान मंच में बैठक आयोजित किया गया। जहां सभी ने समाज के गठन के लिए अपने-अपने विचार रखे, काफी विचार करने के बाद सभी के सहमति से संगठन में पदाधिकारियों को विभिन्न पदों की जिम्मेदारी दी गई। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए दया सागर मिश्रा (शिबू), उपाध्यक्ष पद के लिए अनिल बाजपेयी, सचिव पद के लिए अखिलेश बाजपेयी, सह-सचिव पद के लिए चंद्र किशोर बाजपेयी (सोमू), कोषाध्यक्ष पद के लिए धरणीधर बाजपेयी, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी कमल कान्त दीक्षित, मीडिया प्रभारी निलेश मिश्रा (सन्नी), कार्यकारिणी सदस्य में दयानंद अवस्थी, नीरज दीक्षित, राजेन्द्र दीक्षित, सुरेश शुक्ला, राकेश शुक्ला, दशरथ दीक्षित, विवेक बाजपेई, सुरेश दीक्षित, विकास त्रिपाठी, राजेश तिवारी को जिम्मेदारी दी गई। चुने गए सभी पदाधिकारियों को कान्यकुब्ज समाज के समस्त गणमान्य सदस्यो ने बधाई देते हुए समाज के बेहतर संचालन की कामना की है। रायगढ़ कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दयासागर मिश्रा (शिबू महाराज) ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि लंबे समय से संगठन के लिए बैठक आयोजित की जा रही थी, जिसके परिणाम स्वरूप आज कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायगढ़ का गठन हो पाया है जिसमें मुझे अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिली है जिसके लिए समाज के सभी लोगों का धन्यवाद। मैं सभी का आभारी हूं जिन्होंने मुझे इस काबिल समझा और मुझ पर भरोसा जताया।

# शिव शक्ति उद्योग के खिलाफ श्रमिकों ने खोला मोर्चा, जमकर की नारेबाजी, श्रम विभाग में सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com

शिव शक्ति स्टील प्राइवेट लिमिटेड के मजदूरों ने कल कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर कलेक्ट्रेट में नारेबाजी की अपने साथ हो रहे शोषण को ज्ञापन के माध्यम से श्रम विभाग को दिया गया। 25 से 30 श्रमिक पहुंचे हुए थे। श्रमिकों का कहना है कि समय पर ना उन्हें तनख्वाह दी जाती है ना ही उन्हें महीने में छुट्टी दी जाती है। प्लांट में श्रमिकों को लेकर किसी भी प्रकार की सुरक्षा मानकों का ध्यान नहीं रखा गया है कंपनी प्रबंधन की ओर से कर्मचारियों से दुर्व्यवहार किया जाता है। दिवाली पर भी किसी प्रकार का बोनस भी नहीं दिया जाता है शिव शक्ति स्टील उद्योग की तरफसे, कई कर्मचारी ऐसे हैं जो जो पिछले 5 से 10 वर्षों से लगातार शिव शक्ति प्लांट में काम कर रहे हैं और केवल वहां उनका शोषण हो रहा है। प्लांट में श्रमिकों से 12 घंटे से अतिरिक्त कार्य भी लिया जाता है जिसका पैसा भी नहीं दिया जाता महीने में केवल दो छुट्टियां ही दी जाती हैं यदि कोई कामगार आवाज उठाता है तो उसे किसी भी तरह का बहाना देकर उद्योग से बाहर निकाल दिया जाता है।

# यात्री बस की ठोकर से बाइक सवार की मौत रायगढ़-सारंगढ राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ हादसा

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़-सारंगढ राष्ट्रीय राजमार्ग में रविवार की शाम सितारा बस की चपेट में बाईक सवार युवक की मौत हो गई। मामला शहर के जूटमिल थाना क्षेत्र का है। इस सबंध में जूटमिल थाना प्रभारी कमल किशोर पटेल ने बताया कि पटेलपाली में रहने वाला मनोहर पटेल आत्मज निरंजन लाल 25 वर्ष रविवार की शाम लगभग 6 बजे अपनी मोटर सायकिल लेकर पेट्रोल पंप गया और पेट्रोल डलवाने के बाद वापस लौट रहा था। इस दौरान चंद्रपुर की तरफसे सवारियों को लेकर रायगढ़ जा रही सितारा बस के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार को टक्कर मार दिया। यात्री बस की चपेट में आने से बाईक सवार युवक के हाथ-पांव के अलावा सिर में गंभीर चोटें आने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे एंबुलेंस के जरिये तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां प्रारंभिक जांच में ही डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बहरहाल जूटमिल पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ भादंवि की धारा 304 ए के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## 5 तालाबों को दिया जाएगा मछली पालन के लिए लीज में 02 फरवरी तक कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं जमा

**सक्ति।** सक्ति जिले के नगर पंचायत अड़भार के मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा 24 जनवरी 2023 को एक सूचना जारी कर नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक- एक में स्थित दर्री समारिन डबरी, बैगीन डबरी,तेंदूवाही डबरी,जोरवा स्थित मेहंदिया डबरी एवं वार्ड क्रमांक- छह स्थित दर्री डाबरी तालाबो को 10 साल की लीज पर दिया जाना है, जिसके लिए इच्छुक समूह 2 फरवरी 2023 तक नगर पंचायत कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।




# कलेक्टर और एसपी ने गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर मैदान का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com



सक्ति कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना और एसपी एम.आर आहिरे ने सोमवार को गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित मैदान का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान गाड़ियों की पार्किंग, बैठक व्यवस्था, मंच संचालन, मार्च पास्ट, बैरिकेडिंग व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। साथ ही साथ कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने मैदान की मार्किंग को देखते हुए मंच को जल्द से जल्द तैयार कराने के निर्देश। सक्ती कलेक्टर ने कहा की व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। इस दौरान एसडीएम रजनी भगत, एडिशनल एसपी गायत्री सिंह मौजूद रहे,ज्ञात हो की शक्ति कलेक्टर नूपुर सहित जिला प्रशासन जेठा के पहले गणतंत्र समारोह को भव्य रुप से संपन्न कराने जी-जान से जुटा हुआ है, तथा शक्ति कलेक्टर की प्रतिष्ठा का भी प्रश्न यह गणतंत्र समारोह है, ऐसी जन चर्चा है एवं कलेक्टर भी गणतंत्र समारोह को लेकर पूरे जिले में वृहद रूप से इस आयोजन को मूर्त रूप देने में लगी हुई है तथा छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत शक्ति जिले के प्रथम गणतंत्र समारोह का ध्वजारोहण करेंगे साथ ही परेड की सलामी भी लेंगे।

## सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं को महिला रक्षा टीम ने किया अपराधों से जागरूक



**रायगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लक्ष्मीपुर रायगढ़ में महिला रक्षा टीम की ओर से सुरक्षा व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महिला रक्षा टीम प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक मंजू मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को बाल अधिकार, साइबर क्राईम व लैंगिक अपराधों के संबंध में जानकारी दिया गया तथा रक्षा टीम के सदस्यों द्वारा डेमो प्रदर्शन कर सेल्फडिफेंस के तरीके बताए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना के दिशा-निर्देशन एवं एडिशनल एसपी आईयूसीएडब्ल्यू डॉ राजेंद्र प्रसाद भैया के मार्गदर्शन पर महिला रक्षा टीम जिले के विभिन्न स्कूलों में जाकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है। उन्हें बढ़ते साइबर क्राइम तथा लैंगिक अधिकारों के संबंध में जानकारी देकर पुलिस द्वारा दिए जाने वाले सहयोग के बारे में बताया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ी फिल्म 'ले चलहुं अपन दुवारी दर्शकों को लुभा रही रामनिवास टाकीज सहित प्रदेश के अन्य सेंटर्स में बेहतर रिस्पॉन्स

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पॉपकार्न फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले निर्माता देवनारायण साहू और उत्तरा कुमार साहू फिल्म के लेखक कौस्टन साहू और डायरेक्शन मृत्युंजय सिंह की आगामी 13 जनवरी को ले चलहु अपन दुवारी पूरे प्रदेश में प्रदर्शित हुई। फिल्म का प्रदेश में बेहतर रिस्पॉन्स मिल रहा छतीसगढ़ी दर्शक शुद्ध परिवारिक फिल्म को बहुत पसन्द कर रहे है।

फिल्म में खास बात ये है कि छत्तीसगढ़ी फिल्म में पहली बार कैमरे में बेहतरीन तरीके से फिल्मांकन किया है युवा ऊर्जावान कन्या आरुषि बागेश्वर ने.. फिल्म की सूटिंग छत्तीसगढ़ के विभिन्न रोमांटिक एवं दर्शनीय स्थानों पर की गई है। निर्माताओ ने बताया कि फिल्म का निर्माण छत्तीसगढ़ की ग्रामीण पृष्ठभूमि पर केंद्रित है। इस फिल्म में देशप्रेम के साथ साथ, इमोशन एवं कॉमेडी का भी भरपूर समावेश किया गया है। फिल्म निर्माण में कहीं से कोई कमी न रह जाय इसके लिए सभी आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया गया है। इसके लिए पूरी टेक्निकल टीम मुम्बई से छत्तीसगढ़ आयी थी। फिल्म मेकिंग की पूरी टीम नव युवाओं से प्रेरित है और इन लोगों ने भरपूर जज्बे, उमंग, उत्साह के साथ अपने काम को बखूबी से अंजाम दिया है। फिल्म के लेखक, डायरेक्टर एवं डीओपी सभी पच्चीस से तीस साल के बीच के युवा हैं। सभी युवा टीम का इरादा दर्शकों के बीच ऐसी फिल्म परोसने का है जिसे देखकर दर्शक बार- बार फिल्म को जरूर देखना चाहें और यह फिल्म छालीवुड फिल्म इंडस्ट्री में अपना अलग मुकाम बना सके। फिल्म में छत्तीसगढ़ के स्थानीय कलाकारों के साथ ही मुम्बई फिल्म इंडस्ट्री के कलाकारों ने भी काम किया है। नायक की भूमिका में शील वर्मा एवं नायिका पूजा शर्मा (मोहनी एल्बम फेम) हैं!

**कार्यालय उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

**// निविदा आमंत्रण हेतु कार्य की सूची //**

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. पुअ/गरि/117/AC-1/2023 गरियाबंद, दिनांक- 11/01/2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग/R.E.S. में पंजीकृत ई पंजीयन के तहत् डी वर्ग या ऊपर श्रेणी के ठेकेदार प्रपत्र 'अ' में प्रतिशत दर पर छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी भवन कार्य के एस. ओ. आर. 01.01.2015 के आधार पर निम्नलिखित तिथि को अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में मुहरबंद दो लिफाफा पद्धति के तहत् रजिस्टर डाक/स्पीड पोस्ट/ By hand निविदाएं आमंत्रित की जायेगी। निविदा से संबंधित तिथियां निम्नानुसार हैः- 1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथिः- 08/02/2023 अपरान्ह 05.00 बजे तक 2. निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :- 09/02/2023 अपरान्ह 03:00 बजे तक 3. निविदा खुलने की तिथिः 09/02/2023 सायं 04:00 बजे से । (उपरोक्त में से किसी तिथि को शासकीय अवकाश घोषित होने की स्थिति में आगामी कार्य दिवस में पूर्व निर्धारित समय तक मान्य किया जावेगा।)

**टीप :-** स्थल का चयन इकाई प्रमुख द्वारा परिवर्तन किया जा सकता है तथा नक्सल प्रभावित पुलिस विभाग जिला गरियाबंद में नवीन कैम्प में कार्य किये हुए अनुभव प्राप्त एजेंसी से ही निर्माण कार्य कराया जायेगा।

| स.क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | अमानत राशि टी.डी.आर. के रूप में |
|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. |
| 01. | नवीन सीआरपीएफ कैम्प ओढ़, जिला गरियाबंद (01 कंपनी) की स्थापना हेतु 08 नग ट्यूबलर स्ट्रक्चर्स बैरक निर्माण कार्य। (विद्युत व्यवस्था के साथ) | 9.00 लाख | 6750 |
| 02. | नवीन सीआरपीएफ कैम्प ओढ़, जिला गरियाबंद (01 कंपनी) की स्थापना हेतु 01 सेट टॉयलेट बाथरूम ब्लाक मय ओपन वॉटर टैंक निर्माण कार्य। (विद्युत व्यवस्था के साथ) | 9.45 लाख | 7100 |

**नोच :-** निविदा प्रपत्र का मूल्य- 750/- एवं कार्यपूर्ण करने का समय-02 माह वर्षा काल सहित होगी। निविदा की अन्य नियम व शर्तें एवं जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय, गरियाबंद से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

उमनि/वरि. पुलिस अधीक्षक
जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

जी-97896/3

**निर्वाचन अधिकारी इंद्रसेन एवं रामविलास की उपस्थिति में हुई प्रक्रिया**

# अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, कार्यालय मंत्री के लिए भी होगा मतदान

- महासभा के चुनाव का बिगुल-संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर के निर्वाचन हेतु 23 जनवरी को हुई नामांकन दाखिले की प्रक्रिया

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com

संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर के 29 जनवरी को घोषित निर्वाचन को लेकर श्री अग्रसेन भवन जुनी लाइन बिलासपुर में निर्वाचन अधिकारी इंद्रसेन अग्रवाल एवं रामविलास अग्रवाल की उपस्थिति में नामांकन दाखिले की प्रक्रिया प्रारंभ हुई, जिसमें नामांकन दाखिले के दिन मुख्यालय से निर्धारित 4 पदों के लिए जहां दो-दो प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया तो वहीं अध्यक्ष पद हेतु राजकुमार अग्रवाल बिलासपुर, अधिवक्ता बाबूलाल अग्रवाल रायगढ़, महामंत्री के लिए- दिलीप बिंदल बिलासपुर, गणेश अग्रवाल बिलासपुर, कोषाध्यक्ष पद के लिए- ओमप्रकाश अग्रवाल हरिकिशन कॉलोनी बिलासपुर, एवं आलोक केडिया बिलासपुर तथा कार्यालय मंत्री के लिए- संदीप अग्रवाल बिलासपुर एवं दिलीप अग्रवाल बिलासपुर ने नामांकन दाखिल किया, वही सारंगढ़ जिले से जिले के पदों के लिए एक भी नामांकन नहीं आया तथा बिलासपुर एवं रायगढ़ जिले में भी जिले में निर्धारित 3-3 पदों के लिए चुनाव हों सकता है, बिलासपुर जिले से नामांकन दाखिल करने वालों में उपाध्यक्ष पद हेतु जगदीश प्रसाद अग्रवाल बिल्हा, दीपक मोदी बिलासपुर, संगठन मंत्री के लिए-मनीष अग्रवाल बिलासपुर, अमित केडिया बिल्हा,मंत्री पद के लिए-अजय अग्रवाल करगी रोड तथा प्रहलादराय अग्रवाल बिल्हा शामिल है, वहीं रायगढ़ जिले के लिए उपाध्यक्ष पद हेतु नरेश अग्रवाल (बोरा) रायगढ़, बजरंग अग्रवाल लेन्ध्रा वाले रायगढ़, संगठन मंत्री के लिए अशोक अग्रवाल पत्रकार खरसिया निर्विरोध चुने जाएंगे, मंत्री पद के लिए राजेश वेदप्रकाश अग्रवाल रायगढ़ तथा महेश मित्तल खरसिया ने नामांकन दाखिल किया, वही कोरबा जिले में भी उपाध्यक्ष पद के लिए श्रीकांत बुधिया का एक ही नामांकन आया, संगठन मंत्री के लिए नरेश अग्रवाल सुराकछार एवं पवन अग्रवाल ऑटो सेंटर कोरबा ने नामांकन दाखिल किया है, मंत्री पद के लिए भी मनोज अग्रवाल छुरी निर्विरोध चुने जाएंगे, सारंगढ़ जिले से 3 पदों के लिए एक भी नामांकन पत्र प्राप्त नहीं हुआ, शक्ति जिले में उपाध्यक्ष पद के लिए आनंद अग्रवाल शक्ति, संगठन मंत्री के लिए मनमोहन अग्रवाल बाराद्वार,एवं मंत्री पद के लिए सतीश जिंदल के एक-एक आवेदन प्राप्त हुए, गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में उपाध्यक्ष पद के लिए गुलाबचंद्र अग्रवाल पेंड्रा, संगठन मंत्री के लिए रवि फरमानिया पेंड्रा एवं मंत्री पद के लिए मनोज गोयल पेंड्रा रोड का एक एक आवेदन प्राप्त हुआ,जांजगीर-चांपा जिले के लिए उपाध्यक्ष पद हेतु संजय अग्रवाल नैला जांजगीर, संगठन मंत्री के लिए मनोज अग्रवाल जांजगीर तथा मंत्री पद के लिए लक्ष्मण केडिया शिवरीनारायण का भी एक- एक आवेदन प्राप्त हुआ, वही मुंगेली जिले के लिए उपाध्यक्ष पद हेतु घनषी राम अग्रवाल तखतपुर,संगठन मंत्री पद के लिए नत्थू लाल अग्रवाल लोरमी तथा मंत्री पद के लिए घनश्याम गोयल बरेला का एक एक आवेदन प्राप्त हुआ, अग्रसेन भवन जुनी लाइन बिलासपुर में विधिवत निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई तथा अब 24 तारीख को नामांकन वापसी के बाद आगे के मतदान की प्रक्रिया होगी तथा स्थिति को देखते हुए मतदान होगा ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है,क्योंकि इसका सबसे प्रमुख कारण यह है कि अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, महामंत्री एवं कार्यालय मंत्री के चार प्रमुख पदों में नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशियों में आम सहमति बनती नजर नहीं आ रही है,तथा बाबूलाल अग्रवाल पूर्व में अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे किंतु विगत दिनों महासभा के निर्वाचन को लेकर चले घटनाक्रम में बाबूलाल अग्रवाल का चुनाव सहायक पंजीयक फर्म्स द्वारा निरस्त किए जाने के कारण मामला उच्च न्यायालय बिलासपुर में लंबित है तथा अब बाबूलाल अग्रवाल के सामने उनके प्रतिद्वंदी के रूप में महासभा के अध्यक्ष पद के लिए बिलासपुर के राजकुमार अग्रवाल प्रत्याशी होंगे साथ ही निर्वाचन अधिकारी इंद्रसेन अग्रवाल एवं रामविलास अग्रवाल द्वारा सहायक पंजीयक फर्म्स बिलासपुर के आदेश अनुसार निर्वाचन के नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई है तथा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोरबा जिले में भी संगठन मंत्री के लिए आए दो नामांकन में एक प्रत्याशी द्वारा नामांकन वापस ले लिया जाएगा ऐसी जन चर्चा है, तथा इस अनुसार देखा जाए तो लगभग 5 जिलों में जिले के पद निर्विरोध चुने जाएंगे तथा सारंगढ़ जिले में संभागीय अग्रवाल महासभा के जन चर्चा के अनुसार केवल दो या तीन ही सदस्य हैं,तथा इस जिले के लोगों का महासभा के निर्वाचन में कोई रुचि नहीं होने के कारण एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ, तथा मुख्य रूप से चुनावी टक्कर रायगढ़ जिले एवं बिलासपुर जिले में भी रहेगी।



# 1 करोड़ 71 लाख की लागत से 17 सरकारी स्कूलों का होगा जीर्णोद्धार

## भिलाई नगर विधायक देवेंद्र की पहल से सभी स्कूलों का भवन संधारण से लेकर अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल से शहर के 17 स्कूलों को जीर्णोंधार किया जाएगा। इन सभी सरकारी स्कूलों के भवनों का काम किया जाएगा। छत, फ्लोरिंग, खिड़की दरवाजे, भवन जीर्णोद्धार, आहता मरम्मत कार्य, छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय का भी निर्माण किया जाएगा। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र के वार्डवासियों से भेंट मुलाकात करते रहते हैं। लोगों से मिलने के लिए उनके वार्ड में उनके गली मोहल्ले में जाते है। लोगों से मिलते है। उनका हालचाल जानते है। उनकी समस्याओं को सूनते है और सभी की समस्याओं को जनहित में होने वाले विकास कार्यो को कराते हैं। ताकि लोगों को जरूरी सुविधाएं मिल सकें। इसी कड़ी में जब भी वार्डों में भेंट मुलाकात करते हैं,उसी



के साथ ही विधायक यादव स्कूलों में शिक्षकों और स्कूल के बच्चों से मिलते है। उनकी भी समस्याओं को सूनते है और समाधान करते हैं। इसी कड़ी में विधायक देवेंद्र यादव ने शहर के कई स्कूलों का भ्रमण किया था और वहां की समस्याओं को दूर करने के लिए पहल की है। शहर के 17 सरकारी स्कूल ऐसे है जिनका अब जल्द ही मरम्मत काम शुरू किया जाएगा। 1 करोड़ 71 लाख 41 हजार की लागत से यह काम पूरा किया जाएगा।

### इन स्कूलों का किया जाएगा जीर्णोद्धार

सरकारी प्राथमिक स्कूल हास्पिटल सेक्टर 9 यहां छत का मरम्मत किया जाएगा ताकि बारिश में पानी ना टपके। फ्लोरिंग की जाएगी। खिड़की दरवाजे खराब हो चुके है उसे नया लगाया जाएगा। भवन का जीर्णोद्धार किया जाएगा। आहाता का मरम्मत किया जाएगा। इसी प्रकार सरकारी प्राथमिक स्कूल बापू नगर न्यू खुर्सीपार में भवन का जीर्णोद्धार व संधारण किया जाएगा। सरकारी प्राथमिक शाला सेक्टर 4 बोरिया गेट स्कूल का भी जीणोंद्धार किया जाएगा। सरकारी प्राथमिक शाला शहीद वीर नारायण सिंह दीवारों का प्लास्टर, फ्लोरिंग, मरम्मत, फर्श मरम्मत किया जाएगा।

### शौचालयों का भी किया जाएगा संधारण

सराकरी प्राथमिक शाला शंकर नगर छावनी और प्राथमिक शाला राजीव नगर छावनी में स्कूल भवन का जीर्णोद्धार, छत का मरम्मत काम, शौचालय निर्माण, दीवारों का प्लास्टर, फ्लोरिंग मरम्मत, फर्श मरम्मत आदि काम किया जाएगा। सरकारी प्रामिक स्कूल सेक्टर 7 का भवन जीर्णोद्धार, शौचालय मरम्मत और दीवारों का सीपेज संधारण किया जाएगा। सरकारी प्राथमिक शाला दुर्गा मंदिर खुर्सीपार में भवन जीर्णोद्धार, छत का मरम्मत, शौचालय का संधारण, दीवारों का प्लास्टर, फ्लोरिंग मरम्मत, फर्श आदि नए लगाए जाएंगे। इससे स्कूल के बच्चों को काफी सुविधा मिलेगी। बारिश के दिनों में क्लास में पानी नहीं टपकेगा।

### भवन का होगा संधारण मिलेगी पूरी सुविधा

सरकारी प्राथमिक माध्यमिक शाला सुभाष नगर खुर्सीपार में छत मरम्मत, दीवारों में सीपेज व प्लास्टर मरम्मत कार्य, शौचालय मरम्मत, खिड़की दरवाजा आहता संधारण किया जाना है। इसी प्रकार सराकरी माध्यमिक शाला छावनी में भवन जीर्णोद्धार,संधारण किया जाएगा। सरकारी माध्यमिक शाला दुर्गा मंदिर का भवन जीर्णोद्धार, छत, शौचालय संधारण किया जाएगा। सरकारी माध्यमिक शाला शंकर नगर छावनी, स्केटर 11 जोन दो खुर्सीपार, हास्पिटल सेक्टर 9 के भवनों का जीर्णोद्धार, दीवारों का प्लास्टर, फ्लोरिंग मरम्मत फर्श मरम्मत आदि सभी काम किए जाएंगे।

### स्कूली बच्चों को मिलेगा लाभ

शहर के वे सरकारी स्कूल जो वर्षों पुराने हैं, जिनका भवन जर्जर हो गया है। जहां क्लास रूम में बारिश के दिनों में पानी टपकता है, दीवारों में सीमेज आता है। ऐसे सभी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को अब इस तरह की समस्याएं नहीं होगी। हम सभी स्कूलों में भवन जीर्णोद्धार से लेकर शौचालय आदि पूरा रिनोवेट कराएंगे। इससे बच्चों को सुविधा मिलेगी। इसके लिए हमने शासन से स्वीकृति ले लिया है। जल्द ही काम भी शुरू कर दिया जाएगा।

**देवेंद्र यादव,** विधायक भिलाई नगर

# सीएचबी के बाद 5 साल की बच्ची को मिला एक नया जीवन लेफ्ट बंडल पेसिंग-जटिल लेकिन कुशल तकनीक

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




हृदय एक बहुत ही जटिल अंग है और यह हृदय के धड़कने की प्रक्रिया और लय को समझन और भी मुश्किल है। जब उच्च शारीरिक गतिविधि के दौरान हृदय गति में वृद्धि नहीं होती है तो यह खतरनाक विकार का संकेत हो सकता है, यह हृदय ब्लॉक भी हो सकता है। यहां एक 5 वर्ष की बच्ची के बारे में है जो कंप्लीट हार्ट ब्लॉक (सीएचबी) से पीड़ित थी। कंप्लीट हार्ट ब्लॉक, एक गंभीर कार्डियक स्थिति है जिसमें व्यक्ति की हृदय गति कम रहती है और जरूरत पड़ने पर भी उचित स्तर तक नहीं बढ़ती-जैसे चलना, दौड़ना आदि के दौरान। ऐसी स्थिति हमारे हृदय के कंडक्शन सिस्टम (इलेक्ट्रिक सर्किट) में खराबी के कारण होती है। आम तौर पर बच्चों में यह जन्मजात या कभी-कभी कार्डियक सर्जरी के बाद होता है। लगभग 1% जन्मजात कार्डियक सर्जरी के परिणामस्वरूप हार्ट ब्लॉक हो सकता है। पूर्ण हृदय ब्लॉक के अनुपचारित मामले, विशेष रूप से जब स्थिति कार्डियक सर्जरी के परिणामस्वरूप होती है, तो बहुत अधिक जोखिम होता है और यहां तक कि मृत्यु भी हो सकती है। 14 किलो वजन वाली यह 5 साल की बच्ची टेट्रालॉजी ऑफ फैलॉट (ब्लू बेबी सिंड्रोम) से पीड़ित थी। ब्लू बेबी सिंड्रोम एक ऐसी स्थिति है जो रक्त में कम ऑक्सीजन के स्तर के परिणामस्वरूप शिशुओं में सायनोसिस (त्वचा, नाखून, होंठ या आंखों के आसपास नीला या भूरा रंग) का कारण बनती है। एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल, रायपुर में कार्डियक साइंस की टीम बच्चे के स्वास्थ्य को पुनः प्राप्त करने में सफल रही है। हालांकि सर्जरी के बाद उन्हें पूरा हार्ट ब्लॉक हो गया था। समान समय (2 सप्ताह से अधिक) के इंतजार के बावजूद इसमें सुधार नहीं हुआ तब डॉ. सुमंत शेखर पाधी (सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) ने एक जटिल लेकिन प्रभावी समाधान प्रस्तावित किया - लेफ्ट बंडल पेसिंग। पेस मेकर इम्प्लांटेशन ऐसे मामलों में सामान्य उपचार विकल्प होता है। लेफ्ट बंडल पेसिंग, एक नई प्रगति है जो कम तकलीफदेह, अधिक साध्य और सुरक्षित है और इसके अधिक दीर्घकालिक लाभ हैं। हालाँकि वर्तमान में शामिल विभिन्न तकनीकी जटिलताओं के कारण वयस्कों के लिए विकल्प अधिक साध्य है, और बच्चों के लिए कोई समर्पित उपकरण उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए बच्चों के लिए इस तरह की प्रक्रियाएं बहुत सीमित सेंटरों में की जाती हैं और इसके लिए बहुत उच्च स्तर के कौशल और विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। लेफ्ट बंडल पेसिंग में स्थायी पेस मेकर इम्प्लांटेशन शामिल है।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्र प्रमुख की अगुवाई में आउटरीच कैंप आयोजित

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



देश के अग्रणी बैंकों में से एक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा क्षेत्र प्रमुख कविता श्रीवास्तव की अगुवाई में दुर्ग, भिलाई एवं रायपुर में आउटरीच कैंप का आयोजन 23 एवं 24 जनवरी 2023 को किया गया। इस शिविर को प्रभावी बनाने एवं ग्राहकों के बीच आत्मविश्वास बढ़ाने के मद्दे नज़र केंद्रीय कार्यालय मुंबई से महाप्रबंधक अमरेन्द्र झा एवं रायपुर क्षेत्र के मार्गदर्शक एवं उप महाप्रबंधक ओम प्रकाश बलौदी जी उपास्थित रहे। ग्राहकों को संबोधित करते हुये उन्होने बैंक द्वारा आउटरीच कैंप का आयोजन एवं उसके महत्व को बताया। बैंक द्वारा एमएसएमई, रिटेल, गोल्ड ऋण एवं CASA (Current Account – Saving Account) को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर उठाए गए विभिन्न कदमों के बारे मे विस्तार से बताया एवं बैंक द्वारा उक्त सभी सेक्टर को आकर्षक ब्याज दर में ऋण उपलब्ध कराने के संबंध में प्रकाश डाला गया। ग्राहकों को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी बताया कि रायपुर क्षेत्राधीन 13 जिले में कुल 65 शाखाएँ संचालित हैं जिसके द्वारा उक्त सभी ऋण मुहैया कराये जा रहे हैं। उनके द्वारा इस बात पर बल दिया गया कि उद्यमी हमारी किसी भी शाखा में संपर्क कर ऋण आवेदन पत्र दे सकते है। इस शिविर में बैंक के सभी सम्मानीय नए एवं पुराने ग्राहकों ने भाग लिया।

# छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय दो दिवसीय देवी जस झांकी प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

मां महामाया सेवा समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय दो दिवसीय देवी जस झांकी प्रतियोगिता का 21 व 22 जनवरी दिन शनिवार, रविवार को आयोजन किया गया। कार्य म 21 जनवरी से प्रारम्भ किया गया, जिसमें प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर वार्ड पार्षद लता खैरवार, पार्षद मनहरण यादव की उपस्थिति में सर्वप्रथम प्रातः ग्राम देवी देवताओं का मंत्रोच्चार से पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम जय बजरंग शीतला सेवा एवं फाग समिति टिकरापारा रायपुर मंडली की प्रस्तुति हुई जिन्होंने श्रोताओं का मन मोह लिया। द्वितीय और अन्तिम दिवस में अतिथि मुख्यमंत्री सुपुत्री स्मिता बघेल व ओएसडी मनीष बंछोर द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। जस झांकी स्पर्धा में-जय गुहा निषाद निर्मल जस झांकी मोहलाई प्रथम प्राप्त हुआ पुरस्कार स्वरूप 11000 रुपये प्रदान किया गया, वहीं ओम नवर जस झांकी परिवार सोमनी राजनांदगांव को दूसरे स्थान के लिए 7001रुपए, जय माँ बम्लेश्वरी ज्ञान सुधा खिलोरा अभनपुर को क्रमशः तृतीय पुरस्कार5001 रुपये प्रदान किया गया। विशेष पुरस्कार में बेस्ट गायन के लिए जय शीतला मां अड़हा सेवा भजन मंडली बेलर अभनपुर को 3001 रूपये प्रदान किया गया। इस दो दिवसीय आयोजन से नगर का माहौल भक्ति मय रहा। इस भक्ति मय प्रतियोगिता में अंचल की 21 मंडलियों ने भाग



लिया जिनके द्वारा लगातार दो दिनों तक भगवान की महिमा व देवी देवताओं के चरित्र का बखान किया किया गया। आयोजन बाजार चौक स्थित बालक प्राथमिक स्कूल प्रांगण में आयोजित हुआ। सभी प्रतिभागियों को 2100 रूपये तथा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को भी पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम को लेकर सीएम सुपुत्री स्मिता बघेल ने आयोजक समिति को उत्कृष्ट आयोजन कराने के लिए बधाई दी व आये हुए समस्त मंडली का उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर आयोजक समिति के चुम्मन यादव, नेतराम यादव, सरोज पटेल, संतराम देवांगन, मनहरण सोनकर, निखिल साहू, छेदी लाल साहू, दयालु वर्मा, गायत्री मानस व ज्योति मानस परिवार की बालिका एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बंधन बैंक ने वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में किया 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



बंधन बैंक ने वित्तीय वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही के अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। बैंक ने केवल सात वर्षों के संचालन के दौरान कुल कारोबार के 2 लाख करोड़ रुपये के मील के पत्थर को पार कर लिया है। वितरण में वृद्धि और अनुकूल परिचालन वातावरण से प्रेरित होकर, बैंक ने तिमाही में मजबूत वृद्धि देखी। बैंक का कुल कारोबार (जमा और अग्रिम) 31 दिसंबर, 2022 तक 16% सालाना की दर से बढ़कर 2,00,070 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। बैंक 36 राज्यों और संघों में से 34 में 5,723 बैंकिंग आउटलेट के माध्यम से 2.86 करोड़ ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है। बंधन बैंक में काम करने वाले कर्मचारियों की कुल संख्या 66,000 से अधिक है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के दौरान, बैंक की जमा बही पिछले वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में 21त्न बढ़ी। कुल जमा राशि अब 1,02,283 करोड़ रुपये है। चालू खाता और बचत खाता (कासा) अनुपात अब कुल जमा बही का 36.4% है। एडवांस के संबंध में, बैंक ने पिछले वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में 11% की वृद्धि देखी। कुल एडवांस अब 97,787 करोड़ रुपये है। बैंक की स्थिरता का एक संकेत, पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) 19% पर है, जो विनियामक आवश्यकता से बहुत अधिक है। बैंक एसएमई लोन, गोल्ड लोन, पर्सनल लोन और ऑटो लोन जैसे क्षेत्रों में भी अपने पोर्टफोलियो का विस्तार कर रहा है। बैंक ने व्यवसायों के लिए वाणिज्यिक वाहन ऋण और संपत्ति पर ऋण जैसे नए वर्टिकल भी शुरू किए हैं। बंधन बैंक के एमडी और सीईओ, चंद्र शेखर घोष ने कहा, बैंक ने साल-दर-साल आधार पर तीसरी तिमाही में अच्छी वृद्धि दर्ज की है। बैंक विभिन्न ग्राहक वर्गों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपनी पहुंच का विस्तार करना और उत्पाद सूट को मजबूत करना जारी रखता है।

## जनदर्शन में निज़ाम मुस्लिम समाज भवन के लिए भू-आवंटन पर बैठक 30 को

**कुम्हारी।** पिछले दिनों नगर पालिका परिषद कुम्हारी वार्ड क्रमांक 11 में स्थित खसरा न. 295 की भूमि को निज़ाम मुस्लिम समाज भवन के लिए आवंटन करना तय किया गया, जिसका सर्व हिंदू समाज ने पुरजोर विरोध किया तथा मुख्यनगरपालिका प्रशासन अधिकारी व न.पा.प. अध्यक्ष को इसके विरोध में ज्ञापन भी सौपा गया। इसी विषय में कलेक्टर को भी सर्व हिन्दू समाज द्वारा ज्ञापन 30जनवरी को जनदर्शन में सौंपे जाने की सहमति वार्ड क्रमांक 15 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, शनि मंदिर, दुर्गा मंदिर प्रांगण पर बैठक में तय की गई जिसमे अधिक से अधिक संख्या में हिन्दू भाईयों-बहनों से उपस्थित होने की अपील भी की गई।



## टुकुपारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के खिलाफ कार्यवाई की मांग, केंद्र रहता है बंद




**जशपुरनगर।** बगीचा विकासखंड के ग्राम कुरोंग के टुकुपारा आंगनबाड़ी केंद्र में हमेशा ही ताला लटके रहना और टीकाकरण से लेकर रेडी टू ईट जैसी शासन की सुविधाओं से ग्रामीणों, बच्चों और गर्भवती हितग्राहियों को वंचित रखे जाने की शिकायत लगातार ग्रामीणों द्वारा की जा रही है। इस संबंध में शिकायत जनदर्शन में कलेक्टर के समक्ष भी की गई है लेकिन अबतक कोई कार्यवाई नहीं की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक टुकुपारा आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकर्ता के पद पर पदस्थ दुर्गा कश्यप के द्वारा केंद्र को नियमित रूप से नहीं खोला जाता है। शिकायत के आधार पर मामले की जांच भी की गई जिसमें कई महिलाओं ने यह बताया कि उन्हें टीकाकरण से लेकर रेडी टू ईट नहीं मिल रहा है। कई हितग्राहियों ने अपना नाम दूसरे आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज करा लिया है। ग्रामीणों को आंगनबाड़ी केंद्र खुलने का इंतजार है ताकि बच्चे केंद्र जा सकें और शासन की सुपोषण योजना का लाभ ले सकें।

# जेसीआई रायपुर वामांजली ने ऐश्वर्याम विले में आयोजित की पिकनिक

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com





उत्साह और उमंग से भरे मुस्कुराते चेहरे, जिन्होंने कई प्रकार के मनोरंजक खेलों के माध्यम से अपने बचपन की यादें ताजा की और स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठाया। पी आर ओ अंजना शर्मा ने बताया कि वामंजली हर साल मेंबर्स के लिए पिकनिक का आयोजन करते है इससे मेंबर्स की बॉन्डिंग आपस में बढ़ती है एवं सदस्यों को आपस में रूबरू होने का मौका मिलता है। इस कार्यक्रम की प्रोग्राम डायरेक्टर जेसी श्रुति डहरिया एवं जेसी प्रीति शर्मा थे।प्रोग्राम में प्रेसीडेंट ईशानी तोतलानी, अनन्या मिश्रा, महक होतवानी, संगीता, सेक्रेटरी अर्चना द्विवेदी सहित 55 से ज्यादा मेंबर्स उपस्थित थे।

## बालिका दिवस पर बालिकाएं बेटी गौरव सम्मान से सम्मानित हुए

**रायपुर।** अमलेश्वर परिक्षेत्र बेटी बचाओ मंच ने बालिका दिवस के अवसर पर पी आर टी कॉलोनी अमलेश्वर में प्रतिभाशाली बालिकाओं का बेटी गौरव सम्मान से सम्मानित किया। मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने उक्त अवसर पर देश व प्रदेश में नारी शक्ति की कल्याणकारी भूमिका को विस्तार से बताया। प्रदेश अध्यक्ष मिश्रा तथा अमलेश्वर परिक्षेत्र अध्यक्ष स्वरा मिश्रा , चंदा बैस, शीतला मिश्रा, शैलेंद्र साहू, लालिमा चंद्राकर ,भावना साहू ,खुशी बघेल, अनीता दिवाकर ने प्रतिभाशाली बालिकाओं को पेन, डायरी तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर उक्त सम्मान से सम्मानित किया। बेटी गौरव सम्मान से सम्मानित बालिकाओं में मुख्य रूप से दीक्षा साहू, आर्या मिश्रा ,कशिश बैस ,संस्कृति चंद्राकर, कामिनी साहू ,भव्या तिवारी ,मृणाल नायडू ,निष्ठा ठाकुर, शुभांगी त्रिपाठी, श्रद्धा अवस्थी तथा केशिका देवांगन शामिल थे। संचालन स्वरा मिश्रा तथा आभार शीतला मिश्रा ने किया।

## तिरंगा यात्रा निकलेगी 26 को

**रायपुर।** तिरंगा वंदन मंच द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को मरीन ड्राईव, तेलीबांधा सरोवर में शाम छह बजे तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। मंच के संयोजक मुकेश शाह ने बताया कि यात्रा तेलीबांधा सरोवर का एक चक्कर लगाकर वहीं पर समाप्त होगी। यात्रा में भारत माता के जयकारे लगाए जाएंगे। यात्रा के दौरान लोगों को तिरंगा बैच का वितरण भी किया जाएगा।


## कार्यालय कलेक्टर, जिला- बीजापुर, छत्तीसगढ़
## अल्पकालिक द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना
## (जिला निर्माण समिति)

निविदा क्र./50 — बीजापुर, दिनांक 19/01/2022

कलेक्टर जिला बीजापुर की ओर से जिला खनिज संस्थान न्यास निधि एवं राज्य कार्यालय, समग्र शिक्षा छ.ग. रायपुर अंतर्गत स्वीकृत कार्य को जिला निर्माण समिति के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में दिनांक 01.01.2015 से प्रचलित एस.ओ.आर. (भवन निर्माण कार्य के लिए) दर प्रतिशत दर के आधार पर तथा लोक निर्माण विभाग में एकल पद्धति से पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमा. लागत राशि रू. (रू. लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|
| 01 | बीजापुर जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय शा. हाईस्कूल मुरकीनार वि.ख. उसूर में क्लास रूम सिविल कार्य | 46.76 | 35000 |
| 02 | GOVT. PRIMARY SCHOOL- 1. GORNA, 2. MALEMPETTA 3.GUNDARAJGUDA, 4. PALAGUDA, 5. BOMED, 6. UDTAMALLA, 7. KOMATPALLI | 20.30 प्रति ईकाई | 15300.00 प्रति ईकाई |
| 03 | GOVT. NAVEN PRIMARY SCHOOL - 1. NENDRA 2. DHARMARAM 3. MEENAGATTA | 20.30 प्रति ईकाई | 15300.00 प्रति ईकाई |

**महत्वपूर्ण निर्देशः-**

निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 02/02/2023 सायं 5.00 बजे तक
निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 10/02/2023 अपरान्ह 3.30 बजे तक
निविदा खोलने की अंतिम तिथि - 10/02/2023 अपरान्ह 4.00 बजे तक
टेंडर फार्म का मूल्य - सरल क्र. 1 का 3000 सरल क्र. 2, 3 का 750 प्रति फार्म
कार्य पूर्ण करने की समय सीमा - सरल क्र. 1 का 04 सरल क्र. 2, 3 का 5 माह वर्षा ऋतु सहित
ठेकेदारों की श्रेणी - डी-श्रेणी या उससे ऊपर

निविदा प्रपत्र कलेक्टर कार्यालय जिला निर्माण समिति शाखा बीजापुर में आवेदन के साथ ऊपर दर्शाये अनुसार निविदा प्रपत्र के मूल्य का डिमाण्ड ड्राफ्ट एवं चेक जो कि कलेक्टर बीजापुर के नाम से एवं बीजापुर के नाम से एवं बीजापुर में देय हो (जो वापसी योग्य नहीं है)।
**टीपः-** निर्माण के संबंध में अन्य आवश्यक विशेष नियम व शर्तो की जानकारी कार्यालय के सूचना पटल में या वेबसाईट www.bijapur.gov.in पर उपलब्ध है।

G-97849/4 — कलेक्टर, जिला बीजापुर



## कार्यालय नगर पंचायत अड़भार, जिला-सक्ती (छ.ग.)
E-Mail ID :- cmoadbhar2@rediffmail.com

क्रं./1715/न.पं./राजस्व/2022-23 — अड़भार, दिनांक 24.01.2023

// सूचना //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया गया है कि निकाय क्षेत्रांतर्गत स्थित (1) दर्री (समारीन डबरी) वार्ड क्रं. 01 (2) बैगीन डबरी (3) तेन्दुवाही डबरी (4) मेहेनदीया डबरी (जोरवा) (5) दर्री डबरी वार्ड क्रं. 06 उक्त तालाबों को मछली पालन हेतु 10 वर्षीय पट्टा लीज पर दिया जाना है। इच्छुक समूह दिनांक 02.02.2023 तक कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत अड़भार



प्रपत्र सं. आईएनसी – 26
[कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
समक्ष : केन्द्र सरकार
(क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी पश्चिमी क्षेत्र)

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) तथा कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के क्लॉज (क) के विषय में
तथा
रामेश्वरम स्टील ऐंड पावर प्राइवेट लिमिटेड के विषय में, जिसका पंजीकृत कार्यालय ब्लॉक-7, रूम नंबर 78, दीन दयाल आवास, कबीर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492099, भारत में स्थित है
..........आवेदक कम्पनी

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि कम्पनी द्वारा सोमवार, 02 जनवरी, 2023 को सम्पन्न इसकी असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के निबंधनों में कम्पनी को इसका पंजीकृत कार्यालय "छत्तीसगढ़ राज्य से "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) दिल्ली" में स्थानांतरित करने हेतु सक्षम बनाने के लिए कम्पनी के संस्था ज्ञापन में संशोधन की पुष्टि हेतु कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन एक आवेदन, केन्द्र सरकार, शक्ति क्षेत्रीय निदेशक को प्रदत्त, के समक्ष प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, अपने हित के स्वरूप तथा विरोध के आधार के उल्लेखकारी शपथपत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियां निवेशक शिकायत प्रपत्र भरकर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर सुपुर्द कर सकता है अथवा क्षेत्रीय निदेशक, उत्तर पश्चिमी क्षेत्र को, आरओसी भवन, रूपल पार्क सोसायटी, अंकुर बस स्टॉप के पीछे, नारनपुरा, अहमदाबाद-380013, गुजरात के पते पर इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर सुपुर्द करवा सकता है अथवा पंजीकृत डाक से भेज सकता है, जिसकी एक प्रति आवेदक कम्पनी को नीचे वर्णित पते पर स्थित इसके पंजीकृत कार्यालय भेजी जानी चाहिए।
"ब्लॉक-7, रूम नंबर 78, दीन दयाल आवास, कबीर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492099, भारत"

कृते एवं हिते
रामेश्वरम स्टील ऐंड पावर प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता./-
कमल कुमार सिंह
(निदेशक)
डीआईएन : 00201680
स्थान : दिल्ली
तिथि : 24-01-2023



## न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)

// उद्घोषणा //

प्रकरण क्र. /अ-6/22-23

पक्षकार -श्री अरविंद कुमार पाटले पिता स्व. नवल सिंह निवासी रिसाली भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.)----------आवेदक
विरूध्द
छ.ग.शासन--------------------------------अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम//मोहल्ला पड़ावपारा मुंगेली, जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अरविंद कुमार पाटले पिता स्व. नवल सिंह, निवासी मोहल्ला रिसाली भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. मुंगेली द्वारा मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नं. 28 डी, प्लाट नं. 53/2 क्षेत्रफल 150 व.मी. पर नजूल रिकार्ड में फौती के आधार किए जाने बाबत् इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

अतः एवं मोहल्ला पड़ावपारा मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली स्थित उपरोक्त नजूल भूमि का फौती के आधार पर नामांतरण प्रकरण विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 31/01/2023 को न्यायालीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति विचारणीय नही होगा।

ईश्तहार आज दिनांक 18.01.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
(तीर्थराज अग्रवाल)
नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)



KVB Karur Vysya Bank
Smart way to bank

## दि करूर वैश्य बैंक लिमिटेड
रायपुर शाखा
ईपीआई सेंटर, निकट यशवंत हॉस्पिटल, जी. ई. रोड तात्यापारा, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**

### प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (1) के तहत जारी

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने **दि करूर वैश्य बैंक लिमिटेड** के प्राधिंत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (द्वितीय) अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम 54 ) के तहत और धारा 13 ( 12 ) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन ) नियमावली, 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित **27-06-2022** जारी की थी, जिसमें **(1) मैसर्स के.बी.सी. इण्डस्ट्रीज (कर्जदार),** राजेन्द्र भवन, प्रथम तल, निकट राम मन्दिर, फफाडीह, रायपुर-492001 **(2) श्री राजेन्द्र कुमार जायसवाल (भागीदार सह गारन्टर),** म0नं0 906 2, रमन मन्दिर वार्ड, फफाडीह रायपुर गंज, बिन्द्रवनगढ़, रायपुर-492099 **(3) श्रीमती साधना जायसवाल (भागीदार सह गारन्टर),** राजेन्द्र भवन, प्रथम तल, निकट राम मन्दिर, फफाडीह, रायपुर-492001 से सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि **रु. 35,00,694.93 (पैंतीस लाख, छः सौ चौरानबे रुपये तिरानबे पैसे मात्र)** का भुगतान आगे ब्याज के साथ उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार/गारंटर उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, अतः एतद्द्वारा कर्जदार/गारंटर तथा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा **21 जनवरी, 2023** को प्राप्त कर लिया है।

कर्जदार गारंटर को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्ति के संबंध में कोई संव्यवहार नहीं करें तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार दि करूर वैश्य बैंक लिमिटेड की बकाया राशि **रु. 35,00,694.93 (पैंतीस लाख, छः सौ चौरानबे रुपये तिरानबे पैसे मात्र)** तथा उस पर ब्याज, लागत और खर्चों के प्रभाराधीन होगा।

**कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

**अचल सम्पत्ति का वर्णन**

सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड सम्पत्ति आवासीय भूमि परिमाप 2690 वर्ग फीट एवं बिल्डिंग निर्माण स्थित, ग्राम रावा भट्टा, पी0 सी0 नं0 100, प्लॉट नं0 डब्ल्यू-2-27, हिस्सा खसरा नं0 397/1, ब्लॉक नं0 8, डा0 खूबचन्द बघेल ट्रान्पोर्ट नगर, जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़ जो श्री राजेन्द्र कुमार जायसवाल के नाम है और जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार है :-

उत्तर : पार्किंग रोड — दक्षिण : प्लॉट नं0 एस. 157 & एस 158
पूरब : पार्किंग रोड — पश्चिम : प्लॉट नं0 डब्ल्यू-2-28

स्थान : रायपुर
दिनांक : 21/01/2023

प्राधिकृत अधिकारी
दि करूर वैश्य बैंक लिमिटेड

# निविदा के बाद भी दो माह से कार्यादेश लंबित प्रभावित हो रहा शहर का विकास : नेता प्रतिपक्ष

## भाजपा पार्षद दल ने सौंपा ज्ञापन- अधोसंरचना मद के कार्यों का शीघ्र शुरु करने की मांग



पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भाजपा पार्षद दल ने नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु के नेतृत्व में नगर पालिक निगम उपायुक्त संदीप तिवारी को अधोरसंरचना मद के तहत समस्त वार्डों के लिए स्वीकृत कार्यों के कायार्देश निविदा होने के दो माह बाद भी जारी न करने पर सवाल उठाए हैं।

पार्षद दल ने अधोसंरचना मद के कार्यों के लिए शीघ्र कायार्देश जारी किए जाने की मांग को लेकर मंगलवार को ज्ञापन सौंपा है। वहीं केंद्र सरकार की अमृत मिशन योजना के तहत शहर में किए जा रहे डामरीकरण कार्य के साथ ही किनारों पर इंटर लॉकिंग व कांक्रीटकरण किए जाने की मांग भी रखी है।

नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि-नवंबर माह में अधोसंरचना मद के तहत निगम के 51 वार्डों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई थी। इन कार्यों हेतु निविदा जारी किए जाने के दो माह बाद भी कायार्देश जारी नहीं किए गए हैं। निगम की इस सुस्त कार्यप्रणाली से शहर का विकास बाधित हो रहा है। इनमें शामिल कई कार्य वार्ड में आवश्यक हैं लेकिन इसमें देरी की जा रही है। इस दौरान भाजपा पार्षदों ने कहा कि-वार्डों में विकास कार्य की आवश्यकता की उपेक्षा की जा रही है जो कि अनुचित है।

इस अवसर पर भाजपा पार्षद मणिभास्कर गुप्ता, मधु वैद, खेमिनराजेश यादव, कमलेश बंधे, विजय राय, गगन आइच, मदन यादव, पार्षद प्रतिनिधि आशीष डोंगरे, अरुण साहू, जीवन चतुवेदी, राजेश यादव उपस्थित थे।

### पुराना डामर हटाकर हो सड़क निर्माण

भाजपा पार्षद दल ने अमृत मिशन योजना के तहत शहर में चल रहे डामरी करण कार्य को लेकर भी अपनी मांगे रखी है। नेता प्रतिपक्ष यदु ने कहा कि-केंद्र सरकार की अमृत मिशन योजना के तहत शहर में कार्य जारी हैं। सड़क के डामरीकरण से इसके किनारे के हिस्से का लेवल नीचा हो गया है। इस स्थिति के चलते व्यावसायिक संस्थानों के कर्मियों और उपभोक्ताओं को गाड़ियां खड़ी करने में दिक्कत हो रही है। गाड़ियां गिर रहीं हैं। राहगीरों को भी रास्तों में परेशानी हो रही है। इस स्थिति से बचने के लिए सड़क के किनारों पर इंटर लॉकिंग या कांक्रीटीकरण करने की आवश्यकता है।ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि-शहर की जिन सड़कों पर डामरीकरण किया जा रहा है वहां पुरानी सड़क को उखाड़कर डामर बिछाई जाए। क्यूंकि जिन सड़कों पर काम चल रहा है वह वर्षों पुरानी है और वह उखड़ने लगी हैं। ऐसे में नई सड़क की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।

# चंदूलाल चंद्राकर की प्रतिमा का अनावरण करेंगे सीएम

## भरेगांव आएंगे सीएम, तैयारियां तेज



पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन के अगुवा रहे दिवंगत नेता चंदूलाल चंद्राकर के जन्मस्थली भरेगांव में आगामी 2 फरवरी को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उनकी मूर्ति का अनावरण करेंगे। भरेगांव में पैदा हुए स्व. चंद्राकर की कांग्रेस की सियासत में बड़े नेताओं में गिनती होती थी। स्व. चंद्राकर की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा का लोकार्पण किया जाएगा। इसी दौरान किसानों का मुख्यमंत्री बघेल सम्मान भी करेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ग्राम भरेगांव में 2 फरवरी को प्रस्तावित आगमन को देखते कलेक्टर डोमन सिंह एवं एसपी प्रफुल्ल ठाकुर सहित अधिकारियों ने सोमवार को कार्यक्रम स्थल सहित हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को ध्यान में रखते सभा स्थल सहित पार्किंग स्थल पर सभी जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभा स्थल पर आमजनों की बैठक व्यवस्था, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था प्रस्तावित कार्यक्रम तिथि के पूर्व सुनिश्चित करने निर्देशित किया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित अधिकारियों ने स्थल मुआयना करते मुख्यमंत्री के आगमन को ध्यान में रखते व्यवस्था और तैयारी के लिए आवश्यक तैयारियों के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार, एसडीएम अरूण वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# निकाय कर्मियों का नियमितीकरण अधर में, 6 को राजधानी में महाधरना

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

निकायों में संविदा कर्मी के पद से हटाए जाने के बाद सालों से प्लेसमेंटकर्मी के तौर पर निकायों में तैनात कर्मी प्रदर्शन की तैयारी में हैं। दरअसल, यह कर्मी कांग्रेस के घोषणापत्र के अनुसार नियमितीकरण की मांग कर रहे हैं।

इस सिलसिले में 6फरवरी को प्रदेश के सभी निकायों में तैनात कर्मी महाधरना में शामिल होंगे। इन कर्मियों के हड़ताल पर जाने से निकायों में बिजली, पानी, सफाई की व्यवस्था प्रभावित होगी। क्यूंकि बड़े पैमाने पर इन्हीं कर्मियों के बूते ये व्यवस्था संचालित हो रही है। शासन ने नियमितीकरण की प्रक्रिया अपनाई है, जिसमें नगरीय निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारियों की जानकारी अभी तक नहीं ली गई है। मंत्रालय से जानकारी देने के लिए फार्मेट अन्य विभागों में भेजा गया है, वह अभी निकायों में नहीं आया है। बताया जा रहा है कि वहीं सन ने करीब 45 हजार अनियमित मांग-पत्र कर्मचारियों को नियमित करने के लिए सूची तैयार कर ली है लेकिन इसमें निकायों के कर्मचारियों को शामिल नहीं किया गया हैं।

प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से निकायों में तैनात कई कर्मी ऐसे भी हैं जो पहले संविदा पद पर कार्यरत थे। बाद में इन्हें यहां से हटा दिया गया। निजीकरण को बढ़ावा देते हुए निकायों में प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यमों से कर्मियों से काम लिया जाने लगा जिसमें संविदा से हटाए गए कर्मी भी शामिल हैं। अब यह कर्मी नियमितीकरण की मांग कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह के लिए आवेदन 15 फरवरी तक

**मोहला।** जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत फरवरी माह में विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक एवं पात्रता रखने वाली कन्याएं 15 फरवरी 2023 तक नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्र के कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक तथा बाल विकास परियोजना से संपर्क कर निर्धारित प्रारूप में परियोजना कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार विवाह के लिए कन्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करती हो या मुख्यमंत्री खाद्यान योजनांतर्गत राशन कार्डधारी परिवार का होना चाहिए। योजनांतर्गत एक परिवार की अधिकतम दो कन्या लाभान्वित की जा सकेगी तथा कन्या की आयु 18 वर्ष से अधिक तथा वर की आयु 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। कन्या का विवाह इसके पूर्व नहीं हुआ हो, तब योजना के लिए पात्रता होगी तथा सामूहिक विवाह में सम्मिलिति होने वाली कन्या को ही सहायता दी जाएगी। कन्या एवं उसके परिवार को छत्तीसगढ़ राज्य का निवासी होना चाहिए। विधवा, अनाथ, निराश्रित कन्याएं भी इस योजना का लाभ ले सकती हैं।

# कमला देवी राठी महाविद्यालय में 2 दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में 2 दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन 19 एवं 20 जनवरी 2023 को किया गया, जिसमें काफी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। कोरोना के चलने पिछले 2 वर्षो से यह आयोजन नहीं हो पाया था। अतः छात्राओं का इस प्रतियोगिता में उत्सुकता थी। 19 जनवरी 2023 इंडोर प्रतियोगिता के अंतर्गत बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज एवं कैरम की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बैडमिंटन में करीब 50, करम में 42, टेबल टेनिस में 10 और शतरंज में 12 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन दिनांक 20 जनवरी 2023 को 100 मीटर दौड़, गोली चम्मच दौड़, तीन तगड़ी दौड़, स्लो साइकिल रेस, रिले रेस तथा फे ंक, गोला फे ंक एवं लंबी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के द्वारा किया गया, और खुशी जाहिर की, इतनी बड़ी संख्या में छात्राएं भाग ले रही है। उन्होंने और खेलों में भाग लेने हेतु छात्राओं को प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता का संचालन क्रीड़ाधिकारी डॉ. नीता एस. नायर के द्वारा किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में सबसे रोचक रस्सी खींच की प्रतियोगिता रही, जिसमें बीएससी की छात्राओं ने बीए की छात्राओं को परास्त किया और उसके उपरान्त बीएससी और एमएससी के बीच प्रतियोगिता में एमएससी की छात्राएं जीती और अंत में एमएससी की छात्राओं एवं स्टॉफ के बीच जबरदस्त मुकाबले में एमएससी की छात्राओं ने स्टॉफ को परास्त किया।सभी विजयी छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। उक्त प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# योग और आयुर्वेद की उपयोगिता बताकर किया जागरुक



■ पांच दिवसीय योग शिविर का समापन

पायनियर संवाददाता ➤ छुरिया
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के योजनानुसारपांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर शासकीय आयुर्वेद औषधालय बेलरगोंदी द्वारा पठानढोढ़गी में 19 से 23 जनवरी तक किया गया। शिविर समापन में ग्राम के सरपंच मनोज निषाद, पूर्व सरपंच महेश चंद्रवंशी, ग्राम पटेल महादेव चंद्रवंशी पंचगण एवं नागरिको सहित योग शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध कुमार पटेल, योग प्रशिक्षक छगनराम वर्मा, जितेंद्र साहू मौजूद थे। शिविर के समापन कार्यक्रम में प्रतिभागियों को उत्साहवर्धन स्वरूप पुरस्कार भी वितरण किया गया।शिविर के माध्यम से लोगों में आयुर्वेद व योग को अपनाने व अपने दैनिक जीवन में प्रतिदिन योग करने के लिए अपील की गई। लोगों को आयुर्वेद के सिद्धांत 'स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा व बीमार व्यक्ति के रोग को दूर करना' बताया गया। इसके लिए आहार, विहार एवं औषध में आहार-औषध आयुर्वेद अनुसार व विहार के अंतर्गत योग को दैनिक जीवन में आत्मसात करने अपील की गई।

# संबलपुर में क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

ग्राम संबलपुर में क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। समारोह की मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष गीता घासी साहू रहीं। आयोजक समिति एवं ग्रामीणों ने मुख्य अतिथि का स्वागत सम्मान किया। साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि क्रिकेट का खेल विश्व में सबसे लोकप्रिय खेल है। खेल को अनुशासन से खेलने वाला खिलाड़ी अपनी मंजिल पा ही लेता है। जिसके अंदर खेल के प्रति जज्बा और जुनून होता है किसी भी परिस्थिति में हार नहीं मानता है, वही असली खिलाड़ी है। इस अवसर पर रूपेश कुमार साहू सरपंच ग्राम पंचायत बरबसपुर, अर्जुनपुरी गोस्वामी, शत्रुघन देवांगन, सुरेंद्र ठाकुर, बिसाहू राम साहू, पप्पू राणा, प्रताप सिंह राणा, गौकरण चुरेंद्र, मनीष कुमार साहू, समेलाल देवांगन, सुरेंद्र ठाकुर, कामेश साहू, धनसिंग साहू, राणा, गजेंद्र भंडारी, परमानंद चंद्रवंशी, संजय रावटे, पतिराम सुरेंद्र, बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहे।



# बोस जयंती पर भाजयुमो ने निकाली साइकिल रैली



पायनियर संवाददाता ➤ छुरिया
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के निर्देशन व जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में भाजयुमोमंडल छुरिया के कार्यकताओं ने प्रदेश में हो रहे भ्रष्टाचार व अराजकता तथा भूपेश बघेल सरकार द्वारा युवाओं के साथ किये गये वादाखिलाफी को जनमानस तक पहुंचाने सहित क्षेत्र के युवाओ को संदेश देने के उदेश्य से रैली निकाली गई।

इस रैली में मुख्यरूप से जिला भाजपामहामंत्री रविन्द्र वैष्णव, जिला भाजपा उपाध्यक्षचन्द्रिका प्रसाद डड़सेना, संजय कुमार सिन्हा, मयाराम साहू, अनंत तिवारी शेखर भारद्वाज, मनोज साहू, टीकम साहू, धनेश्वर कोर्राम, परमानंद कुन्जाम, प्रिंस भाटिया, टामेश कुम्भकार, राजकुमार मिश्रा, अशोक सेन, भूखन धनकर, चेतन साहू, गिरधारी साहू, तिरथ साहू, तिरथ विश्वकर्मा, धुरसिंह लाउत्रे सहित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजुद रहे।

# स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त, चालक की मौत



पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छुरिया इलाके में एक तेज गति में दौड़ रही स्कार्पियो के पलटने से चालक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के पीछे जंगली सुअरों के झुंड के सड़क में आने को असल वजह बताई जा रही है। सुअरों के झुंड को देखकर तेज रफ्तार स्कार्पियों के चालक ने ब्रेक लगाने की कोशिश की। जिसके चलते अनियंत्रित होकर वाहन पलट गया। हादसा रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात को हुआ।

मिली जानकारी के मुताबिक फाफामार के रहने वाले तीरथ निषाद का रविवार को सुरगी इलाके के पारीखुर्द गांव में सगाई था। तीरथ निषाद अपने साथियों के साथ स्कार्पियो वाहन में सगाई के लिए पहुंचा।रात करीब एक बजे वाहन जैसे ही आमगांव-एटमेटा के करीब पहुंचा, तभी जंगली सुअरों का एक बड़ा झुंड सामने आ गया। इस दौरान कार चालक कृष्ण कंवर ने ब्रेक लगाने की कोशिश की, लेकिन वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में वाहन चालक कंवर बुरी तरह से दब गया जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं हादसे में तीरथ निषाद, नवीन साहू, रूपेन्द्र कंवर, तेजेश्वर कोर्राम और हीरा निषाद को चोंट पहुंची है। सभी का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

## राजीव नगर टीम के नाम शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज, मेडिकल कॉलेज वार्ड और बैगापारा की भी हार

# तुलसीपुर, मठपारा अगले राऊंड में, चिखली के बल्लेबाज ने अकेले मैच जिताया

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



वार्ड स्तरीय शहीद उदय मुदलियार स्मृति रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांच बना हुआ है। जहां एक ओर दो टीमों के बीच दिलचस्प संघर्षपूर्ण मुकाबले दर्शकों को देखने मिल रहे हैं तो दूसरी ओर कुछ टीमों के खिलाड़ी अकेले अपने बूते ही टीम को मैच जीता रहे हैं। स्पर्धा का आठवां दिन वार्ड क्रं. 17 तुलसीपुर, वार्ड नं. 29 मठपारा और वार्ड नं. 06 चिखली के नाम रहा। तीनों ही टीमों ने प्रतिद्वंदी टीमों को पछाड़कर अगले राऊंड में जगह बनाई है। स्पर्धा में सभी 51 वार्डों की टीमों ने हिस्सा लिया है। रोजाना 6 टीमों के बीच 8-8 ओवरों के 3 मैच खेले जा रहे हैं। स्पर्धा में आठवें दिन का पहला मुकाबला वार्ड नं. 17 तुलसीपुर बनाम वार्ड नं. 21 मेडिकल कॉलेज के बीच खेला गया। टॉस जीतने के बाद तुलसीपुर ने गेंदबाजी चुनकर मेडिकल कॉलेज वार्ड को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। पहली पारी में बल्लेबाजी कर रही टीम ने 64 रनों का स्कोर बनाया। जवाब में तुलसीपुर के बल्लेबाजों ने 6 ओवरों में ही लक्ष्य हासिल कर 8 विकेट से जीत हासिल की। इस मैच में 5 विकेट लेकर आशीष मैन ऑफ द मैच रहे।

दूसरे मैच में वार्ड नं. 29 मठपारा और वार्ड नं. 33 बैगापारा की टीम में भिड़ंत रही। बैगापारा ने टॉस जीतने के साथ अच्छी शुरुआत की और मठपारा को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। पहली पारी में मठपारा के बल्लेबाजों ने 116 रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया। अपने फै सले पर लकीर पिटती बैगापारा की टीम 8 विकेट गंवाकर 65 रन ही बना सकी और 51 रनों के बड़े अंतर से उसे हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में गोपाल 32 रन बनाने के साथ ही 2 विकेट लेने के चलते मैन ऑफ द मैच चुने गए।

**अकेले बल्लेबाज ने दिलाई जीत :** इस स्पर्धा में आठवें दिन का तीसरा मुकाबला अपने आप में अनूठा रहा। इस मैच में वार्ड नं. 42 राजीव नगर की टीम ने वार्ड नं. 06 चिखली के सामने स्पर्धा का अब तक का सबसे कमजोर प्रदर्शन किया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी के लिए आए चिखली के गेंदबाजों ने राजीव नगर के बल्लेबाजों को 21 रनों के स्कोर पर ही चलता कर दिया। इस मैच की बड़ी खासियत यह रही कि चिखली की ओर से अकेले बल्लेबाज राजू ने ही 22 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। उन्होंने तीन विकेट भी लिए थे जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## निधन

### दानीराम सिन्हा



**डोंगरगांव नगर।** अंचल के ग्राम सोमाझिटिया निवासी दानीराम सिन्हा का बीते 23 जनवरी सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 47 वर्ष के थे। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्ति धाम में जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों तथा परिजनों की उपस्थिति में हुआ। वे अपने पीछे प व एक पुत्र का परिवार छोड़ गये। मृदुभाषी, मिलनसार दानीराम सिन्हा सिन्हा समाज के भी कुछ दिनों तक प्रमुख पदाधिकारी रहे। उनके निधन पर सिन्हा कलार समाज के मंडलेश्वर भागवत सिन्हा, सचिव गोकुल सिन्हा, कोषाध्यक्ष सीताराम सिन्हा, पूर्व जिला महामंत्री बालकृष्ण सिन्हा, पूर्व मंडलेश्वर पूनाराम सिन्हा सहित प्रमुख पदाधिकारियों व सदस्यों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए समाज की ओर अपनी श्रद्धाजंली अर्पित की है।

# स्कूल बसों में सुरक्षा मानकों का शत प्रतिशत पालन करें : कलेक्टर

## कलेक्टर ने ली निजी स्कूलों के संचालकों की बैठक, जिला परिवहन अधिकारी करेंगे नियमित जांच

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com




कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में निजी स्कूल संचालकों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि स्कूल बसों के लिए माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों का शत प्रतिशत पालन किया जाए। स्कूलबसों में सीसीटीवी कैमरा व जीपीएस सिस्टम अनिवार्य रूप से होना चाहिए। बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से स्कूलबसों में लगे सीसीटिवी कैमरा चालू स्थिति में हो और बच्चों के अभिभावकों को भी सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की सुविधा उपलब्ध जरूर कराएं। उन्होंने सभी स्कूलों में गुड टच एवं बैड टच की गतिविधियां अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को पुलिस विभाग की टीम के साथ संयुक्त रूप से स्कूली बसों में सुरक्षा मानकों का शत प्रतिशत पालन हो रहा है कि नहीं अनिवार्य रूप से जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निजी स्कूल संचालकों से कहा कि वाहन चालक, परिचालक व स्कूल में कार्यरत कर्मियों का चरित्र सत्यापन जरूर कराएं। ऐसे व्यक्ति जिनके खिलाफ कोई अपराध दर्ज हो उन्हें न रखें। स्कूल बसों में महिलाकर्मी रखा जाए। उन्होंने कहा कि स्कूल में एडमिशन के समय बच्चे के अभिभावक के साथ बच्चे को स्कूल से लाने ले जाने वाले लोकल गार्जियन का भी नाम, फोटो, मोबाईल नम्बर जरूर चस्पा कराया जाए। स्कूल के सभी स्टॉफकी भी बैठक लें और बच्चों के प्रति उनके दायित्व को जरूर बताएं। कलेक्टर ने स्कूलबसों के साथ स्कूल आने जाने के लिए उपयोग होने वाले वैन व आटो सहित अन्य साधनों का रिकार्ड रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल बसों में सुरक्षा मानकों के पालन संबंधी सत्यापन सूची स्कूल संचालक प्रत्येक 03 माह में परिवहन विभाग को उपलब्ध कराएं। उन्होंने संचालकों से कहा कि कोई भी समस्या हो तो जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन को अवगत कराएं। बैठक में उन्होंने जिले में संचालित निजी स्कूलों व स्कूलों में संलग्न पंजीकृत बसों की संख्या, स्कूलकी बसों की जांच आदि की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वाहन चालक, परिचालक व स्कूल में कार्यरत स्टॉफका कैरेक्टर वेरिफिकेशन के साथ मानसिक जांच जरूर कराएं। बच्चों को अभिभावक व लोकल गार्जियन के अलावा किसी अन्य व्यक्ति के साथ स्कूल से घर न भेजें। उन्होंने भी सुरक्षा की दृष्टि से बस में लगे सीसीटीवी के फुटेज की सुविधा बच्चे के अभिभावक को मोबाईल के माध्यम से उपलब्ध कराने पर जोर दिया। अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल ने कहा कि सभी स्कूलों में एक शिकायत पेटी जरूर होनी चाहिए। जिसमें बच्चे अपनी समस्याओं से संबंधी पत्र डाल सकें। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी सविता राजपूत, जिला परिवहन अधिकारी असीम माथुर सहित निजी स्कूल के संचालक और प्रिंसीपल उपस्थित थे।

### इन सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने के दिए निर्देश

स्कूल बस में सीसीटीवी कैमरा चालू स्थिति में और जीपीएस सिस्टम अनिवार्य रूप से होना चाहिए। स्कूल बस में महिला व बच्चों के लिए हेल्पलाईन नम्बर, बस के बाए भाग में स्कूल का नाम, पता व मोबाईल नम्बर, सामने व पीछे भाग में ''स्कूल बस'' और निकटतम थाना का नम्बर अंकित होना चाहिए। बस की खिड़कियों में समानान्तर जाली लगी होनी चाहिए। बस में प्राथमिक उपचार व अग्नि शमन यंत्र की व्यवस्था होनी चाहिए। बस 12 वर्ष से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए। बस में वैध बीमा, प्रदूषण नियंत्रण तथा टैक्स जमा होने का प्रमाण पत्र उपलब्ध होना चाहिए। बस के खिड़कियों में रंगीन कांच व पर्दे नहीं लगे होना चाहिए। बस के प्रवेश द्वारा में विश्वसनीय लाकिंग सिस्टम होना चाहिए। बस में स्पीड गति सीमा के पालन हेतु स्पीड गवर्नर लगा होना चाहिए।

### गणतंत्र दिवस की तैयारी का किया गया अंतिम रिहर्सल

# गणतंत्र दिवस समारोह में संसदीय सचिव विकास उपाध्याय करेंगे ध्वजारोहण

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल सवेरे पुलिस परेड ग्राउंड में किया गया। एडीएम आर.ए. कुरूवंशी ने रिहर्सल में मुख्य अतिथि का दायित्व निभाते हुए ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पारूल माथुर भी मौजूद थी। फाइनल रिहर्सल में मुख्य अतिथि का आगमन, स्वागत, ध्वजारोहण, परेड सालामी, मार्च पास्ट, मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमाण्डों से परिचय, पुरस्कार वितरण आदि का रिहर्सल किया गया। उल्लेखनीय है कि छ.ग. शासन के लोक निर्माण, गृह, जेल एवं पर्यटन विभाग के संसदीय सचिव विकास उपाध्याय जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। गौरतलब है कि इस वर्ष स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी और विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं से संबंधित झांकी का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

### एडीएम ने सुनी आम जनता की समस्याएं150 से ज्यादा मामलों की सुनवाई हुई

**बिलासपुर।** जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में एडीएम आर.ए.कुरूवंशी ने यहां बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने तत्काल हो सकने वाले कुछ कामों का जहां जनदर्शन में ही समाधान कर दिया वहीं जांच एवं परीक्षण की जरूरत वाले कुछ गंभीर किस्म के मामलों को टीएल में पंजीकृत करते हुए निराकरण के लिए अधिकारियों को समय-सीमा दी। जनदर्शन में आज एडीएम ने 150 से ज्यादा मामलों की सुनवाई की। एडीएम ने आज शहर सहित दूर-दराज से आये ग्रामीणों और किसानों से एक-एक कर मुलाकात कर बड़ी इत्मीनान से उनकी समस्याएं सुनी। शासकीय हाई स्कूल धनगंवा के शाला विकास समिति के सदस्यों ने ग्राम धनगंवा के शासकीय हाई स्कूल में अहाता निर्माण के लिए आवेदन दिया। एडीएम ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत मानिकपुर के सरपंच ने गोठान में तार फेंसिंग कार्य के लिए आवेदन दिया। सरपंच ने बताया कि वर्तमान में गोठान में शेड, पानी टंकी, बोरखनन एवं सोलर पंप की व्यवस्था है लेकिन मवेशियों की सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग आवश्यक है।



# सर्व आदिवासी समाज के जिला मीडिया प्रभारी को मिली जान से मारने धमकी, लगाई न्याय की गुहार

पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com



कुछ असामजिक तत्व के लोगो को प्रशासन का कोई भी डर नही है कुछ ऐसा मामला सामने आया है जिसमे आदिवासी नेता को अब जान से मारने तक कि धमकी मिलने लगी है आदिवासी नेता रघुवीर सिंह नेताम ने बताया है कि रात्रि 10 बजे के आसपास सर्व अधिवासी समाज के जिला मीडिया प्रभारी रघुबीर सिंह नेताम को मोबाईल नम्बर 8817220527 से दो बार मिस कॉल आया तीसरी बार काल आने पर फोन उठाते ही जातिगत गाली गलौच व जान से मारने की धमकी दिया और इस नम्बर का फोन उठाते ही उन्होंने अपना नाम कोसमदा निवासी डॉ.विजय साहू बताया जो कि शराब के नशे में सीधा गाली गलौच मां, बहन की गाली के साथ घर मे घुसकर जान से मारने की धमकी दी गई उसके बाद मेरे खिलाफशिकायत किया है कहते हुए जातिगत अभद्र व्यवहार करते हुए जिस जाति के हो उस जाति तक सीमित में रहो और उसके बाद रात्रि 11 बजे दूसरे नम्बर 9644777800 से फिर से दो बार कॉल आया जो कि ट्रू कॉलर में गिरीश राठौर नाम बताया गया मेरे एव मेरे परिवार को जान का खतरा महसूस हुआ इस कारण मैंने फोन रिसीव नही किया और मैंने अपना मोबाइल को बंद कर डरे सहमे सो गया उसके बाद मैं पुलिस अधीक्षक, थाना चाम्पा, अजाक थाना ,एस.डि.ओ.पी.चाम्पा को आवेदन देकर उस व्यक्ति के खिलाफ उचित कार्यवाही की मांग की है ।

# नवआस्था जन सेवा समिति संस्था ने किया वनभोज का आयोजन

## कार्यों के कोऑर्डिनेशन संबंधी चर्चा की

पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com



नवआस्था जन विकास सेवा समिति लक्ष्य गत हस्तक्षेप परियोजना संस्था चाम्पा के सदस्यों द्वारा कुदरी बैराज डेम में वनभोज का आयोजन किया गया। संस्था के सदस्यों द्वारा यह नववर्ष मिलन के लिए वनभोज के रूप में किया गया। साथ ही किए जाने वाले कार्यों के कोऑर्डिनेशन संबंधी चर्चा की गई इस मिलन समारोह में ग्राममित्र समाज सेवी संस्था चांपा जिला चिकित्सालय जांजगीर आई सी टी सी के विद्या भूषण महंत, लैब टेक्नीशियन मनीष राठौर, बी. डी. एम. हास्पिटल आई सी टी सी आई सी टी सी काउंसलर मनोज राठौर सहित कर्मचारी भी विशेष रूप से शामिल हुए। इस दौरान सभी एक दूसरे को नववर्ष की बधाई दिए और वनभोज का लुत्फ उठाया।

कार्यक्रम का संचालन संस्था की प्रोजेक्ट मैनेजर नेहा भारत, अकाउंटेंट धनंजय देवांगन, काउंसलर प्रिया मण्डल, पूजा मण्डल, गुलापा सोनी, संध्या निर्मलकर, चेतन साहू, विक्रम तिवारी, अंजलि मधुकर, नंदिनी बंजारे, ग्राम मित्र से पीएम ढोल नारायण पटेल, विरेन्द्र तिवारी, विष्णु बरेठ सहित लोग उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत सीईओ ने किया रिपा योजना अंतर्गत चंदली में निर्माण कार्य का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना के अंतर्गत लोरमी विकासखण्ड के ग्राम चंदली के गौठान को ग्रामीण औद्योगिक पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.एस. राजपूत ने चंदली के गौठान में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया और शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चंदली के गौठान को आजीविका के केन्द्र के रूप में विकसित करने की कवायद जारी है। गौठान में वर्मीकम्पोस्ट, मुर्गी पालन, बकरी पालन, कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण एवं ग्रामोद्योग संबंधी कार्य किये जाने हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूह की महिलाओं और ग्रामीण युवाओं को रोजगार और आय के अवसर प्रदान करने की सरकार की मंशा है। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# नेताजी सुभाषचंद्र बोस को पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यकर्ताओं ने किया याद



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में आजादी के नायक नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जन्मोत्सव विधायक पुन्नूलाल मोहले सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में मनाया गया। सर्व प्रथम नेताजी सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यकर्ताओं उन्हें याद किया। इस अवसर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि आजादी के असली नायक नेताजी सुभाषचंद्र बोस से हम सबको राष्ट्रवाद सीखना चाहिए। उन्होंने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा लगा कर देश की जनता में उत्साह का संचार किया जिसके परिणाम स्वरूप हमें आजादी मिली थी। नेताजी से राष्ट्रवाद सीख कर हमें देशहित में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक, गिरीश शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष प्रेम आर्य, शिवप्रताप सिंह, संजय वर्मा, सुनील पाठक, नागेश्वर परिहार, राणा प्रताप सिंह, मोहन मल्लाह, समीर आहिरे, अधीन मोहले, मुकेश रोहरा, कोटूमल दादवानी, प्रदीप पाण्डेय, मोहित बंजारा,राघवेंद्र सिंह, अशोक यादव, मनोहर मोहले, यूसुफ उपलेटा, सुनील सोनी, आलोक गुप्ता, प्रवीण सोनी, विनोद यादव, नानेश साहू, रुपेश भारद्वाज, राजेश्वर टंडन, आसिफखोखर आदि उपस्थित रहे।

# राजस्व मंत्री से मिला पंजीकृत प्रेस क्लब का प्रतिनिधि मंडल नगर आगमन पर किया स्वागत, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com



पंजीकृत प्रेस क्लब चांपा के एक प्रतिनिधि मंडल राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल का नगर आगमन पर सौजन्य भेंट कर नववर्ष की बधाई देते हुए स्वागत किया। इस दौरान मंत्री जी को प्रेस क्लब चांपा के विवाद के बारे में भी अवगत कराया गया और यह भी बताया गया कि सहायक पंजीयक कार्यालय ने हमारे पक्ष में फैसला देते हुए कुलवंत सिंह सलूजा की अध्यक्षता में गठित टीम को अपने पद पर बने रहने और आगे का कार्य सुचारू रूप से करने की सलाह दी गई है। जिस पर उन्होंने प्रेस क्लब चांपा के अध्यक्ष कुलवंत सिंह, सचिव मूलचंद गुप्ता एवं सभी प्रेस क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री के घोषणा के अनुरूप जमीन आबंटन और प्रेस क्लब भवन की प्रक्रिया को शीघ्र ही पूर्ण कराने की बात कही।इस अवसर पर पंजीकृत प्रेस क्लब चांपा के प्रतिनिधि मंडल में प्रेस क्लब सचिव मूलचंद गुप्ता, संयुक्त सचिव अनिल मोदी, सदस्य गौरव गुप्ता, आशीष अग्रवाल, बलराम पटेल, पूर्व नपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल सहित नारायणी धाम सेवा समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### दुर्ग-हटिया के मध्य द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार

**बिलासपुर।** रेल यात्रियो की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुये रेल प्रशासन के द्वारा दुर्ग -हटिया-दुर्ग के मध्य चल रही 08185 / 08186 हटिया-दुर्ग-हटिया द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल की सुविधा 27 जनवरी, 2023 तक चल रही है, इस गाड़ी के परिचालन को दिनांक 31 मार्च, 2023 तक विस्तार किया जा रहा है। यह गाड़ी दुर्ग से हटिया के लिये प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को यह गाड़ी दिनांक 01 फरवरी से 31 मार्च, 2023 तक 08186 नंबर के साथ चलेगी। इसी प्रकार विपरीत दिशा मे भी यह ट्रेन हटिया से दुर्ग के लिए प्रत्येक मंगलवार एवं गुरुवार को दिनांक 31जनवरी से 30 मार्च, 2023 तक 08185 नंबर के साथ चलेगी।

# उसलापुर स्टेशन में 6दिनों तक चलेगा नान इंटर कनेक्टिविटी का कार्य मगर यात्री ट्रेनों पर असर नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

उसलापुर रेलवे स्टेशन में दोहरीकरण लाइन में विधुतीकरण कार्य के लिए उसलापुर स्टेशन में नॉन इंटरकनेक्टिविटी का कार्य किया जायेगा। इस कार्य में किसी भी यात्री ट्रेन को कैंसिल, रेग्युलेटिंग, रिशिड्यूलिंग, शॉर्ट टर्मिनेटिंग या डाइवर्सिंग नही किया जा रहा है । बिलासपुर से पेंड्रा रोड दोहरीकरण लाइन परियोजना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महत्वपूर्ण परियोजना है, जिससे भविष्य में यात्री सुविधाओं में वृद्धि होगी। बिलासपुर-अनूपपुर रेल मार्ग दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की एक महत्वपूर्ण तथा व्यस्त रेल मार्ग है, जो इस पूरे क्षेत्र को उत्तर भारत से जोड़ती है। परिचालन को और भी सुचारू तथा नई गाडियों के मार्ग प्रशस्त करने के लिए नई लाइनों का निर्माण कार्य किया जा रहा है । इससे आधारभूत संरचना में विकास के साथ नई यात्री सुविधाओं में वृद्धि के साथ यात्री ट्रेनों भी प्रभावित नही होगी। इसी दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करते हुए बिलासपुर से अनुप पुर के बीच दोहरीकरण लाइन का कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत अंतर्गत बिलासपुर-पेंड्रा रोड सेक्शन के उसलापुर रेलवे स्टेशन को दोहरीकरण लाइन से जोड़ने के लिए नॉन इंटर लॉकिंग का कार्य किया जाएगा। ज्ञात हो कि बिलासपुर-पेंड्रा रोड रेलमार्ग की लंबाई 103 किलोमीटर है, जिसके विभिन्न स्टेशनों को तीसरी लाइन से जोड़ा भी जा चुका है ।

इस कार्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। इस कार्य को तीव्र गति से पूरा करने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर रेल मंडल के अंतर्गत बिलासपुर-पेंड्रा रोड सेक्शन में दोहरीकरण लाइन में विधुतीकरण का कार्य के लिए उसलापुर रेलवे स्टेशन पर द्वि-दिशात्मक फ्लाई ओवर लाइन कनेक्टिविटी का नॉन इंटर लोकिंग कार्य किया जाएगा। यह नान-इंटरलाकिंग का कार्य 01 से 04 फरवरी, 2023 तक (अर्थात 06 दिन) किया जाएगा । अभिनव तरीके से संपादित किए जाने वाले इस कार्य के सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें किसी भी यात्री ट्रेन को कैंसिल, रेगुलेशन, रिशिड्यूलिंग, शॉर्ट टर्मिनेटिंग, डाइवर्जिंग नही किया जा रहा है। इसके तहत नान-इंटरलाकिंग कार्य 06 दिन में किया जाएगा। बिलासपुर से अनूपपुर के बीच दोहरीकरण रेलवे लाइन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की एक बहुत महत्वपूर्ण लाइन है, जो मध्य भारत के इस क्षेत्र को उत्तर भारत से जोड़ने हेतु सेतु का कार्य करती है। बिलासपुर से कटनी और उससे भी आगे इस पूरे क्षेत्र की मध्य भारत और दिल्ली, मुंबई, मद्रास, कोलकत्ता, भोपाल, जबलपुर, कोटा, इलाहाबाद जैसे महत्वपूर्ण नगरों से जुड़ाव इसी लाइन के द्वारा होता है। तीसरी लाइन का कार्य पूरा होते ही भविष्य में गाड़ियों के परिचालन में गतिशीलता आने के साथ ही इस क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास के नए आयाम प्रशस्त होंगे ।

## वृंदावन धाम के व्यासपीठ के पं. अरूण कृष्ण शास्त्री के कथा लाभ श्रद्धालुओं को मिल रहा

# 10 दिवसीय संगीतमय शिवमहापुराण अमृत महोत्सव का आयोजन ग्राम सोढ़ार में किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com





10 दिवसीय संगीतमय शिवमहापुराण अमृत महोत्सव का आयोजन ग्राम सोढ़ार में जनपद उपाध्यक्ष पवन पाण्डेय परिवार द्वारा किया गया है जिसमें वृंदावन धाम के व्यासपीठ के पं. अरूण कृष्ण शास्त्री के कथा लाभ श्रद्धालुओं को मिल रहा है। शिवमहापुराण कथा में वृंदावन धाम से आये पं. अरूण कुमार शास्त्री ने बताया कि देवाधिदेव महादेव कल्याण के देवता है। शिव अनादि देव है सारी सृष्टि का आधार सिर्फशिव ही है। सारे संसार को योग और मोक्ष देने वाले स्वयं शिव है। सारी समृद्धि सुख एवं मनोकामनाओं को भगवान शंकर भक्तों को सहज ही पूर्ण करा देते है इसलिए कलियुग में शिव पूजन एवं शिव भक्ति सबसे श्रेष्ठ साधन है। पं. अरूण कुमार शास्त्री के द्वारा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से लेकर शाम 6 बजे से किया जा रहा है। महापुराण कथा में उन्होने शिवचरित्र महिमा मंडित करते हुए कहा कि भगवान शंकर भोले है भस्मासुर वरदान प्रसंग में भगवान विष्णु सुंदरी का रूप धारण कर भस्मासुर का अंत किये। हनुमानजी को भगवान शंकर का अवतार बताते हुए उन्होने कहा कि बचपन में ही भगवान सूर्य को निगल लेने प्रसंग पर भी उन्होने विस्तार से जानकारी दी। शिव महापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए कथावाचक ने कहा कि महापुराण में बताये मार्गो पर चलकर भक्तों को अवश्य ही अर्थ, धर्म, मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। शिवशंकर कल्याण के साथ महाकाल महादेव है सहारक महाशक्ति है। शिव धन के भी देवता है धन चाहने वालों को शिव आराधना करना चाहिये। वे बेलपत्र, आंक, धतूरा, जल चढ़ाने से भी प्रसन्न हो जाते है। भक्ति के अंदर जब कोई कामना नही रह जाती है तब उसको भगवान शिव की भक्ति प्राप्त होती है क्योंकि भगवान शिव वैराग्य को देने वाले है। ज्ञान होने के बाद भी वैराग्य मिल जाएगा यह निश्चित नही है। उन्होने आगे कहा कि भगवान श्रीराम शिव-शिव भजते शिवमय हो जाते है और भगवान शिव राम-राम भजते है। 15 जनवरी से आरंभ हुए शिवमहापुराण को श्रद्धालुओं को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

ग्राम सोढ़ार में आयोजित इस महापुराण में ग्राम सोढ़ार, हथनीकला, धरमपुरा, कुआगांव, दशरंगपुर, के साथ आस-पास गांव के श्रद्धालुओं के साथ मुंगेली, तखतपुर, बिलासपुर व अन्य कई स्थानों से श्रद्धालु ग्राम सोढ़ार आकर प्रवचन का लाभ ले रहे है।

# कलेक्टर ने किया स्ट्रांग रूम का त्रैमासिक निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट में स्थित स्ट्रांग रूम में रखे गए ईवीएम व वीवीपैट मशीनों का त्रैमासिक निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम व वीवीपैट मशीनों का बारीकी से अवलोकन किया, जिसमें सभी मशीन स्ट्रांग रूम में सुरक्षित पाए गए। साथ ही आवश्यक रख-रखाव संबंधी दिशा-निर्देश किए। निरीक्षण के पश्चात स्ट्रांग रूम को सील बंद किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नवीन भगत, निर्वाचन पर्यवेक्षक संतोष कुमार यादव, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर मोहन उपाध्याय एवं स्ट्रांग रूम प्रभारी जेरोम बड़ा उपस्थित थे।

# नेता प्रतिपक्ष के बेटे पर दुष्कर्म के आरोप पर भाजपा मौन क्यों : मरकाम

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव बताये कि आदिवासी बेटी के साथ दुष्कर्म के आरोपी और नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के बेटे को कहाँ छिपाकर रखे है? भाजपा आखिर बलात्कारियों को कब तक संरक्षण देते रहेगी? पूरा प्रदेश भाजपा के इस बलात्कारी प्रेम को देख रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा आदतन अपराधियों को बचाने वाली संगठन है। भाजपा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सिर्फ दिखावटी नारा है, असल में भाजपा बेटी बचाने और महिला सशक्तिकरण के नाम से की पोस्टरबाजी बयानबाजी और राजनीति करती है और जो वास्तविक में बेटियों के साथ खड़े होने की बारी आती है तब भाजपा के नेता अपराधियों के साथ खड़े हुए दिखते हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा की कार्यकारिणी की बैठक में दुष्कर्म पीड़ित आदिवासी बेटी के साथ ही दुष्कर्म की घटना की निंदा भी नहीं किया गया और ना ही इस दुष्कर्म के लिए जिम्मेदार नारायण चंदेल के बेटे की गिरफ्तारी की मांग की गई और ना ही नारायण चंदेल को नेता प्रतिपक्ष से हटाया गया। इससे समझ में आता है कि भारतीय जनता पार्टी वैचारिक द्ररिद्रता साथ गुजर रही है। अपराधियों के साथ खड़ा होना भारतीय जनता पार्टी का संस्कार है। कठुवा उन्नाव की घटना भी प्रदेश और देश ने देखा है, कैसे भाजपा के नेता अपने बलात्कारी नेता को बचाने के लिए सड़कों पर झंडा लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। भाजपा की गुजरात सरकार ने जेल में बंद सजायाफ्ता 11 बलात्कारियों को रिहा कर दिया और भाजपा से जुड़े नेता उन बलात्कारियों को हार फूल की माला पहना रहे थे, मिठाई खिला रहे थे, जैसे वह जंग जीत कर आए हैं। मुंगेली में भाजपा के नेता एक घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ करता है, भाजपा आखिर बेटियों के साथ हो रही घटनाओं पर क्यों चुप्पी साध लेती है प्रदेश की जनता जानना चाहती है? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि डॉ. रमन सिंह मुख्यमंत्री रहते हुए बलात्कार के आरोपी अपने ओएसडी ओपी गुप्ता के खिलाफ 4 साल तक नाबालिक एफआईआर दर्ज होने नहीं दिया था। झारखंड में भाजपा की सरकार के दौरान आदिवासी बेटी के साथ हुई गैंग रेप और पार्कसाइट के मामले में भाजपा के पूर्व विधायक ब्रह्मानंद को बचाने के लिए पूरी भाजपा लगी हुई थी और दंतेवाड़ा उपचुनाव के दौरान भी पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह और भाजपा के नेता उस बलात्कारी का जयकारा लगा रहे थे और उसके लिए वोट मांग रहे थे। और जब पुलिस गिरफ्तार करने आई तब भाजपा के कार्यकर्ता उस रेप के आरोपी को बचाने के लिए पुलिस के साथ संघर्ष कर रहे थे और अभी भाजपा के नेता अपने नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के बेटे रेप के आरोपी को बचाने के लिए पूरी ताकत लगा रही है।

## दिवालिया भूपेश सरकार कर्मचारियों की जमा पूंजी 17 हजार करोड़ रुपये पर गिद्ध दृष्टि क्यों गड़ाए हुए है: चौधरी

### 62 हजार करोड़ के कर्जदार पर कौन करेगा भरोसा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने राज्य सरकार पर कर्मचारियों को उलझाने की नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कैबिनेट के फैसले के बाद लागू ओल्ड पेंशन योजना पर वित्त विभाग के जारी निर्देश ने कर्मचारियों के सामने समाधान की जगह नई समस्या पैदा कर दी है। यह सरकार किसी मुद्दे को सुलझाने में नहीं, उलझाने में भरोसा रखती है।

ऐसा एक भी संवेदनशील मुद्दा नहीं है, जिसे इस सरकार की पैंतरेबाजी ने उलझाया न हो। इसी प्रकार ओल्ड पेंशन के नाम पर यह सरकार पेचीदगी खड़ी कर रही है। सरकार की नीयत में खोट है और कर्मचारी उस पर विश्वास करने की स्थिति में नहीं हैं। प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जो कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना का लाभ लेना चाहते हैं, उसके लिए उन्हें शपथ पत्र देना होगा और एक शपथ पत्र देने के बाद कर्मचारी इसमें किसी प्रकार का बदलाव नहीं कर सकते।

भूपेश सरकार ने आदेश जारी किया है कि पुरानी पेंशन योजना में भाग लेने के लिए कर्मचारियों को नवीन अंशदायी पेंशन योजना के खाते में जमा राशि, शासकीय अंशदान और आज दिनांक तक उस पर अर्जित लाभांश छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के कोष में जमा करना होगा। यह राशि लगभग 17 हजार करोड़ है। यह राशि कर्मचारियों को सन 2004 से 2022 के बीच तत्कालीन सरकार द्वारा कर्मचारियों को दी गयी है। यह कर्मचारियों की ही राशि है,जिस पर कांग्रेस सरकार अपनी गिद्ध दृष्टि डाली हुयी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार 4 साल में लगभग 62 हजार करोड़ रुपए का कर्ज ले चुकी है। कर्मचारी इस दिवालिया सरकार पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं कि अपनी जिंदगी भर की जमा पूंजी उसे कैसे सौंपें। सवाल यह है कि भूपेश बघेल राज्य के कर्मचारियों की जमा पूंजी 17 हजार करोड़ रुपये पर गिद्ध दृष्टि क्यों गड़ाए हैं।

## जूनियर डॉक्टर्स की हड़ताल समाप्त कराने में कांग्रेसी नेताओं की पहल काम आई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




पिछले 6 दिनों से जारी जूनियर डॉक्टरों ने अपनी हड़ताल कांग्रेस नेताओं की पहल पर वापस ले ली है। हड़ताल को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। दरअसल मंगलवार को जूनियर डॉक्टरों के एक प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से होनी है। इससे ठीक पहले हड़ताल पर बैठे जूनियर डॉक्टर को मनाने कांग्रेस नेता सुशील आनंद शुक्ला और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश गुप्ता अंबेडकर अस्पताल पहुंचे थे। प्रतिनिधियों से चर्चा के बाद हड़ताल स्थगित करने का फैसला लिया गया। रायपुर के अंबेडकर अस्पताल के बाहर जूनियर डॉक्टर्स हड़ताल पर बैठे थे। इनका समर्थन करने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ राकेश गुप्ता भी कर रहे है। उन्होंने जूनियर डॉक्टर्स के इस कदम को जायज बताया और कहा कि जल्द ही इनके संबंध में स्वास्थ्य विभाग को फैसला करना चाहिए। पिछले 6 दिनों से प्रदेश के 3000 जूनियर डॉक्टर सरकारी हॉस्पिटलों में ना तो ओपीडी में शामिल हो रहे थे और ना ही किसी तरह की इमरजेंसी में काम कर रहे थे। जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ प्रेम चौधरी ने बताया कि आस-पास के स्टेट एमपी, झारखंड से भी कम मानदेय प्रदेश के जूनियर डॉक्टर्स को मिलता है। दूसरे प्रदेशों में जहां 90 हजार रुपए तक का फंड है। वहीं छत्तीसगढ़ में 50-55 हजार रुपये ही मिलते हैं। किसी भी प्रदेश में 4 साल के बॉन्ड नहीं भरवाए जाते। केवल छत्तीसगढ़ में ही ऐसा हो रहा है। बीते 4 सालों में मानदेय नहीं बढ़ाया गया है। इस वजह से मजबूरन अब हड़ताल का कदम उठाना पड़ा। जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर्स (जुडो) के प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव, डीएमई और डीन के साथ मुलाकात की।

## दंगा फैलाने में भाजपा की मास्टरी इसलिए रासुका का विरोध : सीएम बघेल

### मुख्यमंत्री ने मतातंरण और सांप्रदायिकता के मुद्दे पर भाजपा पर साधा निशाना

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



सीएम बघेल ने भाजपा पर प्रदेश की शांति भंग करने और हिंसा भड़काने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। भोपाल रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री बघेल ने मीडिया से चर्चा के दौरान यह बात कही। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मतातंरण और सांप्रदायिकता के मुद्दे पर एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। सीएम बघेल ने कहा, भाजपा के पास सांप्रदायिकता, मतांतरण, हिंसा भड़काने के अलावा कुछ नहीं है। युवा मोर्चा की रैली में मारपीट। नारायणपुर में हुई घटना में भाजपा और आरएसएस के लोग जेल में बंद हैं।

ये लोग दंगा काम कर रहे हैं। इसी में इनकी मास्टरी है। इसी वजह से राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का हटाने की मांग कर रहे हैं।

## अभा कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता शोभा ओझा का दौरा कार्यक्रम



**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता शोभा ओझा इंडिगो के नियमित विमान सेवा द्वारा 25 जनवरी 2023 बुधवार को सुबह 8.35 बजे रायपुर पहुंचेंगी। सुबह 9 सर्किट हाउस आगमन एवं आरक्षित। सुबह 11.30 बजे राजीव भवन, रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करेगी। दोपहर 02.05 बजे इंडिगो के नियमित विमान सेवा द्वारा रायपुर से नई दिल्ली के रवाना होंगी।

## फ्लाई ऐश से एनटीपीसी बनाएगा टाइल्स, गिट्टी, बालू जैसे बिल्डिंग मटेरियल, प्राकृतिक संसाधनों का दोहन होगा कम

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com










छत्तीसगढ़ के बिलासपुर सीपत में स्थापित एनटीपीसी विद्युत केंद्र देश का चौथा सबसे बड़ा बिजली उत्पादन करने वाला प्लांट है। इस प्लांट से बिजली बनाने की प्रक्रिया में प्रचुर मात्रा में राखड़ निकलता है जिसका रखरखाव बहुत बड़ी समस्या है। इसी समस्या से बचने के लिए एनटीपीसी सीपत नए नए प्रयोग कर रहा है। राखड़ से ब्रिक्स (ईंटा) बनते तो सभी ने देखा है इसी कड़ी में अब एनटीपीसी राखड़ से ही कई प्रकार के बिल्डिंग मटेरियल का निर्माण करने जा रहा है जिसमे बालू , टाइल्स , गिट्टी का निर्माण भी शामिल है। एनटीपीसी ने रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के बिल्डर्स को आमंत्रित कर इसका प्रदर्शन किया है। एनटीपीसी सीपत के प्लांट प्रमुख घनश्याम प्रजापति ने कहा एंटीपीसी राखड़ को उपयोगी बनाने की प्रक्रिया में काम कर रहा है हम कई प्रकार के बिल्डिंग मटेरियल बनाने प्रयासरत है। बिलासपुर में टाइल्स, गिट्टी, ईंटा, बालू का निर्माण प्रारम्भ हुआ है जल्द ही रायपुर में भी प्रोडक्शन सुरु करेंगे। प्रजापति ने कहा कम्पनी द्वारा बनाये गए उत्पाद से न केवन राखड़ प्रबंधन में सहयोग मिलेगा बल्कि प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कम होगा।

कार्यक्रम को प्रायोजित करने वाले विनय कुमार तिवारी ने कहा हम अपने उत्पाद में बाजार की जरुरत के हिसाब से आगे परिवर्तन करते रहेंगे, और बेहतर क्वालिटी कैसे की जा सकती है, इसका फीड बैक लेकर उपयोगकर्ता की जरुरत के हिसाब से सतत सुधर भी करते रहेंगे। उत्पादों की तकनीकी जानकारी कंपनी के अधिकारी हर्षद पिताले और नागेश्वर राव ने बिल्डर्स के समक्ष प्रस्तुत की साथ ही बिल्डर्स की जिज्ञासाओं को भी दूर किया। कार्यक्रम में अथिति के रूप में कंपनी के महाप्रबंधक पियूष सक्सेना एवं राजीव शुक्ल मौजूद थे साथ ही क्रेडाई से सुनील तापड़िया उपस्थित रहे।










सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403